


खेल

यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित

हिंदी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





देश


हीटवेव से हुई मौतों पर भजनलाल के दो मंत्रियों में टकराव, किरोड़ी लाल के दावे...

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 02 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 172 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹72, 550 | ₹93,500 |

## आज का इतिहास

- 1869 : शेरवुड कॉलेज की स्थापना नैनीताल भारत में की गयी।
- 1947: लार्ड लुई माउंटबेटन ने भारत के विभाजन की घोषणा की।

## न्यूज बाइट्स

### सीएम केजरीवाल को आज तिहाड़ जेल में करना होगा सरेंडर

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट से तत्काल राहत नहीं मिली है। उन्हें आज सरेंडर करना ही पड़ेगा। कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर हुई सुनवाई में दोनों पक्षों के तर्क को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने इस पर फैसला 5 जून को सुनाने का निर्णय लिया है। ऐसे में केजरीवाल को कल सरेंडर करना ही पड़ेगा। कोर्ट में ईडी ने उनकी अंतरिम जमानत का विरोध किया। वहीं केजरीवाल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन ने कहा कि वह केवल सात दिनों की अंतरिम राहत की मांग कर रहे हैं, जिसमें उनके स्वास्थ्य की आवश्यक जांच की जानी है।

### गायघाट से कंगनघाट के बीच जेपी पथ पर परिचालन शुरू

**पटना (नि.सं.)।** जिस समय का पटना सिटी के हजारों लोगों को कई वर्षों से इंतजार था वो शुक्रवार को पूरा हो गया। गायघाट से कंगन घाट के बीच नवनिर्मित 3.5 किलोमीटर लंबा जेपी पथ वाहनों के परिचालन के लिए खोल दिया गया। देखते ही देखते तीसरे चरण के इस मरीन ड्राइव पर वाहन हवा से बातें करने लगे। कुछ मिनटों में ही लोगों ने आनंदित करने वाला यह रास्ता सुगमता पूर्वक पूरा किया।

### लालू के करीबी अशोक महतो की बीवी को एससी का झटका

**नई दिल्ली (ए.)।** मुंगेर लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता देवी को सुप्रीम कोर्ट से चुनाव में धांधली वाले मामले में कोई राहत नहीं मिली बल्कि झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने राजद उम्मीदवार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में अनिता ने जदयू कार्यकर्ताओं पर अधिकारियों से मिलीभगत करके 54 बूथों पर मतदान में धांधली और बूथ कैप्चरिंग करने का आरोप लगाया था। याचिका में निर्वाचन आयोग को सभी मतदान केंद्रों पर दोबारा वोटिंग कराने का आदेश देने की मांग की थी।

### मोदी ने जताया मतदाताओं का आभार

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों के शनिवार को सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान के बाद देश के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री मोदी ने कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक में 45 घंटे की ध्यान साधना के बाद राजधानी लौटने के बाद एक्स पर संदेश में कहा कि भारत ने मतदान किया। अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले सभी लोगों को हार्दिक धन्यवाद। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश में लोकतांत्रिक भावना पनपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की भी विशेष सराहना करना चाहूंगी।

# सातवां चरण : छह बजे तक 59 प्रतिशत हुई मतदान

- बंगाल और झारखंड में सबसे ज्यादा मतदान, बिहार में सबसे कम मतदान

एजेंसी | नयी दिल्ली

लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। कुछ स्थानों पर स्थानीय आवश्यकता के अनुसार मतदान बंद होने के समय में परिवर्तन किया गया। निर्वाचन आयोग ने अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद को संपन्न बनाने में सहयोग के लिये मतदाताओं, राजनीतिक दलों, मतदान मशीनरी और इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध करायी सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान की गति के मामले में आगे रहा और वहां सर्वाधिनिक 69.89 प्रतिशत वोट डाले गये। बिहार में मत प्रतिशत 49.35 रहा।

पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62.76 प्रतिशत वोट डाले गये। लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे, बहुजन समाज पार्टी ने 56 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे जबकि भाजपा 51 तथा कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

वर्ष 2019 के चुनावों में इन सीटों पर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 39.03 मत प्रतिशत के साथ 30 सीटें, विपक्षी गठबंधन को 37.52 प्रतिशत के साथ 19 सीटें मिली थीं। आठ सीटें अन्य दलों के खातें में गयी थीं। लोकसभा की 543 सीटों पर सात चरणों में हुये मतदान की प्रक्रिया आज संपन्न हो गयी। मतगणना चार जून को होगी।


शनिवार को जिन प्रमुख सीटों पर मतदान कराया गया, उनमें उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट भी है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला कांग्रेस के अजय रॉय के बीच है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अकाली दल के नेता हरसिमरत कौर बादल (बठिंडा) और बैजयंत पांडा (भाजपा) केन्द्रपाड़ा, ओडिशा, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी (डायमंड हार्बर), भाजपा के रविशंकर प्रसाद (पटना साहिब) और अभिनेत्री कंगना रानौत ,(मंडी हिमाचल प्रदेश) के भाग्य का फैसला आज के मतदान से होने जा रहा है। सभी सीटों के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक चलेगा। देश के विभिन्न अंचलों में तेज गर्मी और लू के बावजूद कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। आयोग ने तेज गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिये मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया की सुविधायें करायी हैं। पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों के बाहर छिटपुट हिंसा और मतदान एजेंटों को भगाने के प्रयासों की रिपोर्टें सामने आयी हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के खराब होने से मतदान करीब डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुआ। मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में पांच बूथों में मतदाताओं को उस समय परेशानी झेलनी पड़ी, जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खराब हो गयी। पंजाब के जालंधर के गांव मंसूरपूर मंडाला के पोलिंग बूध पर खूनी झड़प में आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियारों से हमला कर एक पोलिंग एजेंट तजिंदर सिंह को घायल कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोलिंग बूथ पर आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियार से हमला कर तजिंदर सिंह को घायल कर दिया है।

## बिहार में अंतिम चरण का मतदान खत्म, आठ सीटों पर 50.56 प्रतिशत हुई मतदान

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण का मतदान शनिवार को समाप्त हो गया। सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, नालंदा, जहानाबाद, सासाराम और काराकाट में कुल 50.56 प्रतिशत मतदान हुआ। यह 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 0.69 फीसदी कम रहा। इस बार सबसे अधिक वोटिंग पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर 56.91 फीसदी हुई। वहीं सबसे कम 45 फीसदी लोगों ने पटना साहिब में अपने मताधिकारों का प्रयोग किया। सातवें चरण में शाम छह बजे तक नालंदा में 46.50 प्रतिशत, पटना साहिब में 45 फीसदी, पटलीपुत्र में 56.91 प्रतिशत, आरा में 48.50 फीसदी, बक्सर में 53.70 प्रतिशत, सासाराम में 51 फीसदी, काराकाट में 53.44 प्रतिशत और जहानाबाद में 51.20 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।





वहीं, आरा के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव में 46 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। इन आठ लोकसभा सीटों पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, मीसा भारती, पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित, कौशलेंद्र कुमार, सुदामा प्रसाद, डॉ संदीप सौरव, चंदेश्वर चंद्रवंशी समेत 134 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद हो गई। जिनमें से 12 प्रत्याशी महिलाएं हैं।

## स्थानीय स्तर पर खरीदी दवाओं का ब्योरा पोर्टल पर करना होगा दर्ज

निज संवाददाता | पटना

सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को स्थानीय स्तर पर खरीदी गई दवाओं को भी ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम (डीवीडीएमएस) पोर्टल पर अपडेट करना होगा। इससे मांग, आपूर्ति और वितरण को पारदर्शी बनाया जा सकेगा। इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति ने सभी सिविल सर्जन को पत्र भेजकर निर्देश जारी किया है। अभी स्वास्थ्य संस्थानों को बीएमएसआईसीएल द्वारा 151 किस्म की दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती हैं। इसके अलावा जिला स्वास्थ्य समिति या स्वास्थ्य संस्थान अपने स्तर से भी स्थानीय स्तर पर बाजार से खरीदते हैं। डीवीडीएमएस पोर्टल के माध्यम से दवाओं की अधिप्राप्ति, आपूर्ति एवं वितरण होने से कई लाभ होते हैं। इससे भविष्य के खपत का आकलन करने,



प्रशासनिक स्तर पर प्रबंधन एवं निगरानी समेत कई लाभ होते हैं। सरकारी अस्पतालों के प्रभारी फार्मासिस्ट या भंडारपाल के माध्यम से सुनिश्चित कराएंगे वहीं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर यह काम सीएचओ या एएनएम करेंगी। स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की सूची के अनुसार, दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को लिखी गई दवा वितरण की शत प्रतिशत व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है। दवाओं की मांग एवं वितरण की व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए भी यह कदम जरूरी माना गया है।

## तीन हजार बसावटों को संपर्क पथों से जोड़ा जाएगा

निज संवाददाता | पटना

सूबे के तीन हजार बसावटों को संपर्क पथों से जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। ग्रामीण कार्य विभाग अब इसकी तैयारी में जुट गया है। इस वित्तीय वर्ष में इस योजना को पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। योजना पर काम भी शुरू हो गया है। सैटेलाइट ने इन बसावटों की पहचान की है। पिछले दिनों जीआईएस आधारित सर्वेक्षण में 100 या उससे अधिक आबादी वाले अनजुड़े बसावटों और टोलों की संख्या 7209 पायी गयी थी। ये सारे बसावट सड़क संपर्कता से दूर हैं। इनके आसपास के टोलों तक सड़कें पहुंच चुकी हैं। यहां के लिए कोई योजना भी पहले से तैयार नहीं थी। ऐसे में इन बसावटों-टोलों के लिए कोई पहल नहीं हो पा रही थी। विभाग ने इन्ही बसावटों को तीन चरणों में संपर्क पथों से जोड़ने की योजना बनायी थी। इसी क्रम में पहले चरण में तीन हजार बसावटों को सड़क से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इसके लिए 3014 किमी सड़क का निर्माण किया जाना है। इस योजना पर 3288 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत किया जा रहा है। इस योजना के लिए केन्द्र सरकार की ओर से 1900 करोड़ की सहायता दी जाएगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार अपने खजाने से खर्च करेगी। सूबे के 92 फीसदी बसावटों तक सड़क पहुंच चुकी है। शेष के लिए काम चल रहा है। दरअसल, अनजुड़े गांव, बसावटों, टोलों को एकल संपर्कता प्रदान करने के लिए पीएमजीएसवाई कोर नेटवर्क, राज्य कोर नेटवर्क एवं ग्रामीण टोला कोर नेटवर्क द्वारा चिह्नित 129290 बसावटों को संपर्कता प्रदान करना था।



### कैबिनेट ने दी है योजना को मंजूरी

पिछले दिनों राज्य मंत्रिपरिषद ने 3014 किलोमीटर नई सड़क निर्माण को हरी झंडी दी थी। पहले चरण में इन सड़कों का निर्माण होगा। उधर, 1130 किमी सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। जबकि, पुल-पुलियों समेत 2014 ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति दी जा चुकी है। इन सड़कों के लिए 1883 किमी लंबी सड़क बनेगी। निर्माण कार्य विभिन्न स्तरों पर संचालित है।

## एक जून से साढ़े 72 रुपये कम हुआ व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत

निज संवाददाता | पटना

व्यावसायिक गैस सिलेंडर(19 किलोग्राम) की कीमत में शनिवार 1 जून से साढ़े 72 रुपये की कमी की गई है। तेल कंपनियों द्वारा जारी नई कीमतें शनिवार सुबह छह बजे से लागू कर दी गई है। पटना में व्यावसायिक गैस सिलेंडर की नई कीमत 1947 रुपये हो गई है। इसके पहले व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत 2019.50 रुपये थी। मार्च के बाद से व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार कम हो रही है।

मार्च 2024 में व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत 2071 रुपये थी। इसके बाद गैस सिलेंडर की कीमत में साढ़े 52 रुपये की कमी की गई थी। मई 2024 में व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 2019.50 रुपये हो गई। 19 किलोग्राम के व्यावसायिक



गैस सिलेंडर की कीमतें कम होने से होटलों, रेस्टोरेंटों, रोड साइड वेंडरों आदि के अलावा गैस वेल्डिंग से लेकर अन्य छोटे-मोटे व्यावसायिक काम करने वाले उद्यमियों को फायदा मिलेगा। मार्च 2024 के बाद 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। घरेलू गैस सिलेंडर की मौजूदा कीमत 901 रुपये है। 9 मार्च के पहले इसकी कीमत 1001 रुपये थी।

## जीआई टैग से दुनिया में 10 गुना बढ़ी मखाना की मांग, छह माह में कीमत दोगुनी

निज संवाददाता | पटना

मिथिला के प्रमुख उत्पाद मखाना की कीमत छह महीने में बढ़कर दोगुनी हो गयी है। मिथिला मखाना के नाम से जीआई टैग मिलने के बाद देश-विदेश में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। मांग के अनुरूप उपलब्धता नहीं होने के कारण कीमत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। स्थानीय बाजारों में छह महीने पहले तक छह सौ रुपये किलो मिलने वाला मखाना अभी 1200 रुपये किलो की दर से बिक रहा है। बता दें कि 20 अगस्त 2022 को मखाना को मिथिला मखाना के नाम से जीआई टैग मिला था। उसके बाद से इसकी बिक्री में तेजी आने लगी थी। लेकिन पिछले छह महीने में मखाना



की कीमत दोगुनी हो जाने से स्थानीय लोग भी अचंभित हैं।

इस संबंध में एमबीए मखाना वाला के नाम से स्टार्टअप चला रहे दरभंगा शहर के भगवान दास मोहल्ले के ई. श्रवण रॉय ने कहा कि जीआई टैग मिलने के बाद देश-विदेश में मखाना की मांग तेजी से बढ़ रही है। इन दिनों खासकर फ्लेवर्ड मखाना उद्योग में इसकी खपत बढ़ गयी है। ई. श्रवण ने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के कई बड़े व्यवसायी बिहार से बड़ी मात्रा में मखाना खरीद रहे हैं। वे वहां इसे विभिन्न फ्लेवर वाले पैक बनाकर देश-विदेश में भेजते हैं। ऐसे व्यापारियों की ओर से अचानक मांग बढ़ाये जाने और उस अनुपात में उपलब्धता नहीं होने से मखाना की कीमत तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मखाना की कीमत गुणवत्ता के आधार पर तय होती है। सामान्य मखाना की कीमत पिछले छह महीने में 600 से बढ़कर 1200 रुपये किलो हो गयी है। थोक में यह 1150 रुपये किलो बिक रहा है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस जैसे देशों में मखाना की मांग काफी बढ़ी है। यूरोपियन देशों में लोग इसे सुपर फूड के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

## शहर में चार घंटे तो गांवों में सवा छह घंटे गुल हो रही बिजली

निज संवाददाता | पटना

बिहार के शहरी इलाकों में हर रोज औसतन चार घंटे तो ग्रामीण इलाकों में सवा छह घंटे बिजली गुल हो रही है। यह राष्ट्रीय औसत से अधिक है। देश में सबसे अधिक उत्तरप्रदेश के शहरी व ग्रामीण इलाकों में बिजली गुल हो रही है। सबसे कम देश की राजधानी दिल्ली में बिजली गुल होती है। केंद्र सरकार की अद्यतन रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार देश में बिजली गुल होने का राष्ट्रीय औसत शहरी इलाकों का दो घंटे तो ग्रामीण इलाकों का चार घंटे है। बिहार में राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक शहरी इलाकों में चार घंटे तो ग्रामीण इलाकों में सवा छह घंटे बिजली गुल हो रही है। देश में सबसे अधिक उत्तरप्रदेश में



बिजली गुल हो रही है। उत्तरप्रदेश के शहरी इलाकों में चार घंटे तो ग्रामीण इलाकों में आठ घंटे बिजली गुल हो रही है। दूसरे पायदान पर झारखंड है। झारखंड के शहरी इलाकों में पांच घंटे तो ग्रामीण इलाकों में पौने आठ घंटे बिजली गुल हो रही है। तीसरे पायदान पर हरियाणा है, जहां शहरी इलाकों में ढाई घंटे तो ग्रामीण इलाकों में सात घंटे बिजली गुल हो रही है। असम के शहरी इलाकों में चार घंटे तो ग्रामीण इलाकों में साढ़े छह घंटे बिजली गुल हो रही है।

राष्ट्रीय औसत से कम बिजली गुल होने वाले कई राज्य हैं। सबसे कम दिल्ली में बिजली गुल होती है। दिल्ली के शहरी इलाकों में आधे घंटे भी बिजली गुल नहीं हो रही है। वहीं केरल, गुजरात, तामिलनाडू, पंजाब, तेलंगाना में एक घंटे से कम बिजली गुल हो रही है। जबकि आंध्रप्रदेश, हिमाचलप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में राष्ट्रीय औसत से कम बिजली गुल हो रही है।

### 33केवी के आधार पर हुआ है मूल्यांकन

बिजली गुल होने का मूल्यांकन 33केवी के ग्रिड के आधार पर हुआ है। इस कारण बिजली गुल होने का औसत सभी राज्यों में कम है। अगर 11 केवी या फीडर के स्तर पर बिजली गुल होने की रिपोर्ट तैयार हो तो वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलेगी। अगर ट्रांसफॉर्मर के स्तर पर बिजली गुल होने की रिपोर्ट तैयार हो तो वास्तविक तस्वीर कुछ और ही होगी। सच्चाई है कि ग्रिड चालू होते हैं लेकिन फीडर से बिजली आपूर्ति बंद रहती है। फीडर चालू रहने पर ट्रांसफॉर्मर से बिजली गुल रहती है। जिलों से मिल रही खबर के अनुसार राज्य के शहरी इलाकों में चार से छह घंटे तो ग्रामीण इलाकों में आठ से दस घंटे बिजली गुल हो रही है। भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौनी से लोग परेशान हैं।

### प्रधानमंत्री ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन के लक्ष्य है रखा

## अब पूर्वी भारत में भी हरित ऊर्जा से होगा इस्पात का उत्पादन

- वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी दिखाता है।

निज संवाददाता | पटना

जलवायु परिवर्तन के असर से हम सब वाकिफ हैं। गर्मी के मौसम में तापमान हर रोज एक नया रिकार्ड स्थापित कर रहा है। प्राकृतिक आपदाओं की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। वैज्ञानिक इसके लिए जलवायु परिवर्तन को ही कारक मान रहे हैं और जलवायु परिवर्तन कार्बन डाई ऑक्साइड के अत्यधिक उत्सर्जन तथा हरित क्षेत्र की हर



रोज होती कमी है। इससे निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन डाई ऑक्साइड का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में देश की दो कंपनियों ने पूर्वी भारत में इस्पात उत्पादन के लिए ग्रीन इनर्जी या हरित ऊर्जा का 100 प्रतिशत सहायता लेने का निर्णय लिया है।

सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड ने टाटा पावर रिन्यूएबल्स के साथ एक रणनीतिक साझेदारी के तहत जमुरिया, पश्चिम बंगाल में पांच मेगावाट क्षमता का प्लांट स्थापित किया है। इससे कार्बन उत्सर्जन में 1,20,110 टन तक की कमी आने का अनुमान है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2070 तक प्रधानमंत्री के शून्य कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन के लक्ष्य रखा है। ऐसे में यह कदम इस लक्ष्य की प्राप्ती में महत्वपूर्ण कदम है। दूसरी कंपनियों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी और वो पारंपरिक ऊर्जा की जगह हरित ऊर्जा के सहयोग से विभिन्न चीजों का उत्पादन करेंगे।

सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड के अध्यक्ष और संस्थापक सीताराम अग्रवाल का कहना है कि यह प्रोजेक्ट स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी के समर्पण को दिखाता है। वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50% नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता भी दिखाता है। आगे उन्होंने कहा कि सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड में हम ऐसी तकनीकों पर शोध करने के लिए काम करते हैं जो कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में हमारी मदद कर सकती हैं। हमने कई तरह के ऊ र्जा संरक्षण उपायों को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिसमें प्रोसेस री-इंजीनियरिंग, क्षमता उपयोग में वृद्धि, उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन का उपयोग, रोलिंग मिलों में हीट रिकवरी पहल और पारंपरिक लाइटिंग की जगह एलईडी लाइट लगाना आदि शामिल हैं।

वहीं सुपर स्मेल्टर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिलीप अग्रवाल ने कहा कि टाटा पावर रिन्यूएबल्स के साथ यह साझेदारी इस्पात उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नवीकरणीय ऊ र्जा का उपयोग करके, हम अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए एक निर्णायक कदम उठा रहे हैं और स्टील उद्योग में पर्यावरणीय जिम्मेदारी में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त

श्री राज नर्सिंग एंड पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट

मीठापुर बस स्टैंड रोड, जक्कनपुर पुलिस थाना के पास, पटना

Paramedical Course

» BPT » BOT

» BMLT » BHM

Students Credit Card Facility Available

Nursing Courses

» B.Sc. Nursing

» GNM

» ANM

Registration for Session 2024




प्रशिक्षण हेतु संस्थान का अपना आधुनिक अस्पताल

Ph. 0612-2360081, 9155558888, 9162413233

E-mail: srthospital@gmail.com, Web : www.biharparamedical.org

## संक्षिप्त समाचार

### लूटी गई बाइक व मोबाइल दो घंटे में बरामद

**फतेहपुर**। फतेहपुर थाना क्षेत्र के गिंजोई मोड़ के पास से एक युवक से अपराधियों द्वारा लूटी गई बाइक और मोबाइल को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घंटे में बरामद कर लिया। पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी में जुटी है। बताया गया है कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के डुमरीचट्टी निवासी कपिल मांझी का पुत्र संजय कुमार शुक्रवार को बाइक से बोधगया थाना क्षेत्र के जानीबीघा परिजन के पास जा रहा था। वह फतेहपुर-करियादपुर मुख्य में गिंजोई मोड़ के पास पहुंचा की पहले से घात लगाए अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर संजय से उसका बाइक, मोबाइल और रुपये लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से भाग गया। इधर, घटना की जानकारी फतेहपुर पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल कार्रवाई में जुट गए। पुलिस की कार्रवाई से डर अपराधियों ने अकलबीघा गांव के पास लूटी गई बाइक और मोबाइल को छोड़कर भाग गया, जहां से पुलिस उसे बरामद कर लिया।

### वाहन के धक्के से वृद्ध महिला की मौत, हंगामा

**टिकारी**। पंचानपुर गया मुख्य पथ स्थित नेपा ग्राम के समीप चार पहिया वाहन के धक्के से वृद्ध महिला व एक मवेशी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। धक्का मार भाग रहे वाहन को पंचानपुर पुलिस द्वारा वाहन जब्त कर लिया गया। जानकारी हो कि नेपा ग्राम के समीप सड़क किनारे खड़ी एक वृद्ध महिला को गया की ओर से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने धक्का मार दी। महिला की मौत मौके पर ही हो गई। वाहन द्वारा एक मवेशी को भी चपेट में ले लिया गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वाहन के धक्के से महिला व मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई जिस कारण सड़क जाम हो गया। जाम की सूचना पर मौके पर पंचानपुर एसएचओ कन्हैया कुमार दल बल के साथ पहुंचे व ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम हटाने का प्रयास कर रहे थे। मृतक महिला की पहचान नेपा ग्राम निवासी संजय यादव की 45 वर्षीय पत्नी मालती देवी के रूप में हुई। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम लगी थी।

### श्रीमद् भागवन ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**गया**। शहर के डेल्हा स्थित महावीर कॉलनी में 31 मई से 06 जून तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह वार्षिकोत्सव महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कक्षा का वाचन किया जा रहा है। मौके पर काफी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित हुए।

### श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने से युवक जख्मी

**सिलाव**। नालंदा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान सुरजपुर निवासी निरजय सिंह के 18 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में की गयी है। चंदन अपनी को दिल्ली जाने के लिए श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए नालंदा रेलवे स्टेशन पर आया था। भाभी को कोच के अंदर सीट पर जैसे ही बैठाया कि ट्रेन अचानक खुल गयी। युवक चलती ट्रेन से उतरने के लिये कूद गया और प्लेटफार्म के नीचे जा गिरा।

### धूमधाम से हुआ समर कैंप का समापन समारोह



**गया**। शहर के एटी गेट स्थित इंडियन सेंट्रल स्कूल में धूमधाम से समर कैंप का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। साथ फैशन प्रतियोगिता, नृत्य, गीत व काव्य पाठन समेत बच्चों ने योग का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने गर्मी से बचने के लिए बच्चों को टोपी प्रदान कर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र, पुरस्कार व टॉफी का वितरण किया गया। स्कूल की डांस टीचर स्नेहा मैम के द्वारा कत्थक नृत्य और प्रियांशी व रूपाणी ने राधा-कृष्ण नृत्य की प्रस्तुति की। जिसकी सभी लोगों ने सराहना की।

### बूथों पर पहुंची ईवीएम, हरदेव भवन में बना कंट्रोल रूम



**बिहारशरीफ**। हरदेव भवन में बना कंट्रोल रूम पूरी तरह से काम करने लगा है। सूचनाओं का आदान प्रदान भी हो रहा है। सभी बूथों पर ईवीएम पहुंचने की सूचना कंट्रोल रूम के माध्यम से दी गयी। डीडीसी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि नियंत्रण कक्ष में मिलने वाली सूचनाओं और शिकायतों का त्वरित निष्पादन के लिए अलग-अलग पालियों में पदाधिकारी व कर्मी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष द्वारा मतदान केन्द्र से संबंधित जानकारियां प्राप्त की गयी।

### निगम में सुविधाओं से लैस बना आदर्श बूथ



**बिहारशरीफ**। लोक सभा चुनाव को लेकर जिले के कई बूथ को आदर्श बूथ बनाया जा रहा है। जहां मतदाताओं के लिए सभी प्रकार की सुविधा होगी। नगर निगम द्वारा भी कार्यालय परिसर में आदर्श बूथ तैयार किया गया है। गर्मी को देखते हुए पूरी व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क, प्याऊ केन्द्र, शौचालय के साथ-साथ गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडा पेय पदार्थ की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही नए वोटरों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष तैयारी की गई है। नए मतदाताओं को पौधा देकर सम्मानित किया जाएगा। यहां छह अलग-अलग कमरों में बूथ बनाया गया है। यहां करीब 6 हजार से अधिक मतदाता वोट देंगे। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए पूरे परिसर को वेटिंग हॉल बनाया गया है। एक बार कम से कम 2-3 सौ लोग बैठ सकते हैं। नगर आयुक्त शेखर आनंद ने बताया कि गर्मी को लेकर विशेष तैयारी की गई है। वेटिंग एरिया में करीब 20-25 पंखा लगाया गया है। साथ ही जगह-जगह पर कूलर की भी व्यवस्था की गई है। सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2 हजार लीटर क्षमता का चलंत मॉड्यूलर शौचालय भी स्थापित किया गया है। जिसमें महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग यूरिनल और शौचालय है। मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

# कई जगहों पर हुई वोटिंग तो कहीं पर लोगों ने किया बहिष्कार

निज संवाददाता। नालंदा



## चुनावी मैदान में हैं 29 कैंडिडेट

नालंदा लोकसभा क्षेत्र में दोपहर 3 बजे तक 38.49% वोटिंग हुई है। नालंदा विधानसभा क्षेत्र के दाऊदपुर गांव में 104 नंबर बूथ पर सिर्फ 2 वोट ही पोल हो सका है। यहां कुल 1,247 वोट है। यहां के लोगों ने रोड नहीं रहने के कारण वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। वहीं, राणा विगहा गांव में बूथ संख्या 162 पर फिर से वोटिंग शुरू हो गई है। यहां करीब ढ़ाई घंटे तक ईवीएम मशीन खराब रही थी। हालांकि, इसके बाद इसे ठीक कर लिया गया है।

**पुल की मांग को लेकर वोट बहिष्कारः** बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शेरपुर में बूथ संख्या 99 पर 1130 वोट है। सुबह से अब तक 1 वोट ही पोल हो सका है। ग्रामीणों ने पुल की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। कई बूथों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र को सजाया गया है। यहां कुल 29 कैंडिडेट मैदान में हैं, हालांकि मुख्य मुकाबला जदयू के कौशलेंद्र कुमार और भाकपा-माले के संदीप सौरभ के बीच है। नालंदा लोकसभा में आज 2365 मतदान केंद्रों पर कुल 22 लाख 88 हजार 240 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 11 लाख 96 हजार 965 पुरुष मतदाता जबकि 10 लाख 91 हजार 206 महिला मतदाता हैं। वहीं, 69 थर्ड जेंडर वोटर भी इस बार मतदान में भाग लेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी की ओर से निष्पक्ष, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

# आज से खुलेगा नेचर, वन्यप्राणी स्थल और रोपवे

## मतदान को लेकर लिया गया फैसला

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में सातवें चरण यानी 1 जून को आज मतदान है। बाहर से राजगीर आने वाले सैलानियों के लिए आवश्यक जानकारी है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए शनिवार को राजगीर का नेचर सफारी, वन्यप्राणी सफारी(जू सफारी), केबिन रोपवे और घोड़ा-कटोरा झील में बोटिंग बंद रहेगा। लोकसभा चुनाव को लेकर यह छुट्टी घोषित की गई है। जू सफारी के निदेशक हेमंत पाटिल और DFO राजकुमार द्वारा निर्गत संयुक्त आदेश में कहा गया है कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के 7वें चरण के तहत 29-नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 1 जून शनिवार को निर्धारित है। इसके कारण प्रशासनिक दृष्टिकोण से राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का संचालन पर्यटकों के लिए बंद रखा गया है। रोपवे मैनेजर दीपक कुमार ने बताया कि इसी प्रकार मतदान के कारण 1 जून शनिवार को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रोपवे, राजगीर और घोड़ा कटोरा पैडल बोट का संचालन पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। रविवार को फिर से पहले की तरह वन्यप्राणी सफारी, नेचर सफारी, रोपवे और घोड़ा कटोरा पैडल बोट का गेट पर्यटकों के लिए खोले जाएंगे।

# छोटे व्यवसाय-बिजनेस के सहयोग के लिए तैयार डाक घर

निज संवाददाता। नालंदा




♦ अबकी बार करें ग्लोबल व्यापार, डाक अधीक्षक बोले-50 व्यापारियों को निर्यात केंद्र से जोड़ना लक्ष्य

छोटे और बड़े दोनों तरह के उद्यमियों के लिए बहुत अच्छी खबर है। अब वे घर बैठे ही अपने प्रोडक्ट को कहीं भी भेज सकते हैं। यानी अब लोग अपने काम को ग्लोबल स्तर तक ले जा सकते हैं। दरअसल, बिहारशरीफ प्रधान डाकघर में डाक निर्यात केंद्र खोला गया है। डाक विभाग आम लोगों से दिन-प्रतिदिन और भी अधिक जुड़ता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण है कि डाकघर में समय के साथ कई महत्वपूर्ण बदलाव भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डाक विभाग अब छोटे व्यवसाय और उद्यम को नया आयाम देने की शुरुआत कर चुका है। डाक विभाग से जुड़कर लोग अब अपना व्यवसाय भी कर सकते हैं और विदेशों में अपने व्यापार को बढ़ा भी सकते हैं। बिहार में भी इसकी शुरुआत कई जगहों पर हो चुकी है। इस योजना से छोटे स्तर पर व्यवसाय करने वाले और स्टार्टअप करने वाले उद्यमियों को काफी लाभ पहुंच सकता है। डाक निर्यात केंद्र के माध्यम से वे विश्व के तमाम देशों में अपने प्रोडक्ट को निर्यात कर सकते हैं। नालंदा डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि आंकड़ों की माने तो पूजा पाठ के सामान, पाउडर, कॉस्मैटिक्स आइटम, पेंटिंग, खिलौना, स्पोर्ट्स गुड्स, चाय, कॉफी और सिलाव का विश्व प्रसिद्ध खाजा जैसे सामान का डाक निर्यात केंद्र से विदेशों में निर्यात शुरू हो चुका है। नालंदा मंडल का लक्ष्य जिले के 50 व्यापारियों को निर्यात केंद्र से जोड़ना और उन्हें फायदा पहुंचाना है ताकि उनका व्यापार ग्लोबल हो सके। साथ ही कुमार ने 1 जून को सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है।

## क्रिकेट खेलने के दौरान हुआ था विवाद

# बच्चों की लड़ाई में बड़े भिड़े, गोली लगने से महिला की हुई मौत, आरोपी फरार

निज संवाददाता। गया



गया के परैया थाना क्षेत्र के कमलदह में छोटे लड़के की लड़ाई में बड़े कूद पड़े। दोनों पक्षों के बीच रोड़ेबाजी हुई और गोलीबारी भी। इस गोलीबारी में एक महिला की जान चली गई। गोली मारने वाला शख्श घर में ताला लगा कर परिवार सहित फरार हो गया है। विवाद क्रिकेट खेलने को लेकर बच्चों के बीच हुआ था। जानकारी के अनुसार दिन में बच्चों के बीच हुई लड़ाई शाम के वक्त खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। शाम के वक्त बच्चों के अभिभावक भी आपस में भीड़ गए। लड़ाई बढ़ती गई और दोनों तरफ से ईंट-पत्थर और गोली चलने लगी। घटना में सनोज पासवान उर्फ कारा ने नशे में देसी कट्टा से गोली चला दी। गोली एक महिला के सीने में लग गई। उसे आनन-फानन में अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। रास्ते से ही शव लेकर मृतका के परिजन वापस घर लौट गए। मृतका की पहचान बेबी देवी(40) के रूप में हुई है। खास बात यह भी की बेबी के पति अरविंद पासवान की हत्या 12 साल पहले सिमरिया में हुई थी। मृतका के चार बच्चे हैं, जिसमें 3 बेटी और 1 बेटा है। ग्रामीण के अनुसार हत्या आरोपी सनोज पासवान रिश्ते में मृतका का ससुर लगता था। जिसने महिला को गोली मारी और उसके बाद अपने परिजनों के साथ घर में ताला लगाकर फरार हो गया है। घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई है। घटना की सूचना के बाद रात को ही टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल ने घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गोली मार कर एक महिला की हत्या हुई है। जिसको लेकर मृतका की घायल गोतनी शांति देवी द्वारा आवेदन दिया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में कारा पासवान, उसकी पत्नी और भाभी को नामजद आरोपी बनाया गया है।

# मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बिजली-पानी की किल्लत, GNM की स्टूडेंट्स की बिगड़ने लगी तबीयत

## कई बेहोश खाकर गिरीं, हरकत में आया प्रबंधन

निज संवाददाता। गया



मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के GNM के सीनियर और जूनियर स्टूडेंट्स इस भीषण गर्मी में पानी और बिजली की किल्लत से बेहाल हैं। आलम यह है कि उन्हें न तो पानी न ही बिजली दैनिक काम काज के लिए भी नहीं मिल रहे है। हालांकि, छात्राओं ने इसके विरोध में बीती रात प्रदर्शन भी किया था। लेकिन उनकी अब तक नहीं सुनी गई है। अब तो इस समस्या की वजह से तबीयत भी खराब होने लगी है। शुक्रवार की शाम अचानक से करीब आधा दर्जन छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। वे कुछ देर के लिए बेहोश हो गईं। हालांकि वे अस्पताल परिसर में ही थीं। इस वजह से इलाज के लिए अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। हालांकि, छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से उनकी समस्याओं का समाधान किए जाने आश्वासन दिया गया है। स्वेता रानी और विभा ने बताया कि यह समस्या हम हॉस्टल की छात्राओं को झेलनी पड़ रही है। बताया कि पानी बिजली के अलावा यहां लिफ्ट भी काम नहीं कर रहा है। इस भीषण गर्मी के बीच आठवीं मंजिल पर रहने वाली छात्राओं को सीढ़ियों के सहारे चढ़ना असम्भव है। इस बात को समझने को कोई तैयार नहीं है। स्थित गंभीर होते जा रही है। स्टूडेंट्स समस्या का समाधान नहीं होने तक हम स्टूडेंट्स को छुट्टी भी नहीं दी जा रही है। कहा जा रहा है कि हीटवेब का अलर्ट है। ऐसे मैन पावर की जरूरत पड़ती है। छुट्टी नहीं दी जा सकती। इधर, हॉस्पिटल सुपरिनटैंडैंट विनोद सिंह का कहना है कि हॉस्टल की लड़कियों की समस्या का समाधान तेजी से किए जाने का आदेश दिया गया है। पानी का टैंकर मंगवाया जा रहा है। लिफ्ट की समस्या भी दूर की जा रही है। इसके अलावा नई बोरिंग कराई जाएगी और फिलहाल एक जनरेटर की भी तत्काल व्यवस्था की जा रही है।

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

निज संवाददाता। गया



गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव में रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में मुकेश कुमार सिंह बुरी तरह से घायल हो गए। सिर पर चोट लगी है। संबंधित मामले में पीड़ित पक्ष ने मुफस्सिल थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश सिंह बीती देर शाम अपने खेत से लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले ही गांव के लोगों ने घेर लिया। मुकेश का आरोप है कि मारपीट करने वाले लोग उसकी निजी जमीन से रास्ते की मांग कर रहे थे। मना कर दिया तो बहस होने लगी। देखते-देखते दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे से हमला करने लगे।

**पहले भी दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थीः** मारपीट की शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को देख हमला करने वाले हमें अधमरा छोड़ कर भाग गए। घर वालों ने किसी तरह से मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल रांची रिम्स में इलाज चल रहा है। वहीं सूत्रों का कहना है कि रास्ते का विवाद बीते कुछ समय चला आ रहा है। पूर्व में भी दोनों पक्ष के बीच कहासुनी हुई थी। इधर मुफस्सिल थाने के इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हथियार के साथ दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



## रायफल के साथ युवक का फोटो मिलने पर पुलिस ने की कार्रवाई, निशानदेही पर दूसरे को भी पकड़ा

नालंदा की नूरसराय थाना पुलिस ने छापेमारी कर भखरी गांव से एक हथियार को बरामद की है। साथ ही दो अभियुक्तों को भी पकड़ने में सफल रही है। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सरकारी नंबर पर पुलिस को एक वीडियो और फोटो राइफल के साथ प्राप्त हुआ। जांच के क्रम में यह पता लगा कि सिरसियाबिगहा निवासी गोरख पासवान का पुत्र सोनू कुमार का वीडियो फोटो रायफल के साथ है।

**पूछताछ में अपने दोस्त का नाम बतायाः** नूरसराय थाना पुलिस ने टीम गठित कर सिरसिया बिगहा गांव में छापेमारी कर सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अपने पार्टनर भखरी गांव निवासी सदन पासवान के पुत्र शिव शंकर कुमार का नाम बताया। कहा यही रायफल रखता है। गिरफ्तार सोनू की निशानदेही पर भखरी गांव निवासी शिव शंकर पासवान के घर में छापेमारी कर एक देसी रायफल बरामद किया गया। साथ ही अभियुक्त शिव शंकर पासावन को गिरफ्तार किया गया।

# गया में रहमत की बारिश की दुआ मांगी गई, भीषण गर्मी से राहत के लिए मदरसा में बच्चों ने अल्लाह से मांगी दुआ

निज संवाददाता। गया



इन दिनों आसमानी आफत से लोग परेशान हैं। गर्मी का आलम यह है कि दिन के साथ-साथ रात में भी इन दिनों गर्म हवा का दबदबा बना हुआ है। लू को लेकर आपदा विभाग से दिन और रात के लिए अलर्ट जारी किया है। साथ ही क्या करें और क्या न करें से जुड़ी एडवाइजरी भी जारी की गई है। वहीं, बेहिसाब पड़ रही गर्मी से राहत पाने के लिए गया के तारतीउल कुरान मदरसा में सैकड़ों बच्चों ने अल्लाह से रहमत की बारिश की दुआ मांगी। मदरसा के शिक्षक ने बताया कि जो आफत वाली गर्मी जिले और मुल्क में पड़ रही गर्मी से मौत हो रही है। लू की चपेट में आने वाले लोग अस्पताल में दम तोड़ रहे हैं। लोगों का बाहर निकलना मुश्किल है। इससे राहत पाने के लिए हम बच्चों के साथ भगवान से रहमत वाली बारिश के लिए दुआ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग अपनी जिंदगी में ऐसी गर्मी पहली बार देख रहे हैं। वहीं, लोगों का कहना है कि 55 साल में पहली बार ऐसी गर्मी पड़ी थी। राहत वाली बारिश के लिए लगातार हर नमाज के बाद हमलोग दुआ कर रहे हैं। आज खुसूसी तौर पर रहमत की बारिश के लिए बच्चों के साथ बैठ कर मदरसा में दुआ की गई। ताकि गया के साथ-साथ पूरे मुल्क के लोगों को इस गर्मी से राहत मिले। उन्होंने कहा कि अल्लाह बच्चों की दुआ कबूल करेंगे। मुल्क और जिले में रहमत की बारिश होगी और लोग बहुत हद तक राहत महसूस करेंगे।

# करंट लीकेज होने से अंधरवारी में एसबीओ ऑपरेटर हुआ घायल, इलाजरत

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के अंधरवारी में करंट लीकेज होने से एसबीओ ऑपरेटर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल बिजली कर्मी को मानव बल रमाकांत सिंह के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे डॉ. शिवपुरारी कुमार ने कहा कि घायल एसबीओ ऑपरेटर की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के भदौर गांव निवासी शंकर कुमार के रूप में हुई है। घायल ऑपरेटर का दाहिना हाथ करंट लीकेज होने से गम्भीर रूप से घायल थे। जिनका प्राथमिक इलाज के बाद ईसीआर करने को निर्देशित किया गया है। इस दौरान अस्पताल परिसर में जेई भुवनेश्वर प्रसाद के साथ शशिभूषण कुमार सिंह, छोटू प्रसाद यादव, बालेश्वर रविदास, रमाकांत सिंह व धर्मेंद्र कुमार मौजूद रहे। बिजली विभाग के जेई भुवनेश्वर प्रसाद ने कहा कि अंधरवारी में कार्यरत एसबीओ ऑपरेटर के करंट लीकेज होने से घायल होने की सूचना मिली थी। जिसको लेकर वे बिजली कर्मी का हाल-चाल जानने को अस्पताल पहुंचे एवं चिकित्सक से बात कर घायल कर्मी की स्थिति की जानकारी लिया गया। उन्होंने कहा कि हरेक बिजली कर्मी को सुरक्षा हेतु ग्लव्स एवं जूते आदि दिए गए हैं। सुरक्षा युक्ति के कारण ही घायल बिजली कर्मी के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हो पाई। जेई ने कहा कि इस भीषण गर्मी में आमलोगों को राहत देने के लिए पदाधिकारी से लेकर बिजली मिस्त्री तक दिन एवं रात की बिना फिक्र किये फील्ड में कार्य करते रहते हैं। ताकि गर्मी में हो रहे परेशानियों से लोगों को निजात दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मी बेहतर सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वहीं प्रतिदिन शाम को 4 बजे से फ्यूज कॉल के लिए समय निर्धारित है। इसी बीच आमलोगों के बिजली के समस्याओं का निदान किया जाता है। वहीं जेई ने आमलोगों से अपील किया कि जब बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तो आमलोगों का बहुत कॉल आता है, जिससे काफी परेशानी होती है। बिजली कर्मी शशिभूषण कुमार सिंह ने कहा कि गर्मी में ट्रांसफार्मर से लेकर बिजली के खम्भे काफी गर्म होता है। इसके बावजूद बिजली कर्मी अपने पास रहे संसाधनों का उपयोग करते हुए आमलोगों की सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे स्थानीय होने के कारण टाउन क्षेत्र में दिन से लेकर आधी रात्रि तक बिजली से सम्बंधित समस्याओं का निवारण में जुटे रहते हैं। उनके साथ छोटू प्रसाद यादव के अलावे अन्य सहयोगियों के भी सहयोग प्राप्त होता है।



## बीड़ी पत्ते का व्यापार धड़ल्ले से जारी, जंगल को हो रहा नुकसान

निज संवाददाता

नवादा। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली के हरदिया पंचायत की डेलवा, चोरडीहा व परतौनिया, धमनी पंचायत की धमनी व बुढ़ियासाख एवं सवैयाटांड़ पंचायत में वन संसाधनों की अधिकता है। यहां विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे पाए जाते हैं। इन्हीं में केंदुइ नामक पेड़ के सूखे पत्तों से बीड़ी बनायी जाती है। केंदुइ के पत्ते का व्यापार में जुटे लोग अधिक से अधिक पेड़ के सूखे पत्तों के लिए पेड़ों को काटने से पीछे नहीं हटते हैं। साथ ही जंगल में ही इन पत्तों को सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। जब पेड़ के पत्ते सूख जाते हैं, तो इसे एकत्रित कर बंडल बनाकर बड़े-बड़े बोरे में भरकर ट्रैक्टर द्वारा बाजार में व्यापारियों के पास पहुंचा दिया जाता है।

पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा रहे तस्कर:- चूंकि केंदुइ के पत्ते सूखे होते हैं, इसलिए ये विभागीय कार्रवाई से बच जाते हैं। किंतु केंदुइ के पत्ते को ज्यादा मात्रा में प्राप्त करने के लिए इससे जुड़े व्यापारी व तस्कर जंगल में मौजूद पेड़ को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। एक तरफ सरकार प्रत्येक वर्ष 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मनाकर लोगों को जागरूक कर रही है, दूसरी ओर बीड़ी के पत्तों का व्यापार बेरोकटोक जारी है। जबकि, बीड़ी से ज़्यादा निकोटीन, कार्बन मोनोऑक्साइड निकलता है। जिससे पारंपरिक सिगरेट की तुलना में मौखिक कैंसर का ज़्यादा जोखिम होता है।

बीड़ी पीने से कैंसर से लेकर हार्ट अटैक तक का खतरा:- धूम्रपान के कई अन्य प्रकारों की तरह, बीड़ी से कई प्रकार के कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारी का जोखिम बढ़ जाता है। तम्बाकू सेवन के अन्य रूपों की तुलना में अधिक हानिकारक भी हो सकता हैं। सिगरेट पीने वालों में वेंटिलेटरी असामान्यताओं की आवृत्ति सबसे अधिक होती है। सिगरेट पीने वालों की तुलना में बीड़ी पीने वालों में क्रोनिक ब्रोंकाइटिस और असामान्य वेंटिलेटरी माप का कम प्रचलन मुख्य रूप से तम्बाकू की कम कुल खपत के कारण माना जाता है। रैपर पत्ती के जलने से उत्पन्न धुएं और बीड़ी में इस्तेमाल किए जाने वाले तम्बाकू के प्रकार के कुछ अतिरिक्त प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता।

# 398.10 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, सगा भाई समेत चार तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित परनाडाबर पुलिस ने दो वाहनों से लाये जा रहे 398.10 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस क्रम में सगे भाई समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके पर मारुति व पिक अप वाहन को जप्त कर लिया। गिरफ्तार सभी शराब तस्कर हिसुआ थाना क्षेत्र हदसा गांव के बताये गये हैं। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि झारखंड से अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर की ओर से पिक अप व मारुति से भारी मात्रा में शराब की खेप परनाडाबर, मेसकौर व सीतामढ़ी के रास्ते हिसुआ थाना क्षेत्र के हदसा गांव की ओर ले जाती जा रही है। सूचना के आलोक में छापामार दल का गठन कर आने जाने वाले वाहनों पर निगरानी आरंभ कर दी गयी। पारकुरहा तिमुहानी के पास सिल्वर रंग की मारुति कार को रुकवा कर तलाशी आरंभ की। तलाशी के क्रम डिक्की में रखे 5 कार्टन में 180 एमएल के 220 लीटर अफसर च्वाइस अंग्रेजी शराब बरामद होते ही हदसा गांव के सहोदर भाई उदय सिंह के पुत्र मनीष कुमार व विपुल कुमार को गिरफ्तार कर पास में रहे चार मोबाइल जप्त कर लिया। अभी प्रक्रिया पूरी की ही जा रही थी कि पिक अप वाहन के पहुंचते ही उसे रोककर तलाशी आरंभ की। तलाशी के क्रम में तहखाने में छिपाकर रखा 500 एम एल का 648 बोतल, 380 एम एल का 46 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद होते ही आकाश कुमार पिता सुरेन्द्र महतो व राकेश कुमार पिता कृष्णा चौधरी, हदसा थाना हिसुआ को शराब व पिक अप समेत गिरफ्तार कर लिया। इस बावत थाना कांड संख्या 126/24 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



# चोरी के दो बाइकों के साथ बाइक चोर गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत स्थित लोमष ऋषि पहाड़ी के समीप एसआई गौतम कुमार ने चोरी के दो बाइक को बरामद किया। वहीं बाइक चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीती शुक्रवार की रात्रि लोमष ऋषि पहाड़ के समीप चोरी के बाइक के साथ कुछ युवकों के होने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर रात्रि गश्त में रहे एसआई गौतम कुमार को पुलिस बल के साथ भेजा गया। लोमष ऋषि पहाड़ के समीप दो बाइक के साथ तीन युवक दिखाई दिए। किन्तु पुलिस वाहन को दूर से आता देख तीनों लड़के बाइक को छोड़कर इधर-उधर भागने लगे।इस दौरान पुलिस बलों द्वारा एक युवक को हिरासत में लिया गया। जबकि अन्य दो युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।थानाध्यक्ष ने कहा कि हिरासत में लिए युवक की पहचान गैरिबा गांव निवासी अजय महतो के पुत्र रामबीर कुमार के रूप में हुई है। जिससे बाइक के कागजात की मांग की गई। किन्तु हिरासत में लिए गए युवक द्वारा चोरी के बाइक होने की बात बताई गई। साथ ही कहा कि वो अपने गैंग की मदद से बाइकों की चोरी करता है। साथ ही चोरी की बाइकों का उपयोग शराब बेचने के लिए किया जाता है। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर भागने वाले लोगों के बारे में पूछा गया। युवक ने कहा कि भागने वालों में सरमसपुर गांव निवासी सोनू कुमार एवं छतनी गांव निवासी किशोरी यादव के पुत्र करण कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि चोरी की दो बाइकों एवं एक चोर के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार युवक को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि बीते कुछ दिनों से थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई है। जिसको लेकर पुलिस चौकन्ना होकर बाइक चोर गिरोह की तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के कुछ लोगों की पहचान कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।



## थाने में सीओ व थानाध्यक्ष ने लगाया जनता दरबार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने थाना परिसर में जनता दरबार लगाकर जमीन संबंधित आठ मामलों का निष्पादन किया। अंचलाधिकारी ने बताया अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के तेरह मामले जनता दरबार में पहूंचे थे। जिसमें आठ मामलों के दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी के कारण ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। सीओ ने बताया कि निष्पादित मामले फरकाबुजुर्ग, शिरोडाबर, रजौली, अंधरवारी, महसई मोहल्ला एवं अमावां से आए थे। इसके अलावा अन्य पांच मामलों में द्वितीय पक्ष के लोगों की उपस्थिति नहीं रहने के कारण नोटिस जारी किया गया है। उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया।

# मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ में चार दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

निज संवाददाता

**नवादा।** हिसुआ स्थित मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल में 27 मई से 30 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में कई मनोरंजक, शिक्षाप्रद तथा खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिनमें बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। छोटे_छोटे बच्चों ने जहां वाटर पूल में खूब मस्ती की तो वहीं बड़े बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, मैथ्स रेस, मेहंदी प्रतियोगिता, साईंस लैब, आर्ट एंड क्राफ्ट, कराटे समेत तमाम गतिविधियों को अभिभावकों और विद्यार्थियों ने खूब सराहा। अलग-अलग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष व जाने माने शिक्षाविद डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि हर वर्ष ग्रीष्मावकाश के प्रथम सप्ताह में समर कैंप का आयोजन मॉडर्न ग्रूप के सभी विद्यालयों में किया जाता है। इस आयोजन का लुत्फ बच्चे तो उठाते ही हैं अभिभावकों को भी इसका इंतजार रहता है। विशेषज्ञों की देखरेख में संचालित होने वाली गतिविधियों से विद्यार्थियों में नए कौशल और रुचियों का विकास तो होता ही है साथ ही यह रचनात्मक टीम वर्क और नेतृत्व कौशल को बढ़ाता है व नए अनुभवों और चुनौतियों का अन्वेषण करता है। अभिभावक और विद्यार्थी भी समर कैंप को पसंद करते हैं क्योंकि यह गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक तरीके से बिताने का अवसर प्रदान करता है। हिसुआ के प्राचार्य योगलाल चौधरी ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान इस तरह के आयोजन से ना केवल बच्चों को बहुत कुछ नया सीखने का अवसर मिला बल्कि विभिन्न गतिविधियों से उनके भीतर छुपी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर भी सभी को मिला। समर कैंप को सफल बनाने में प्राचार्य योगलाल चौधरी, उप प्राचार्य सायन मुखर्जी, शिक्षक प्रवीण पंकज, पी. के. सिंह, गोपाल कुमार और शिक्षिकाओं में जोनाफा राय और लक्ष्मी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## दिन में गर्मी व धूप से दिल में चैन नहीं

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदला है,भगवान भास्कर भी कभी कभी बादल की ओट में छिप जा रहे हैं, लेकिन शनिवार को भी गर्मी की तपिश बढ़ी रही। बीते कई दिनों से गर्म हवा व धूप ने लोगों को चैन छीन लिया है, वही रात को अचानक बिजली गायब हो जाने से बिजली रानी नींद को छीन कर लोगों को जीना दूभर कर दिया है। तापमान बढ़ने से गर्म धूप से लोग हकलान होने लगे।ऐसे में लोग घरों से बाहर निकलने में परहेज करने लगे। सुबह के नौ बजे से ही भगवान भास्कर अपनी गर्मी से लोगों को झुलसाने शुरू कर दिए। जिसके कारण लोग अपने घरों में ही रहने में भलाई समझते हैं। लेकिन, घरों में भी लोगों को परेशानी से राहत नहीं मिल रहा है। ऐसा बिजली की आंख मिचौली होने से हो रहा है। बिजली रानी कब आएगी, और कब चली जायेगी। फिलहाल यह भी कहना मुश्किल हो रहा है। गर्मी से बचाव के लिए घरों के अंदर लोग पंखा,कूलर का सहारा ले रहे थे।लेकिन विगत एक पखवाड़े से बिजली की आंख मिचौनी हो रही है। जिससे आम तौर पर लोगों को परेशानी बढ़ गई है, आये दिन घंटो बिजली काट दी जा रही है।लोगों को निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार 22 घंटे बिजली देने की बात करती है, लेकिन यह वायदा भी खोखला साबित हो रहा है। जबकि हम सभी उपभोक्ता प्रति माह बिजली बिल भी जमा करते हैं। बावजूद विभागीय अधिकारियों के अनदेखी से बिजली की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालत यह है कि बिजली के अभाव में लोगों के समरसेबल से पानी निकलना बंद हो जा रहा है।

## निजी विद्यालयों में नामांकन के लिये करना होगा ऑन लाइन

**नवादा (नि.सं.)।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत जिले के प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालय में अलाभकारी समूह व कमजोर वर्ग श्रेणी के छात्रों का शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन के लिए पंजीकरण एक जून से प्रारंभ कर दी गई है। नामांकन के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 16 जून तक चलेगी। 18 व 19 जून को विद्यालय ऑनलाइन आवंटन किया जाएगा। चयनित छात्रों का सत्यापन के उपरांत विद्यालय में 20 जून से लेकर 30 जून तक प्रवेश ली जाएगी। इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद ने बताया कि जिले के कई विद्यालय वैसे हैं, जो प्रस्वीकृति प्राप्त हैं जहां अभिभावक चाहे तो निःशुल्क शिक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जहां निजी विद्यालय में भी प्रथम वर्ग से अष्टम वर्ग तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। जिनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख, जबकि कमजोर वर्ग समूह के लिए (जिसमें सभी जाति के बच्चे) जिनके माता-पिता की वार्षिक दो लाख से कम हो। सभी समूह के बच्चे जिनकी आयु कम से कम एक अप्रैल 2024 तक छह वर्ष पूरा कर लिया हो या दो अप्रैल 2016 से एक अप्रैल 2018 तक जिनकी जन्म तिथि हो वैसे बच्चे स्कूल में नामांकन के बाद प्रवेश के लिए पात्र हैं।

# तीसरे दिन डैम की पानी से लापता युवक का शव मिला

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हरदिया स्थित फुलवरिया जलाशय में प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय के समीप रहे राजवंशी टोले के पिंटू राजवंशी के लापता पुत्र गोपाल कुमार उर्फ फंटूश का शव तीसरे दिन स्वतः पानी के ऊपर आ गया। बताते चले की गुरुवार की सुबह करीब 11:00 बजे प्रचंड गर्मी से राहत पाने हेतु अपने छह दोस्तों के साथ हरदिया पंचायत के फुलवरिया जलाशय में स्नान करने गया हुआ था। इसी बीच वह पानी की गहराइयों में डूब गया। जिसे देख अन्य दोस्त बचाने की कोशिश किये। लेकिन वह गहरे पानी के अंदर चला गया। इस घटना के बाद दोस्तों ने घर वालों के साथ पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना के आलोक में अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोर की मदद से लापता युवक की खोजबीन दिन भर करते रहे। लेकिन पूरे दिन जलाशय की खाक छानने के बाद भी लापता युवक का कोई अता पता नहीं चला। जिसके बाद पटना से एसडीआरएफ टीम को दूसरे दिन बुलाया गया। जिसका मॉनिटरिंग एसडीएम आदित्य कुमार पीयूष एवं अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के द्वारा किया गया। एसडीआरएफ की टीम ने जलाशय में गोता लगाकर एवं अन्य साधनों के द्वारा लापता युवक को ढूंढने का भर्षक कोशिश की लेकिन उनके भी हाथ खाली रहे। जबकि एसडीआरएफ की टीम पूरे दिन से लेकर देर शाम तक लापता युवक को ढूंढने का प्रयास किये। अंधेरा होने के कारण ढूंढने के कार्य को बंद कर दिया गया। तीसरे दिन जब तक लापता युवक को ढूंढने के लोग जाते, उससे पहले ही सुबह में युवक का शरीर स्वतः फुल कर ऊपर आ गया।जिसे शौच के लिए आए आसपास के ग्रामीणों ने देख कर थाना को सूचना दी। इसके बाद एसआई गौतम कुमार घटनास्थल पर जाकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नवादा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव आते हीं राजवंशी टोले में रोते हुए लोगों के कारण कोलाहल मच गया। लोगों ने बताया कि युवक लापता होने से तीन दिनों तक किसी घर चुल्हा नहीं जला था। वे लोक शोक संताप के कारण भूखे प्यासे रह रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद प्राप्त शव को ग्रामीणों की मदद से अंतिम दाह संस्कार किया गया। मृतक के संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने कहा कि मृतक युवक का उम्र सत्यापन के तत्पश्चात आपदा की ओर से मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये सहयोग राशि दी जाएगी।



# बाइक से गिर कर शिक्षिका घायल

निज संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** उत्क्रमित हाई स्कूल दायबिगहा नरहट की एक शिक्षिका शनिवार सुबह छह बजे विद्यालय जाने के क्रम में फ्रंट लाइन स्कूल के पास बाइक से गिर कर घायल हो गई है। बताया जा रहा है कि गर्मी के कारण चक्कर देने से बाइक पर से नीचे गिर कर घायल हो गई है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार के अनुसार शनिवार सुबह 6 बजे उत्क्रमित हाई स्कूल दाई बिगहा नरहट नवादा की शिक्षिका वंदना कुमारी हिसुआ से विद्यालय आने के क्रम में चक्कर आने से मोटर साइकिल से गिर गई, जिससे उनके माथे में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के बाद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका के मदद से घायल शिक्षिका को विद्यालय लाया गया। तत्काल ग्रामीण चिकित्सक को बुलाकर घायल शिक्षिका का प्राथमिक उपचार कराया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने घटना की सूचना घायल शिक्षिका के स्वजनों को दिया। सूचना के बाद शिक्षिका के भाई स्कूल पहुचे और बेहतर ईलाज के लिए नवादा लेकर चले गए। शिक्षको ने बताया कि शिक्षक के साथ लगातार हो रहे दुर्घटना के बाद भी समय में बदलाव नहीं किया जाना शिक्षकों के साथ क्रूर मजाक है। जब बच्चों के लिए विद्यालय बंद है, तो इतनी भारी गर्मी में शिक्षकों को बुलाना कहां तक उचित है। लगभग जिला में टाइमिंग में चेंजिंग हो गया है, लेकिन नवादा में टाइम में भी शिक्षा विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार का चेंज नहीं किया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षकों के हित को देखते हुए शिक्षा विभाग से समय में बदलाव के लिए आग्रह किया ताकि शिक्षकों को सहुलियत मिल सके।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

ई—निविदा नोटिस सं॰ — 04 ऑफ 2024—25/खुला/गति शक्ति, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती है। (i) निविदा सं॰—06—व॰मं॰इंजी॰—गतिशक्ति—डीडीयू—24—25, कार्य का नाम एवं लोकेशन : डी॰डी॰यू॰ मंडल के गति शक्ति ईकाई के अधीन सिविल इंजीनियरिंग कार्य से संबंधित "पहुँच मार्ग में करके गुड्स शेड में सुधार, अनुग्रह नारायण रोड, गया, इस्माइलपुर एवं सोननगर में प्रदूषा नियंत्रण उपाय एवं ग्राहक सुविधाओं का प्रावधान"। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹11,80,61,989.34 (iii) धरोहर राशि : ₹7,40,300 /—, (iv) ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 20.06.2024 को 12:00 बजे तक। (v) बेवसाईट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

**नोट :** हिन्दी पाठ में किसी प्रकार की असंगति पाए जाने पर अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक (गतिशक्ति)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/00391/डीडीयूजीएस/अभि./टी/24—25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

No. RS-28Cr3-DDU, Date : 30.05.2024

व॰मं॰यॉ॰अभि॰ (समाडि)/पू॰म॰रे॰/डी॰डी॰यू॰, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं खुली उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐंजेंसी/ठीकेदार से खुली ई—निविदा स॰ RS-28Cr3-DDU, दिनांक : 29.05.2024 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है।

1. कार्य का विवरण : डब्लूसीसी डीडीयू टर्नकी आधार पर बेल्डिंग और प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्टता केंद्र। 2. कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹1,27,44,924/— (एक करोड़ सताईस लाख चौआलीस हजार नौ सौ चौबीस) मात्र। 3. धरोहर राशि : ₹2,13,700/— मात्र। 4. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि : ई निविदा : 05.06.2024 से 19.06.2024 तक समय 11:00 बजे तक। 5. वेबसाईट का सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता : आईआरईपीएस वेबसाईट www.ireps.gov.in बोलीदाता केवल इस वेबसाइट के माध्यम से अपनी मूल/संशोधित बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

नोट : विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

व॰ मं॰ यॉ॰ अभि (समाडि) /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/00384/डीडीयू/यॉ./टी/24—25/40

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**ई—निविदा नोटिस सं॰—06 ऑफ 2024—25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं॰— 07—डीडीयू—मं॰इंजी॰—मुख्यालय—24—25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अन्तर्गत स्टेशन कॉलोनी डीडीयू में आरसीसी ओवरहेड टैंक का प्रतिस्थापन। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹15411579.27 **(iii) धरोहर राशि :** ₹227100.00

**निविदा सं॰— 08—डीडीयू—मं॰इंजी॰—मुख्यालय—24—25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन पीडी कॉलोनी और रोजा कॉलोनी में कर्मचारी क्वार्टरों के शौचालय और रसोई आदि का नवीनीकरण। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹22107587.67 **(iii) धरोहर राशि :** ₹260500.00

**निविदा सं॰— 09—डीडीयू—मं॰इंजी॰—मुख्यालय—24—25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू में इंडियन इंस्टीच्यूट, शास्त्री, आरपीएफ कॉलोनी में सड़क, सेप्टिक टैंक, नाली की मरम्मत, दरवाजे और खिड़की के प्रतिस्थापन करके कर्मचारी क्वार्टरों में सुधार। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹21587253.70 **(iii) धरोहर राशि :** ₹257900.00

**निविदा सं॰— 10—डीडीयू—मं॰इंजी॰—मुख्यालय—24—25, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डी॰डी॰यू॰ में पीडी कॉलोनी में 10 यूनिट टाइप—II स्टाफ क्वार्टरों एवं लोको कॉलोनी में 10 यूनिट टाइप—II स्टाफ क्वार्टरों का प्रतिस्थापन। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹38341793.32 **(iii) धरोहर राशि :** ₹341700.00

**(iv) ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 25.06.2024 को 12:00 बजे तक **(v) वेबसाईट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, डी॰डी॰यू॰**

**पीआर/00396/डीडीयू/इंजी॰/टी/24—25/60**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# राजद सुप्रीमो लालू यादव ने परिवार संग डाला वोट राबड़ी देवी बोलीं- 400 पार इंडिया अलायंस



**पाटलिपुत्र, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण का चुनाव जारी है। बिहार की 8 सीटों पर वोटिंग चल रही है। इस बीच आरजेडी सुप्रीमो लालू यादवने परिवार संग वोट डाला। लालू यादव पत्नी राबड़ी देवी और बेटी रोहिणी आचार्य के साथ पाटलिपुत्र के वेटरनरी कॉलेज के बूथ नंबर 171 पर अपना वोट डाला। इस दौरान मीडिया का हुजूब बूथ पर मौजूद रहा।

राजद चीफ लालू यादव मीडिया से बातचीच किए बिना ही गाड़ी में बैठ गए। हालांकि पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि इंडिया अलायंस 400 पार पहुंच रहा है। और गठबंधन की प्रचंड जीत हो रही है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य में पहली बार पाटलिपुत्र में वोट डालाा। और मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उनका वोट मणिपुर की महिलाओं के सम्माने के लिए हैं। आपको बता दें पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती आरजेडी प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला एनडीए समर्थित बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव से है। वहीं रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से आरजेडी प्रत्याशी हैं। जहां पर वोटिंग हो चुकी है।

पाटलिपुत्र में 20 लाख 76 हजार 252 वोटर हैं। महिला वोटरों की संख्या पाटिलपुत्र में जहां 9 लाख 82 हजार 443 है। वहीं 10 लाख 86 हजार 861 पुरुष मतदाता हैं। यहां भाजपा के रामकृपाल यादव का सीधा मुकाबला राजद की मीसा भारती से होगा। इनके साथ ही कुल 22 उम्मीदवार पाटलिपुत्र लोकसभा सीट के लिए हो रहे चुनाव में अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। मनेर, दानापुर, फुलवारी, बिक्रम, पालीगंज और मसौढ़ी विधानसभा इसके अधीन आते हैं। इसका अधिकांश इलाका ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ता है।

## सीयूएसबी में तम्बाकू निषेध की ली गई शपथ

**गया, एजेंसी।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन सीयूएसबी के नशा मुक्त भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. प्रिय रंजन ने किया। यहां डॉ. प्रिय रंजन ने अन्य प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को नशा सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने बताया कि तम्बाकू के सेवन से लोक-परलोक दोनों बिगड़ जाते है। गले में कैंसर की भयानक रोग 95 त्न खैनी खाने वाले को होता है। डॉ. रंजन ने बताया कि इस वर्ष का विश्व तम्बाकू निषेध दिवस थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग की हस्तक्षेप से बचाना है । इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार शर्मा, प्रो. अनिल कुमार सिंह झा, डॉ. हरेश नारायण पाण्डेय, डॉ. जितेन्द्र राम, डॉ. आदित्य मोहंती सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 घंटे बाद मुजफ्फरपुर-देवरिया रोड हुआ चालू

**मुजफ्फरपुर/सरैया, एजेंसी।** जैतपुर थाना क्षेत्र के धनुपरा में गुरुवार की रात आंधी-पानी से सड़क पर पेड़ गिरने के कारण करीब 15 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मुजफ्फरपुर-देवरिया रोड में धनुपरा मध्य विद्यालय के समीप पेड़ गिरने की वजह से बिजली का तार भी टूट गया था। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने पेड़ को सड़क से हटवाकर आवागमन शुरू कराया। उधर, टूटे बिजली के तार की मरम्मत के लिए कर्मियों को घंटों मशक्कत करना पड़ा। वहीं, धनुपरा सब स्टेशन व आरोपुर पावर सब स्टेशन से करीब 12 घंटे तक आपूर्ति ठप रही। हालांकि, धनुपरा पीएसएस को तो कर्मियों ने 12 घंटे बाद शुरू करवा दिया, लेकिन आरोपुर पीएसएस की बिजली आपूर्ति दोपहर तक ठप थी।

### भैंस को नहलाने गई किशोरी की डूबने से मौत

**मुजफ्फरपुर/मुशहरी, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के आथर गांव स्थित तालाब में भैंस को नहलाने गई किशोरी की डूबने से मौत हो गई। उसकी पहचान रजवारा पंचायत के मानिकपुर के अरुण रजक की पुत्री प्रीति कुमारी (14) के रूप में की गई है। आसपास के लोगों ने किशोरी को तालाब से निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। इधर, थानेदार रंजीत कुमार ने बताया कि किशोरी के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अजय बने हरनाही पंचायत के उपमुखिया

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर, एजेंसी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ संजीव कुमार की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। पर्यवेक्षक के रूप में वरीय उपसमाहर्ता विजय कुमार ने उपमुखिया कौशल्या देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन कराया, जिसमें हरनाही पंचायत के उपमुखिया पद पर अजय कुमार को विजयी घोषित किया गया। बैठक में 12 वार्ड सदस्यों और मुखिया ने भाग लिया। उपमुखिया कौशल्या देवी के खिलाफ 12 वार्ड सदस्यों एवं एक सदस्य के रूप में मुखिया ने मतदान किया, जबकि दो मत रद्द हुआ। वरीय उपसमाहर्ता ने बताया कि छह सदस्यों ने निवर्तमान उपमुखिया के खिलाफ मत दिया है। अजय कुमार को छह मत मिला, जबकि सुनंदा देवी को पांच मत मिला, दो मत रद्द हो गया। मुखिया फूलकुमारी देवी ने अजय कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर बीडीओ संजीव कुमार जेएसएस ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमोद कुमार मौजूद थे। मुखिया फूलकुमारी देवी, प्रमिला देवी, चुल्हाई महतो, स्तान राम, रिंकू देवी, विजा साह, विपिन मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक जख्मी

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के महमदपुर बलमी चौक के समीप एनएच 27 पर शुक्रवार की रात एक बाइक ने दूसरी बाइक में ठोकर मार दी, जिसमें एक बाइक पर सवार पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा के प्रमोद पटेल के पुत्र पिंटू कुमार और छोटेलाल प्रसाद के पुत्र राकेश कुमार जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि शहर से एक ही बाइक सवार होकर दोनों जा रहे थे, तभी पीछे से दूसरा बाइक सवार ने ठोकर मार दी। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त एक बाइक को जब्त कर लिया गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मैसूरू बेंगलुरु मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन के बढ़ाए गए फेरे

**नवगछिया, एजेंसी।** कटिहार बरौनी रेलखंड में समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में वृद्धि का निर्णय रेल मंत्रालय के द्वारा लिया गया है । रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन सं 06221 मैसूरु-मुजफ्फरपुर प्रत्येक सोमवार को 24 जून तक कटिहार, नवगछिया, खगड़िया के रास्ते मुजफ्फरपुर तक जाएगी। वहीं ट्रेन सं 06222 मुजफ्फरपुर से प्रत्येक गुरुवार को खुलेगी जो नवगछिया कटिहार के रास्ते मैसूरु तक 27 जून तक चलेगी।

चुनाव ड्यूटी के दौरान बिगड़ गई थी तबीयत, अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ा

# हीट स्ट्रोक से पोलिंग ऑफिसर समेत दो की मौत



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के दो अलगङ्कअलग थाना क्षेत्रों में लू (हीट स्ट्रोक) के कारण पोलिंग ऑफिसर समेत दो की मौत हो गई है। पहली घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी में तैनात पोलिंग ऑफिसर जुड़ी है। इलाज के लिए आरा चरपोखरी पीएचसी लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के डीलिया गांव निवासी स्व. सुरेश साव के 34 वर्षीय पुत्र सुदामा कुमार हैं। वह सहार सीएचसी में ऑफिस असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी तैनात में थे। मृतक के छोटे भाई लवकुश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वे बगही गांव से प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी में थे। उसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। कर्मचारी द्वारा ने इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय थाने को दी गई सूचना

सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत लू-लगने से प्रतीत होता है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और दो बहन में बड़ा था। परिवार में पत्नी सबिता देवी और दो पुत्र समर और अंकुश है।

इसके अलावा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरीगांव गांव में लू-लगने के कारण एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। मृतक स्व.राम नरेश चौबे के 63 वर्षीय पुत्र बृज भूषण चौबे हैं जो किसान थे। मृतक के दामाद ने बताया कि वह गांव में ही घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी हीट स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। सूचना स्थानीय थाना को दी। फिर शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी, सबसे ज्यादा जीडी में चयनित



**पटना, एजेंसी।** सेना भर्ती बोर्ड ने गुरुवार की देर रात अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अग्निवीर बहाली लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। जोनल भर्ती बोर्ड मुख्यालय दानापुर के अधीन मुजफ्फरपुर, गया, कटिहार, भर्ती मुख्यालय दानापुर और रांची का परिणाम जारी किया गया है। इसमें मुजफ्फरपुर सेना भर्ती बोर्ड के अधीन आठ जिलों के 6143 अभ्यर्थियों ने पहले चरण में बाजी मारी है। 10 से 19 जुलाई के बीच मुजफ्फरपुर भर्ती बोर्ड के अधीन मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता और मेडिकल जांच प्रक्रिया चक्कर मैदान में होगी। इसे लेकर सेना भर्ती बोर्ड अभ्यर्थियों के लिए नया एडमिट कार्ड भी जारी करेगी। बहाली की तैयारी में मुजफ्फरपुर सेना भर्ती बोर्ड जुट गया है। जल्द ही जिला प्रशासन से मिलकर बहाली प्रक्रिया को लेकर बैठक करेगा।

### भर्ती बोर्ड-- बहाली -- केंद्र तारीख

मुजफ्फरपुर -- मुजफ्फरपुर -- 10 से 19 जुलाई

गया -- गया -- 25 जून से 02 जुलाई

रांची -- रांची/हजारीबाग -- 27 जुलाई से 06 अगस्त

कटिहार -- कटिहार -- 15 से 30 नवंबर

आरओ (मुख्यालय) -- दानापुर 10 से 20 दिसंबर

आरओ (मुख्यालय) -- दानापुर 10 से 20 दिसंबर (वूमन पुलिस)

वूमन मिलिट्री पुलिस के लिए 25 का चयन

मुजफ्फरपुर के चार, दरभंगा के दो और समस्तीपुर के एक केंद्र पर ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए अग्निवीर के जेनरल ड्यूटी (जीडी), टेक्निकल, कार्यालय सहायक/एसकेटी, ट्रेडसमैन (08वां व 10वां), अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस और सिपाही फार्मा के लिए करीब 15 हजार से अधिक अभ्यर्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए थे। इसमें मुजफ्फरपुर सेना भर्ती बोर्ड के अधीन सर्वाधिक अग्निवीर जीडी में 4688, टेक्निकल में 432, अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस में 25, ऑफिस सहायक में 121, नर्सिंग सहायक में 46 और सिपाही फार्मा में 46 अभ्यर्थी आगे की प्रक्रिया के लिए चयनित हुए हैं। इसके अलावा ट्रेड्सैन से 953 सफल हुए हैं।

# दो बाइक की टक्कर में जीजा-साले की मौत

**दोनों बेगूसराय जा रहे थे, हादसे में दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल**



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में 2 बाइक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में जीजा-साले की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य बाइक सवार घायल हुआ है। मृतक पहचान खानपुर थाने के धरमपुर रेवरी निवारी मंडल राय का पुत्र विवेक राय और बेगूसराय जिले के तेघड़ा निवासी देवन राय का पुत्र डब्लू कुमार है। जबकि जख्मी जिले के सरायरंजन थाने के बरबट्टा गांव के बच्चू दास का पुत्र हरेरामदास है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान जेब से मिले आधारकार्ड से हुई। घटना उजियारपुर थाने के सातनपुर बहिरा चौर की है।

### एक की अस्पताल जाने के दौरान मौत

खानपुर के रेवरी गांव निवासी विवेक कुमार अपने साले डब्लू के साथ एक ही बाइस से ससुराल बेगूसराय के तेघड़ा जा रहे थे। इसी दौरान उजियारपुर थाने के एनएच-28 पर सातनपुर बहिरा चौर में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। घटना में तेघड़ा निवासी डब्लू कुमार की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि विवेक राय की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत की सूचना के बाद परिवार के लोगों के बीच मातम छा गया।

### जख्मी की स्थिति नाजुक

जख्मी सरायरंजन थाने के बरबट्टा गांव निवासी बच्चू दास के पुत्र हरेराम दास की स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हरेराम का कहना है कि उनके साथ एक और बाइक सवार युवक था। वो कहां है इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों के परिजन को जानकारी दी गई है। जख्मी का उपचार चल रहा है। घटना को लेकर एक मामला दर्ज किया गया है।

# अवनीश हत्याकांड के बाद गांव में मातम का माहौल, पसरा सन्नाटा

**मुजफ्फरपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के भवनाथपुर गांव निवासी महेश्वरी राय के 37 वर्षीय पुत्र अवनीश कांत राय की हत्या के दूसरे दिन भवनाथपुर गांव में सन्नाटा पसरा रहा। गम में पास पड़ोस व गोतिया के घरों में चूल्हे तक नहीं जले। मृतक की पत्नी कावेरी देवी रह रहकर बेहोश हो रही थी। वहीं घटना के दूसरे दिन गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

### सुल्तानगंज घाट पर बड़े बेटे ने दी मुखाग्नि

गुरुवार की देर रात पुलिस ने अवनीश के शव की पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। जिसके बाद मृतक का बड़े बेटे 11 वर्षीय ओजस ने सुल्तानगंज घाट पर पिता को मुखाग्नि दी। दूसरे दिन मृतक के भाई से मिलने जदयू के कई नेता घर पर पहुंचे।

शुक्रवार को अकबरनगर थाना प्रभारी रोहित रितेश के नेतृत्व में अवनीश हत्याकांड के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अकबरनगर और आसपास के इलाकों में छापेमारी की, लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने एक दो दिनों में अपराधियों को गिरफ्तार करने की बात कही। थानाप्रभारी रोहित ने बताया कि हत्याकांड को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है। साथ ही घटना में प्रयुक्त साक्ष्य की खोजबीन की जा रही है।

मृतक के घर के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। जिसके फुटेज से कुछ साक्ष्य मिल सकते हैं। बताया जा रहा है कि घटना के पूर्व युवक को बासा से बुलाकर अपराधी ने ले गये, जिसके बाद घटना को अंजाम दिया गया है।

# कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब अब देश के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों तक पहुंचेगी

**पटना, एजेंसी।** कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने अब देश के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों तक पहुंचने की योजना बनाई है। इसके लिए कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब यानी सीईएल ने देश के स्कूलों के साथ समझौते करने शुरू कर दिए हैं। कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने अब 9वीं से 12वीं कक्षा के भारतीय छात्रों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट शुरू किया है, जो खास तौर पर टियर 2 और टियर 3 शहरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कैम्ब्रिज की एक सप्ताह की एक्सप्लोरेशन ट्रिप के लिए पूरा फंड दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। इसके अलावा, कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने फिनलैंड और जापान के लिए अपना अगला टूर और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सू ब्रिंडली के नेतृत्व में एक बेहद किफायती शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया है। लगातार दूसरे साल अपनी सफलता की कहानी दोहराते हुए कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब ने तीन देशों में दो और शैक्षिक दौरा शुरू किया और उसे सफलतापूर्वक पूरा भी किया है। सुयश भट्ट द्वारा स्थापित, जो कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और वर्तमान में फेलो हैं, सफलतापूर्वक ने 2023 में भारतीय स्कूल नेताओं के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और फ़िनलैंड के बेहद सफल दौरे आयोजित किए थे। यह पहल दुनिया भर के छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और उद्यमियों सहित सभी प्रकार के शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण आलोचनात्मक सोच और उनके कौशल को और विकसित करने के लिए बुद्धिमानी से डिज़ाइन किए गए प्रोग्राम पेश करती है।

# शिक्षकों पर फिर चला केके पाठक का डंडा, एसीएस के निर्देश पर 886 का काटा गया वेतन



1 साल से अपने काम को लेकर पाठक बहुत चर्चा में हैं। हालांकि कुछ निर्णय के कारण उनकी काफी आलोचना भी हुई। अपर मुख्य

**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने लंबी छुट्टी का आवेदन दे दिया है। 3 जून से 30 जून तक वह अवकाश पर रहेंगे। लेकिन उसके पहले उनके कड़े फैसले का एक और नतीजा सामने आया है। गोपालगंज में केके पाठक के ऐक्शन की जोर-जोर से चर्चा है। वहां 886 शिक्षकों का एक दिन का वेतन एसीएस के निर्देशानुसार काट लिया गया है जिसकी राशि करीब 13 लाख हैं। शिक्षा विभाग में इससे हड़कंप मच गया है. बिहार के शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए केके पाठक को याद किया जाएगा। पिछले सचिव शिक्षा विभाग का प्रभार लेते ही पाठक अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में आ गए। फिर उनका डंडा उन शिक्षकों पर चला है। जिन्होंने अपनी ड्यूटी निभाने में कोताही बढ़ती गोपालगंज में 886 शिक्षकों का वेतन काट लिया है। विभाग ने पिछले 10 माह में शिक्षकों पर की गई कार्रवाई का आंकड़ा जारी किया है। जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2023 से लेकर मई 2024 तक 10 महीने में विभाग ने 886 शिक्षकों पर कार्रवाई करते हुए इनके वेतन से कुल 13 लाख रुपये काट विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान स्कूल से गायब पाए गए शिक्षकों पर यह कार्रवाई हुई. इनका एक-एक दिन का वेतन काटा गया।

इस कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि वेतन कटौती का यह आंकड़ा पिछले माह की अपेक्षा अब कम हुआ है। डीपीएम अनुराग कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में जहां 240 शिक्षकों का वेतन काटा गया, वहीं मई में 29 तारीख तक करीब 150 शिक्षकों पर यह कार्रवाई की गई। कहा जा रहा है कि निरीक्षण का दौर जारी रहेगा और सेवा में कोताही करने वाले शिक्षकों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई चलती रहेगी।

# 95 साल की बुजुर्ग बोलीं-इंदिरा गांधी के समय से ही मतदाम कर रही, बूथ-308 पर बहिष्कार

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर लोकसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से मतदान जारी है। दोपहर तीन बजे तक 45.90% वोटिंग हुई है। वहीं, पिपराढ़ गांव में वोट बहिष्कार होने की सूचना मिली है। जिला निर्वाची पदाधिकारी सह बक्सर डीएम से अंशुल अग्रवाल ने कहा कि पिपराढ गांव में वोट बहिष्कार की सूचना पर बूथ संख्या 308 पर पहुंचे हुए थे। ग्रामीणों को समझाया गया। डीएम ने कहा कि कुछ ने मतों का प्रयोग किया है, लेकिन अभी भी गांव के अधिकतर लोगों ने वोट नहीं दिया इसलिए इसे पूर्णत वोट बहिष्कार नहीं कहा जायेगा। लोकसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 238 पर मतदान करने लाठी के सहारे 95 साल की लक्षिया देवी पहुंची। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के समय से ही मतदान कर रही हैं। पूछा गया कि मतदान किस लिए करती हैं तो उन्होंने कहा कि वोट देंगे तभी हमारे बक्सर का विकास आगे होगा। एमपी हाई स्कूल में बने आदर्श बूथ पर एक महिला





पुलिसकर्मी की तबीयत खराब हो गई है। उनका इलाज कराया जा रहा है। वोट देने के लिए मतदाता लाइन में लग गए हैं। डीएम अंशुल अग्रवाल और एसपी मनीष कुमार ने वोट देकर सेल्फी पॉइंट पर फोटो ली। बनारपुर गांव के किसानों ने वोट बहिष्कार के चर्चा पर विराम लगाते हुए कहा कि आपसी सहमति से वोट देने का निर्णय लिया है। बनारपुर गांव में बनाए गए 235,236, 237 और 238 चार बूथ बनाए गए हैं, जहां महिला पुरुष और युवा बढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मतदान को लेकर बक्सर जिला को यूपी के गाजीपुर जिला से जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल पर सील किया गया है। सास के साथ घूंघट में वोट देने बहुएं पहुंची हैं। उनका कहना है कि विकास के नाम पर वोट दे रहे हैं। प्राइवेट वाहनों की बारीकी से जांच के बाद छोड़ा जा रहा है। नवानगर प्रखंड के 309,325 और 327 पर ईवीएम खराब होने से 30 मिनट तक चुनाव प्रभावित रहा। हालांकि फिलहाल ईवीएम बदल कर मतदान शुरू कर दयिा गया है।

डुमरांव महाराजा का परिवार मतदान करने पहुंचा है। उनके साथ राजकुमारी रोहिणी, रानी अरुणिमा सिंह, मनविजय सिंह, राजकुमारी आकृति कुमारी भी हैं। सभी वोट देकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। लोगों में वोटिंग को लेकर उत्साह भी है। इस लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 23 हजार 164 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यहां से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। 92 साल की शिव कुमारी देवी अपने पोते के साथ वोट देने मतदान केंद्र 240 पर पहुंची हैं। उनका कहना है कि वोट देना जरूरी है। अपने क्षेत्र के विकास के लिए मतदान करने आई हूं। वहीं, वोट देने आए सुशील कुमार ने कहा कि हमारा मुद्दा यही है कि क्षेत्र का विकास हो। हमारा सांसद अच्छा हो। पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 6 हजार 224 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 9 लाख 16 हजार 923 है। इसके अलावा 17 थर्ड जेंडर मतदाता हैं जिनके लिए 1941 मतदान केंद्र बनाया गया है। उन पर भी सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू है। डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि बिना वोटर आईडी कार्ड के भी दूसरा पहचान पत्र दिखाकर लोग मतदान कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव के पूर्व संध्या पर लोजपा कार्यकर्ता की पिटाई

**आरा।** चांदी थाना क्षेत्र के नरवीर पुर गांव निवासी लोजपा कार्य कर्ता रजनीकांत की नामजद लोगों ने पिटाई कर दी। घायल रजनीकांत नरवीर पुर गांव निवासी रामानंद पासवान का पुत्र है। घायल के भाई मुरली पासवान ने बताया की रजनी कांत चांदी बालू घाट से मजदूरी कर शुक्रवार की शाम नरवीर पुर अपने गांव आ रहा था। तभी चांदी गांव के पास शैलेश यादव पिता लालबाबू यादव और अन्य लोगों ने रजनी कांत को रोक कर बोला की तुम भाजपा को भोट देगा। और मारपीट करने लगे। इसके पहले भी मारपीट हुई थी। मारपीट की घटना के बाद रजनीकांत गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह घटना की सूचना फोन से हम लोगों को दिया। सूचना मिलने के बाद हम लोग घटना स्थल पर पहुंचे और इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए और चांदी थाना की पुलिस को भी घटना की सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद लोजपा पारस गुट के जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने सदर अस्पताल पहुंच घायल और उसके परिवार के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली और सदर अस्पताल के डॉक्टर से समुचित इलाज करने की भी बात कही।

### खाना बनाने में महिला की मौत

**आरा।** धोबहा थाना क्षेत्र के इंग्लिश पर टोला में खाना बनाने के क्रम में महिला की मौत हो गई। मृतका धोबहा थाना के इंग्लिश पर टोला की रहने वाली सुनीता देवी थी जो उमेश यादव की 35 वर्षीय पत्नी थी। उमेश यादव ने बताया की सुनीता शुक्रवार को हिटर पर खाना बना रही थी। उसी क्रम में हिटर पर गिर पड़ी। जलने के कारण मौत हो गई। जब मैं काम कर घर आया तो देखा की सुनीता हिटर पर गिरी हुई है। जिसके बाद मैं आस पास के लोगों को बुलाया और लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सुनीता को सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 4 वर्ष कैद

**बक्सर।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने और दुष्कर्म के प्रयास मामले की सुनवाई गुरुवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष पॉक्सो न्यायाधीश मनकामेश्वर प्रसाद चौबे की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी को घटना का दोषी पाया। कोर्ट ने अभियुक्त को चार वर्ष की कारावास की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना 3 मई 2019 की है। राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव के शिक्षक दौलत अनोखा ने एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी एवं दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता ने मामले को लेकर महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। उक्त मामले की सुनवाई पाक्सो अदालत में की गई।

### गड़हनी यादव टोला के पास जला ट्रांसफार्मर

**गड़हनी।** इतना भीषण गर्मी पड़ रहा है कि ट्रांसफार्मर में आग लग जा रहा है। आज दोपहर में गड़हनी यादव टोला के पास लगा ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया। स्थानीय उपभोक्ताओं ने गड़हनी बिजली ऑफिस में इसकी सूचना दिया। सूचना देने के बाद दर्जनों उपभोक्ताओं ने विद्युत सहायक अभियंता से आग्रह किया और कहा कि बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रहा है , जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाया जाए नही तो लोग सो नही पाएंगे। सहायक अभियंता प्रदीप राय ने कहा कि देखते है दो चार घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास कर रहे है। वही गड़हनी उत्तर पटी में भी लगा ट्रांसफार्मर पर डीपी में भी अचानक आग लग गया। उपभोक्ताओं ने तुरंत बिजली विभाग में फोन कर बिजली को कटवाया। एक दो घंटे में बिजली विभाग ने जाकर डीपी को बदला उसके बाद जाकर शाम में बीजली बहाल हुआ।



### तम्बाकू से कैंसर, हार्टअटैक जैसी खतरनाक बीमारियां : एनसीडीओ



**आरा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सदर अस्पताल के जीएनएम भवन में शुक्रवार को तम्बाकू निषेध पर सेमीनार हुआ। सेमीनार में एनसीडीओ डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा कि युवा तेजी से तंबाकू उत्पादों के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं, ऐसे में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने के लिए इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस यानी वर्ल्ड नो टोबैको डे मनाया जाता है। तम्बाकू के सेवन से कैंसर, हार्टअटैक, ब्रेन अटैक, नपुंसकता, रेसपारेट्री फैल्युर और कार्डियक फैल्युर आदि बीमारियां हो सकती है। पब्लिक प्लेस पर तम्बाकू सेवन करना वर्जित है, 18 वर्षों से कम उम्र के युवाओं को तम्बाकू की खरीद बिक्री पर प्रतिबंधित किया गया है। स्कूल व कॉलेज परिसर से मीटर के अंदर तम्बाकू बेचने की अनुमति नहीं है। तम्बाकू व धूम्रपान से दूर रहने की सलाह स्वास्थ्य विभाग हमेशा देता रहता है, जिसका पालन करना चाहिए। तम्बाकू किसी न किसी रूप में हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इस दौरान सभी उपस्थित प्रतिभागियों एवं एएनएम को कोटपा 2003 के संबंध में धारा- 4, धारा- 6ए, धारा-6बी, धारा -5 एवं धारा -7 की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

### सदर अस्पताल में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस, दिलाई शपथ




**बक्सर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के मौके पर सदर हॉस्पिटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय में कर्मियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने को लेकर शपथ दिलाई गई। वहीं तंबाकू से होने वालली बीमारियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीडीओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को तम्बाकू के बड़े में जागरूक करना और इसके सेवन से होने वाली बीमारी के बारे में लोग को बताना है। तंबाकू के सेवन से धमनिया कमजोर होने लगती है। तंबाकू के लगातार सेवन से कैंसर और फेफड़े की बीमारी होती है। कई बार गंभीर बीमारियों जानलेवा हो जाती है। इस दौरान कर्मियों को तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई। तंबाकू गंभीर बीमारी का कारक बनती है जिसमें लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। यदि तंबाकू के सेवन को छोड़ते है तो इससे पर्यावरण की भी सुरक्षा होती है। खैनी, पान, बीड़ी, गुटखा खाकर लोग इधर-उधर थुकते है जिससे गंदगी फैलती है। इस तंबाकू के सेवन से मुख कैंसर का खतरा काफी रहता है। मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. संजय कुमार, डीपीसी जावेद आबिदी, दंत चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार, डॉ. वरुण संकृत, डॉ. सुषमा, डॉ. हितेश, कृति पांडेय, श्याम राय, दुष्यंत सिंह, शुभम, सोनु, रजनिश, सोनम, अनूप तिवारी, मनीष सिन्हा, शशी कुमार थे।"

# महिला वोटरों में उत्साह, बूथ संख्या 78 पर बहिष्कार

## ग्रामीणों ने कहा- सड़क नहीं तो वोट नहीं करेंगे

निज संवाददाता | आरा

आरा लोकसभा सीट पर दोपहर 3 बजे तक 40.98% वोटिंग हुई है। बूथ संख्या 78 पर ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में सड़क नहीं बनी है। इस वजह से ग्रामीणों में आक्रोश कई दिनों से दिख रहा था। इसको लेकर मतदान वाले दिन ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार कर दिया है। इसके बाद जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मदन नारायण सिंह और जिला मत्स्य पदाधिकारी संतोष कुमार पहुंचे हैं। ग्रामीणों को समझाने में लगे हुए हैं।



**महिला वोटरों में उत्साहः** भोजपुर जिले के खवासपुर बूथ संख्या 7 पर महिला वोटरों की काफी भीड़ दिखी। दोपहर बाद घर का काम खत्म होने के बाद महिलाएं वोट देने के लिए पहुंची। उन्होंने कहा कि हमलोग बदलाव करना चाहते हैं। जो काम हमारे क्षेत्र में नहीं हुआ है, आने वाले समय में जो सांसद जीतकर आएंगे, वो उसे पूरा करें।

**मैदान में हैं 14 कैंडिडेटः** आरा लोकसभा में कुल 14 कैंडिडेट मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के दो बार से सांसद व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह और इंडी गठबंधन से भाकपा-माले के सुदामा प्रसाद के बीच है। सुदामा प्रसाद अभी तरारी से विधायक हैं।

# हीट स्ट्रोक से पोलिंग ऑफिसर समेत दो की मौत, चुनाव ड्यूटी के दौरान बिगड़ गई थी तबीयत

निज संवाददाता | आरा

## अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ा

भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लू (हीट स्ट्रोक) के कारण पोलिंग ऑफिसर समेत दो की मौत हो गई है। पहली घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी में तैनात पोलिंग ऑफिसर जुड़ी है। इलाज के लिए आरा चरपोखरी पीएचसी लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक चौरी थाना क्षेत्र के डीलिया गांव निवासी स्व. सुरेश साव के 34 वर्षीय पुत्र सुदामा कुमार हैं। वह सहार सीएचसी में ऑफिस असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के बगही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी तैनात में थे। मृतक के छोटे भाई लवकुश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर वे बगही गांव से प्राथमिक



विद्यालय में पोलिंग ऑफिसर 3 के पद पर चुनाव ड्यूटी में थे। उसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। कर्मचारी द्वारा ने इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**स्थानीय थाने को दी गई सूचनाः** सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत लू-लगने से प्रतीत होता है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और दो बहन में बड़ा था। परिवार में पत्नी सबिता देवी और दो पुत्र समर और अंकुश है।

**घर के बाहर बैठे थे, तभी तबीयत हुई खराबः** इसके अलावा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरीगांव गांव में लू-लगने के कारण एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। मृतक स्व. राम नरेश चौबे के 63 वर्षीय पुत्र बृज भूषण चौबे हैं जो किसान थे। मृतक के दामाद ने बताया कि वह गांव में ही घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी हीट स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। सूचना स्थानीय थाना को दी। फिर शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# संदेहास्पद परिस्थिति में युवक का शव बरामद, बक्सर के काजीपुर गांव में मचा हड़कंप

## मौत के कारण का पता लगाने में जुटी पुलिस

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर के स्थानीय थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के नीलामी मोड़ स्थित बघार में एक 35 वर्षीय युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक की शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हालांकि, पुलिस युवक की मौत के मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के बारे में वास्तविक जानकारी मिल पाएगी।



**परिजनों ने पुलिस को दी घटना की जानकारीः** मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक काजीपुर गांव निवासी भोला यादव के बेटे विनोद यादव है। वहीं, परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुबह दस बजे के करीब घर से खाना खाने के पश्चात मक्के की खेत की रखवाली करने के लिए गया हुआ था। इसके बाद शाम के समय परिजनों को सूचना मिली की विनोद यादव मक्के के खेत के किनारे बेसुध पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन भागे-भागे मक्के की खेत पर पहुंचे। तो उन्होंने देखा कि मृतक मक्के के खेत के समीप मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। वहीं, परिजनों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि व्यक्ति की मौत प्रथमदृष्टया लू लगने या फिर हार्ट अटैक से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बता दें कि क्षेत्र में संदेहास्पद स्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। अभी एक दिन पहले ही चक्की में सड़क किनारे एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद की गई थी।

# चौसा थर्मल पावर प्लांट में पुलिस वैन का एक्सीडेंट

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर के चौसा थर्मल पावर में गश्ती के दौरान पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। जिन्हें अन्य साथियों के मदद से चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। डॉक्टर द्वारा बताया गया की फिलहाल सभी सिपाहियों का इलाज चल रहा है। सभी खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के चौसा में 1320 मेगा वॉट का थर्मल पॉवर का निर्माण चल रहा है। जहां किसान आंदोलन के दौरान 11 जनवरी 2023 को बवाल,थर्मल पॉवर में आगजनी किया गया था। जिसके बाद से थर्मल पॉवर की सुरक्षा में बीआईएसएफ़ को लगाया गया है। जिसमें सभी सिपाही वाहन में सवार होकर डयूटी से लौट रहे थे, तभी वाहन अनियंत्रित हो पलट गई। इस



हादसे में घायलों की पहचान सतीश कुमार (29) ,संतोष कुमार (28) ,छोटी कुमारी (23) ,लवली कुमारी (26),सुरेश रजक (51) के रूप में हुई। फिलहाल सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

**शाम तक सभी को किया जाएगा डिस्चार्जः** डॉक्टर विमल कुमार ने कहा की वाहन एक्सीडेंट में जख्मी पांच सिपाही हॉस्पिटल पहुंचे हुए है। सभी का इलाज समय से शुरू कर दिया गया है। एक सिपाही के सर में गंभीर चोट आई थी। अन्य की भी हालत खराब था। फिलहाल सभी खतरे से बाहर है। आगे शाम तक स्थिति ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

## स्नातक टू परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

# 2 से 5 जून तक भरे जाएंगे फॉर्म, 100 रुपए देना होगा विलंब शुल्क

निज संवाददाता | आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातक सेमेस्टर-टू 2023-27 की परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की तरफ से एक आखिरी मौका दिया गया है। 2 जून रविवार को परीक्षा फॉर्म भरने का पोर्टल खोला जाएगा। अब तक परीक्षा फॉर्म जो भी विद्यार्थी नहीं भरे हैं वह दो से पांच जून तक भर सकते हैं। 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख निर्धारित की गई है। बता दें कि सेमेस्टर 2 में 88000 विद्यार्थी हैं। करीब 8000 विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित है। परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर अनवर इमाम ने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरकर कॉलेज से सत्यापन कराया जाना है। बिना सत्यापन के एडमिट कार्ड जारी नहीं होगा।

**61 केंद्र बनाए जा रहे हैंः** मालूम हो कि 13 जून से स्नातक सेमेस्टर 2 की परीक्षा होनी है। इसके लिए परीक्षा का प्रोग्राम जारी कर दिया गया है। साथ ही केंद्र का निर्धारण किया जा रहा है। परीक्षार्थियों की अधिक संख्या रहने से केंद्र की संख्या बढ़ाई गई है। इस बार विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के द्वारा 61 केंद्र बनाए जा रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक इमाम ने बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्र हित में फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई है।

# पंचायत के तीसरे सीजन एपिसोड से छा गए विशाल

निज संवाददाता | आरा

ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन वीडियो पर मशहूर वेब सीरीज पंचायत का तीसरा सीजन स्ट्रीम हो रहा है। इस स्ट्रीम में आरा के विशाल यादव ने अभिनय किया है। विशाल ने अभिनय की बारीकी सीखते-समझते हुए मुंबई में अपना मजबूत कदम रखा है। इससे पहले ड्रीम गर्ल-2 में आयुष्मान खुराना और विजय राज के साथ एक छोटा सा रोल किया था। भरत नगर डायरी मिनी सीरीज में भी काम किया। फ्लिप कार्ट के विज्ञापन में मशहूर अभिनेता सौरभ शुक्ला के साथ नज़र आये है। कुल चार एपिसोड वाले पंचायत के तीसरे सीजन के दूसरे, तीसरे और चौथे एपिसोड में अब नज़र



आ रहे है। विशाल की इस उपलब्धि से आरा के लोगो में काफी खुशी है। विशाल आरा के बहिरो गांव के निवासी है। विशाल ने पांचवी कक्षा से ही मंच पर नाट्य अभिनय की शुरुआत की थी , लेकिन पेशेवर अभिनय चर्चित रंगकर्मी चंद्रभूषण पांडेय के सानिध्य में आरंभ किया, जहां से मेहनत करने और आगे बढ़ने का अनुशासनबद्ध हौसला मिला। विशाल उस समय सातवीं कक्षा के छात्र थे। चंद्रभूषण पांडेय के सानिध्य में ही भारतीय हिंदी नाट्यशास्त्र का गहन और बारीक अध्ययन आरंभ किया। फिर मशहूर लेखक नाट्य लेखक धर्मवीर भारती की कालजयी नाटक अंधा युग में विशाल ने अश्वथामा का किरदार निभाया।

इस किरदार के बाद ही नाटक के रसिकों के बीच विशाल के अभिनय की चर्चा होने लगी। चंद्रभूषण पांडेय ने बताया कि मेरे यहां बहुत सारे लड़के सीखने आते थे, सभी जल्दबाजी में सफलता हासिल करना चाहते थे। विशाल, उस समय उन सब में सबसे कम उम्र का था। उसने मर्यादापूर्वक अभिनय सीखा। उसे एक बड़े फलक पर अभिनय करते हुए देखकर आज बहुत गर्व हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो को खरीफ महोत्सव का होगा आयोजन

**नारायणपुर।** आगामी दो जून को बिहपुर कृषि भवन कार्यालय में खरीफ अभियान 2024 के तहत खरीफ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रखंड लेखापाल धीरज कुमार ने दी। बताया कि इस महाअभियान में किसानों को मोटे अनाज की जानकारी के साथ क्लस्टर योजना की जानकारी विशेष तौर पर दी जाएगी। इसमें सबौर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भी किसानों से मुखातिब होंगे।

### नाबालिग के अपहरण और रेप में एक को 20 साल की जेल

**भागलपुर।** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश रंजीता कुमारी के कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के दोषी विपिन कुमार कुशवाहा को पॉक्सो चार एक्ट में 20 साल की सजा सुनाई है। शुक्रवार को सजा के बिंदु पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने विपिन कुमार कुशवाहा को अलग-अलग अन्य धाराओं में भी सजा दी। बहस में सरकार की ओर से शामिल हुए विशेष लोक अभियोजक शंकर जयकिशन मंडल ने कहा कि घटना लोदीपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई थी। विपिन कुमार कुशवाहा पर नाबालिग का अपहरण करने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था।

### मनरेगा का सोशल ऑडिट 10 जून से 12 मार्च तक

**भागलपुर।** सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का सामाजिक अंकेक्षण कराने के लिए जिले का कैलेंडर तैयार किया जाएगा। इसके लिए 10 जून से 12 मार्च, 2025 तक सभी पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण किया जाएगा। इसके लिए डीएम ने आदेश जारी किया है। इसमें 21 बिंदुओं पर पहल की जाएगी। इसमें कहा गया है कि सामाजिक अंकेक्षण की किसी प्रक्रिया में संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी की ओर से हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

### साहब अभी मैं जिंदा हूं... मुझे वृद्धा पेंशन दिलवा दीजिए

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के हरदेवचक की सबीरन बीवी ने वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन दिया, पर लापरवाह सरकारी कर्मचारी ने उसे मृत घोषित कर दिया। लंबे समय तक जब आवेदन पर कार्रवाई नहीं हुई तो वृद्धा ब्लॉक में पहुंची, जहां वह खुद को कागज में मृत देख दंग रह गई। अब पीड़ित वृद्धा सरकारी कागजात में खुद को जिंदा कर पेंशन दिलाने की गुहार अधिकारियों से लगाकर परेशान हो रही है। वृद्धा सबरीन बीवी ने बताया कि मुझे वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। कई बार इसकी जानकारी ली लेकिन ब्लॉक के पेंशन जल्द मिल जाने का आश्वासन देकर टरकाते रहे। लेकिन जब परेशान हो गई तब कुछ जानकार लोगों व वार्ड सदस्यों को इसकी जानकारी दी। फिर पता चला कि उसे कर्मचारी ने सरकारी कागजात में मृत करार दे दिया है। जबकि लाभार्थी का एसएसपीएमईएस संख्या 22413356195913575 है। आवेदन के स्टेटस में डेथ बेनेफिशरी दिखाई दे रहा है। आवेदिका ने बीडीओ, डीएम से आवेदन की जांच कर पेंशन दिलाने की मांग की है।

### बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में 15 से सौंदर्यीकरण का काम होगा शुरू




**भागलपुर।** बाबा बूढ़ानाथ मंदिर में 15 जून से मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम शुरू होगा। इसको लेकर बूढ़ानाथ मंदिर समिति के सदस्य तैयारी में जुट गये है। मंदिर की सुंदरता बढ़ाने के लिए समिति के सदस्यों ने ग्रेनाइट और टाइल्स लगाने का निर्णय लिया है। बूढ़ानाथ मंदिर के मैनेजर वाल्मिकी कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण का काम बहुत पहले से चल रहा है। लेकिन बीच में भीषण गर्मी होने की वजह से बीच में मजदूरों ने काम करना बंद कर दिया था। जिसकी वजह से सौंदर्यीकरण का काम बंद हो गया था। अब फिर से 15 जून से काम शुरू होगा। इस संबंध में बैठक कर निर्णय लिया जाएगा कि मंदिर के किस-किस हिस्से में ग्रेनाइट और टाइल्स लगेगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले मंदिर के मुख्य मंदिर के गर्भ गृह में ग्रेनाइट और टाइल्स लगाने का काम शुरू होगा। इसके बाद अलग-अलग हिस्से में लगेगा। मंदिर के सौंदर्यीकरण काम पूरा होने के बाद मंदिर नये स्वरूप में दिखेगा। बूढ़ानाथ आस्था की अमूल्य धरोहर अंग प्रदेश में पड़ने वाली गंगा नदी के तट पर स्थित बाबा बूढ़ानाथ मंदिर जिसे वृद्धेश्वरनाथ मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह हिंदू मंदिर भगवान शिव (बूढ़ानाथ) को समर्पित है। यह आस्था की अमूल्य धरोहर है। इसकी गौरव गाथा बहुत प्राचीन है। सावन में पूरे महीने इस मंदिर में प्रत्येक दिन लाखों श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। इस मंदिर में भगवान शिव माता पार्वती और शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा और अन्य हिंदू देवताओं की प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं। पंडित बताते है कि इस मंदिर के किनारे बूढ़ानाथ घाट है जहां लोग गंगा नदी में पवित्र स्नान करते हैं।

### भोलानाथ फ्लाईओवर का काम धीमा, रेलवे का एनओसी न मिलने से 6 पिलर का काम शुरू नहीं



**भागलपुर।** भोलानाथ फ्लाईओवर का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। दो साल में काम को पूरा करना है। एक साल बीत गए, लेकिन करीब 35 प्रतिशत काम ही हुआ है। पिछले साल 16 जून से काम शुरू हुआ था। बौंसी और भोलानाथ रेल पुल के बीच में छह पिलर का काम शुरू नहीं हो पाया है। रेलवे का एनओसी नहीं मिलने के कारण इस भाग का काम शुरू नहीं हुआ है। ड्रेनेज का काम भी 40 प्रतिशत ही हुआ है। एजेंसी ने यह काम बंद कर दिया है। मशीन खराब होने के कारण पिछले दो दिन से पिलर की पाइलिंग का काम भी बंद है। काम बंद होने के कारण ट्रैफिक ब्लाक के बावजूद राहगीर गुजरने लगे हैं। पिछले दो दिन में तीन लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। तीन हिस्सों में होना है काम, दो में ही हो रहा, इसलिए हो रही है देर फ्लाईओवर का काम तीन हिस्सों में होना है। लेकिन दो हिस्सों में ही काम हो रहा है। 87 करोड़ रुपए से मिरजान के शीतला स्थान चौक से भीखनपुर गुमटी नंबर तीन तक 1392 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनना है। काम की शुरुआत शीतला स्थान चौक से बौंसी रेल पुल के बीच हुई। इस हिस्से में सात पिलर खड़े हो चुके हैं। भीखनपुर की ओर 16 पिलर पर काम चल रहा है। 15 से 29 नंबर पिलर की पाइलिंग पूरी कर ली गयी है। बौंसी और भोलानाथ पुल के बीच 6 पिलर का निर्माण के लिए पिछले साल जून में ही रेलवे से एनओसी की दोबारा मांग की गयी थी। जिसे अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। शुरुआती काम के कारण धीमा लग रहा निर्माण शुरू करने से पहले काम की रफ्तार धीमी लगती ही है। पाइलिंग और सब स्ट्रक्चर का काम समाप्त होते ही काम की रफ्तार तेज लगने लगेगी। बिजली के तार की शिफ्टिंग 50 प्रतिशत तक करा ली गयी है।

# 14 साल के किशोर को बदमाशों ने मारी गोली, इलाज जारी

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर मिल्की आम के बगीचा में आज शनिवार की दोपहर एक 14 वर्षीय किशोर को पांच बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। गोली लगने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने उठाकर सदर अस्पताल इलाज के लिए लाया। यहां डॉक्टर की ओर से इसका इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में गोली लगने से घायल शंकरपुर मिल्की के रहने वाले वन कर्मी वरुण यादव का 14 वर्षीय छोटा बेटा चांद ने बताया कि वह अपने भाई और दोस्तों के साथ आज सुबह आम का बगीचा पहुंचा था। आम के बगीचे की देखभाल हम लोग प्रतिदिन कर रहे हैं।

**घटना को अंजाम देकर अपराधी फरारः** उसी को लेकर आज भी गए थे। इसी दौरान वहां 4-5 अपराधी टाइप के लोग आये। उसमें से अरुण यादव ने मुझ पर गोली चला दी। उन्होंने कहा कि हमारे सिर को छूते हुए गोली निकल गई। सिर के कुछ हिस्से को नुकसान भी पहुंचा है और मैं घायल होकर वहीं गिर गया। घायल होने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इसके बाद लोगों ने घायल चांद को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर मुफसील थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और घटनास्थल पर भी जाकर जांच में जुट गई है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**

इस संबंध में घायल की परिजन रूबी देवी ने बताया कि हम लोगों के बगीचे में अपराधी तत्व शराब बैठ कर पीते हैं और बगीचे के पास सड़क किनारे एक दुकान में अवैध शराब यह लोग बेचते हैं।

हम लोगों की ओर से बगीचा में बैठना शुरू किया गया है। इसके बाद से इनका शराब बिक्री बंद हो गया है। इसी को लेकर उन लोगों ने यह घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ने कहा कि 14 वर्षीय किशोर घायल हुआ है। इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# JDU महानगर अध्यक्ष को बीच सड़क पीटा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में जदयू महानगर अध्यक्ष राजा यादव की बदमाशों ने शनिवार को जमकर पिटाई कर दी। मामला विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के परवती चौक के पास का है। पीटने वालों ने उनके पकड़े फाड़ दिए और उसी हालत में भरे बाजार में घसीटा। लाठी-डंडे से पीटा। राजा यादव अपने पास के एक प्लॉट के निर्माण में जुटे मजदूरों संग पिटाई की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी पिटाई कर दी गई। पीटने वालों लोगों का कहना था कि ये प्लॉट उनका है। राजा यादव इस पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा था। मारपीट की ये घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर दो थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस से जदयू नेता ने लिखित शिकायत कर बदमाशों पर कार्रवाई की मांग की है।

**क्या है मामलाः** राजा यादव के करीबी सूरज कुमार ने बताया कि उनके प्लॉट पर काम चल रहा था। पास ही एक दुकान में वो बैठे हुए थे। तभी धनंजय यादव, कन्हैया यादव, पलटू यादव समेत 10 लोग प्लॉट पर पहुंचे और मजदूरों को पीटने लगे। मशीन को फेंकना शुरू कर दिया और काम को बंद करवा दिया। इस सूचना पर जदयू के महानगर अध्यक्ष राजा यादव मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपियों ने सड़क पर उनकी ही पिटाई शुरू कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय रेफरल अस्पताल ले जाया गया है। जहां पर फिलहाल उनका इलाज जारी है। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मामले में सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली थी। स्थिति तनावपूर्ण थी। पुलिस बल को वहां पर तैनात कर दिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# पत्नी ने शराब पीने से मना किया तो खाया जहर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर मायागंज में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने पहुंचे परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से दोनों पति-पत्नी में शराब पीने को लेकर विवाद चल रहा था। पत्नी अपने पति को शराब पीने से मना कर रही थी, लेकिन पति इस पर एतराज जता रहा था। वहीं पत्नी के मना करने पर उसने जहर खा लिया। मृतक की पहचान मुंगेर के सदीपुर निवासी के तानिकलाल चौधरी के बेटे पंकज चौधरी (35) के रूप में हुई है। दोनों के दो बच्चे हैं। पंकज के मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के साले ने बताया कि जहर खाने की सूचना मिलने पर हम लोगों ने निजी अस्पताल में एडमिट करवाया था, लेकिन वहां से डाक्टरों ने सदर अस्पताल भेजा दिया। इसके बाद वहां से बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने कल मृत घोषित कर दिया। कल काफी रात हो गई थी इसलिए पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। आज शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



♦ भागलपुर में इलाज के दौरान गई जान, पति-पत्नी के बीच अक्सर होता था विवाद

# लव मैरिज के बाद साले की हत्या, अब पत्नी को छोड़ा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में पांच साल पहले साले की हत्या की और अब अवैध संबंध के लिए पति अपनी पत्नी को रखने के लिए तैयार नहीं है। उसका दो बार गर्भपात तक करवा दिया। पिछले 2 साल से पीड़िता भटक रही है। सात साल पहले दंपती का लव मैरिज हुआ था। अब पति का अन्य महिलाओं से चक्कर चल रहा है। आरोपी पति अपनी पत्नी को लड़कियों की अश्लील फोटो भेजकर कहता है मैं इसी से शादी करूंगा। मुझे किसी का डर नहीं है। जहां जाना है जाओ। मेरा कोई बिगाड़ नहीं सकता है। आरोपी नाथ नगर थाना क्षेत्र रसीदपुर निवासी शंभू पासवान के बेटा गोविंद पासवान है। जो पुलिस लाइन में रसोइया है। पीड़िता शीशम ने परेशान होकर वरीय पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है।

**आरोपी पति पुलिस लाइन से फरारः** आरोपी पति फिलहाल पुलिस लाइन से फरार हो गया है। वो करीब एक साल से वहां काम कर रहा था। दोनों का 2015 में लव मैरिज हुआ था। लड़की के भाई को यह रिश्ता पसंद नहीं था। वो इस रिश्ते का विरोध करता था। इसी कारण आरोपी पति ने 2019 अपने साले की हत्या कर दी थी। इस मामले में वो जेल भी गया था।



♦ पुलिस लाइन का रसोइया दो बार गर्भपात कराकर दे रहा दूसरी शादी की धमकी, बीवी को भेज रहा अश्लील फोटो

**पत्नी का दो बार गर्भपात भी करायाः** आवेदन में पीड़िता ने अपने पति पर आरोप लगाया है कि उसने मेरा दो बार गर्भपात भी कराया है। मेरा पति भागलपुर पुलिस लाइन में काम करता है। इसलिए पुलिस पदाधिकारियों से उसका संपर्क है। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में है जिस कारण अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। मैं स्थानीय थाना, महिला थाना और वरीय पुलिस अधीक्षक तक आवेदन दे चुकी हूं, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भागलपुर सिटी एसपी श्री राज ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए महिला थाना को जांच के लिए कहा गया है।

# मुंगेर में किशोरी ने हाथों पर लगाया कलर, बनाया पेंटिंग, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया विश्व स्वास्थ्य माहवारी दिवस

निज संवाददाता। मुंगेर

दुनिया भर में हर साल 28 मई को विश्व मानसिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युवतियों और महिलाओं को महामारी के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने के प्रति जागरूकता करने के लिए कई तरीके के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मुंगेर में 28 मई से इस कार्यक्रम को लेकर सप्ताह दिवस के रूप में यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसे लेकर आज मुंगेर के सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। किशोरी से लेकर महिलाओं तक विश्व मानसिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता किया गया। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर मुंगेर जिला अंतर्गत बरियारपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालय चिरैयाबाद केंद्र संख्या 13 सेविका संजू कुमारी, सहायिका करुणा कुमारी और आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक भवन चिरैयाबाद केंद्र संख्या 111 सेविका प्रियदर्शनी कुमारी, सहायिका चंदा देवी, संयुक्त रूप से जागरूक संदेश देने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोषक क्षेत्र के किशोरी बालिका को माहवारी से दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 111 सामुदायिक भवन चिरैयाबाद में किशोरी बालिका ने अपने हाथों में कलर लगाकर माहवारी दिवस को दर्शाया इसके बाद गांव में जागरूक रैली निकाली गई। इसके बाद किशोरी ने कार्यक्रम के दौरान कागज पर पेंटिंग बनाकर माहवारी स्वच्छता का जागरूकता संदेश दिया गया। इस मौके पर सेविका प्रियदर्शनी कुमारी और संजू कुमारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले यह महामारी के बारे में लोगों को अत्यधिक जागरूकता नहीं रहने के कारण महिलाएं जैसे तैसे रह जाती थी। लेकिन अब सरकार द्वारा माहवारी को लेकर काफी जागरूकता के साथ-साथ किशोरी और महिलाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। जिसे लेकर अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्र पर भी जागरूकता फैलाया जा रहा है। वहीं, सेविका ने अपील करते हुए कहा कि महामारी के समय सैनिटरी पैड का उपयोग करें और स्वच्छता का ख्याल रखें। इससे की होने वाले अनेक तरह की बीमारी से बचा जा सके। मौके पर रजनी देवी, वंदना देवी, रूबी देवी, अमृता देवी, पूनम देवी सहित अन्य महिला मौजूद थे।



# भागलपुर में मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को लेकर शुक्रवार को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति जवाहरलाल ने दीप प्रज्वलित कर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तमाम कर्मी और अनेकों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं, टीएमयू भागलपुर के कुलपति ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के 100 मीटर के दायरे में न ही कोई तंबाकू का सेवन करेंगे और न ही तंबाकू की बिक्री होगी। एक सप्ताह तक NSS के वॉलेंटियर्स तंबाकू बिक्री करने वाले दुकानदार को समझाएंगे रिझाएंगे। अगर एक सप्ताह के बाद भी तंबाकू का सेवन और बिक्री विश्वविद्यालय के एक मीटर के दायरे में होती है तो मैं जिला प्रशासन को लिखित शिकायत कर उन्हें सजा और जुर्माना लगवाने का कार्य करूंगा। इधर, सदर अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सिविल सर्जन डॉ.अंजना कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली अस्पताल परिसर से निकलकर घंटाघर चौक, भगत सिंह चौक होकर फिर घंटाघर चौक होते हुए सदर अस्पताल परिसर में आकर समापन हुआ। रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जिले ने हर दिन कैंसर के 6 से 7 नए मरीज मिल रहे हैं, जो कि तंबाकू, पान गुटखा के सेवन से होता है। वहीं, धूम्रपान से सीओपीडी, अस्थमा और हृदय रोग होने का खतरा होता है। इस मौके पर सदर अस्पताल के प्रभारी डॉ.राजू, IDA अंग प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विनोद कुमार, हॉस्पिटल मैनेजर आशुतोष कुमार समेत दर्जनोx ANM छात्राओं की मौजूदगी रही।

# गिट्टी में मिट्टी मिलने पर निर्माण कार्य रोका

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर प्रखंड स्थित रजांदीपुर में सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि वार्ड नंबर-6 में बन रही सड़क में ठेकेदार से लेकर जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार कर रहे हैं। निमार्ण कार्य में लगाए जा रहे हैं गिट्टी बालू में मिट्टी मिला हुआ है। जबकि ईंट टूटी लगाई जा रही। जिससे सड़क ज्यादा नहीं टिकेगी। इसी को लेकर शनिवार की सुबह जमकर विरोध किया और रोड निर्माण कार्य को रोक दिया। सूचना पर वार्ड पति पप्पू दास पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि गिट्टी मिल से आता है। हल्का मिट्टी मिला हुआ रहता ही है। ग्रामीण इसको लेकर विरोध कर रहे हैं। बता दें कि पिछले कई दिनों से राजंदीपुर में वार्ड नंबर 6 में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया गीता कुमारी से की थी, लेकिन उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया।



कहलगांव के ठेकेदार को यह टेंडर मिला है। उसके तहत कार्य करवाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण शेखर मंडल ने बताया कि सड़क निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। जिसको लेकर हम लोग विरोध कर रहे हैं। निर्माण कार्य में लगाई जा रही ईंट टूटी हुई है। गिट्टी और बालू में पूरी तरह मिट्टी मिली हुई है। इधर, मामले को लेकर वार्ड पति पप्पू दास ने बताया कि मिल से गिट्टी आता हैं उसमें हल्की मिट्टी आई है।

# आर्मी जवान की बेटी बोली-पापा चॉक्लेट लेकर आ रहे हैं

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की जानकी नगर पंचायत स्थित हरदिया बाद निवासी योगेंद्र यादव के 34 साल के बेटे आर्मी जवान चंदन कुमार यादव की मौत दिल्ली में सड़क हादसे में हो गई। चुनाव ड्यूटी संपन्न कराने के बाद जवान सड़क हादसे का शिकार हो गए। जवान का पार्थिव शरीर शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पहुंचा। इसके बाद सड़क मार्ग से आर्मी के सूबेदार संजय मिश्रा आर्मी वाहन से लेकर मुंगेर पहुंचे। तिरंगे में लिपटे शव को देखकर परिवार वालों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गई। युवाओं ने जब शहीद चंदन अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा चंदन तेरा नाम रहेगा जैसे नारे लगाए तो पिता योगेंद्र यादव, मां संजू देवी, पत्नी खुशबू कुमारी, छोटी बेटी ईशानी कुमारी और दिव्यांशी कुमारी की आंखों में आंसू निकल पड़े। श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सामाजिक, राजनीतिक पार्टी के नेता कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।



**जनवरी में घर आया था चंदनः** जनवरी में 10 दिन की छुट्टी में चंदन अपने घर आया था। छुट्टी बिताने के बाद यह कह कर गया था कि जून में फिर आएंगे। माता-पिता पत्नी बच्चे से मिलकर चंदन ड्यूटी पर लौट गया। दिल्ली आर्मी हेड क्वार्टर कैंप पहुंचने के बाद हर दिन परिवार वालों से बातचीत करता था। हंसमुख और नेक दिल इंसान चंदन के दुनिया में नहीं रहने की खबर से पूरा हरदिया बाद गांव सन्नाटा पसर गया।

**चॉकलेट लेकर पापा आ रहे हैंः** जवान चंदन का शव पहुंचने के बाद जहां चारों ओर रोने की आवाज निकल रही थी। वहीं जवान की दो वर्ष की बेटी दिव्यांशी यह कह रही थी कि पापा चॉकलेट लेकर आ रहे हैं। बड़ी बेटी ईशानी कहती है पापा बोल कर गए थे कि गर्मी छुट्टी में आएंगे तो वाटर पार्क घूमने चलेंगे। पिता से चंदन ने वादा किया था कि घर के सारे अधूरे कार्य को गर्मी छुट्टी में निपटा देंगे। परिवार से किए वादे को तो चंदन पूरा नहीं कर सका पर पिता ने रोते हुए यह जरूर कहा कि अब तो घर की सभी जिम्मेदारी को हम ही को पूरा करना पड़ेगा। चंदन कुमार 10 साल पहले लायंस नायक के पद पर 2013 में आर्मी में योगदान दिया था। नौकरी लगने के बाद 2017 में हवेली खड़गपुर के लड़ई गांव के किसान अरविंद यादव के पुत्री खुशबू कुमारी के साथ हुई थी। शहीद जवान को दो पुत्री है, जिसके सिर से पिता का साया उठ गया।

♦ बड़ी बेटी से वाटर पार्क जाने का वादा किया था, मुंगेर में तिरंगे में लिपटे आए, दी गई आखिरी सलामी

### बिहार-झारखंड पेंशन विवाद

# दोनों राज्यों के महालेखाकारों को गृह मंत्रालय ने दिया सही आंकड़े जुटाने का निर्देश

निज संवाददाता



**पटना।** अब तक कई प्रयास हुए, लेकिन बिहार और झारखंड के बीच पेंशन विवाद का निबटारा नहीं हो पाया। बहरहाल एक और पहल हो रही है। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद दोनों राज्यों के महालेखाकार पेंशन पेमेंट आर्डर (पीपीओ) के वास्तविक आंकड़े जुटा रहे। बिहार में इसके लिए वित्त विभाग की ओर से तीन सदस्यीय समिति का गठन हुआ है, जिसे बैंकों से पीपीओ का मिलान करना है। पिछले दिनों गृह मंत्रालय ने दोनों राज्यों के महालेखाकार को निर्देश दिया था कि पेंशन मद में कितनी राशि का भुगतान हुआ और कितना बकाया है, इसका सही आंकड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। यह निर्देश पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक के बाद दिया गया। 10 दिसंबर, 2023 को पटना में हुई उस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की थी। उस दौरान भी बकाये पेंशन का मुद्दा उठा था। दरअसल, पेंशन राशि के भुगतान व प्राप्ति से संबंधित दोनों राज्यों के आंकड़े मेल नहीं खा रहे। अब तीन सदस्यीय समिति को बैंकों के सहयोग से पीपीओ का रैंडम मिलान कर सही जानकारी जुटानी है। उल्लेखनीय है कि पीपीओ 12 अंकों का यूनिक नंबर होता है। उसमें पेंशन योजना से जुड़ी सभी जानकारी होती है। पेंशन प्राप्त करने के लिए यह नंबर आवश्यक होता है।विवाद की जड़ का कारण दोनों राज्यों के अपने-अपने तर्क हैं। राज्य के बंटवारे के समय तय हुआ था कि उस समय तक कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली पेंशन में एक तिहाई का भुगतान झारखंड करेगा। शेष दो तिहाई राशि का वहन बिहार करेगा। इसी आधार पर बिहार बकाया 847 करोड़ रुपये की मांग कर रहा। जनसंख्या को आधार बनाते हुए झारखंड देनदारी से मुकर रहा है। उसका तर्क है कि झारखंड के साथ ही छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड का भी गठन हुआ था। वहां ऐसे विवादों के निबटारे के लिए जनसंख्या को आधार बनाया गया है। उसी आधार पर झारखंड का कहना है कि वह एक तिहाई यानी 33 प्रतिशत के बजाय 25 प्रतिशत राशि देने के लिए बाध्य है।

## चिराग पासवान ने मां के साथ अयोध्या में किए रामलला के दर्शन

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव का प्रचार खत्म होने के बाद लोजपा-रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सपरिवार अयोध्या में जाकर रामलाल का दर्शनकिया। उन्होंने हनुमागढ़ी में भी पूजा-अर्चना की। चिराग के साथ उनकी मां रीना पासवान अलावा बहन-बहनोई और अन्य सगे संबंधी मौजूद थे। चिराग ने पत्रकारों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत माता की जय अब सिर्फ नारा ही बनकर नहीं रह गया है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया भर में भारत माता का मान बढ़ाया है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी शुक्रवार को भी यात्रा में रहे। चुनाव प्रचार का शोर थमने के बाद वह शुक्रवार को गया जिले के अतरी विधानसभा अंतर्गत अपने गांव महकार पहुंचे।



यहां उन्होंने समर्थकों से मुलाकात और चुनावी चर्चा के बाद आराम किया। मांझी का गांव जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। ऐसे में वह और उनके पुत्र एवं राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन शनिवार को मतदान करेंगे। संतोष सुमन शनिवार को सुबह मतदान करने के लिए महकार रवाना होंगे। यहां 38 नंबर बूथ पर दोनों पिता-पुत्र सपरिवार मतदान करेंगे।

## प्राइवेट स्कूलों की बढ़ी टेंशन, विद्यालयों पर ताला लगा सकता है शिक्षा विभाग

निज संवाददाता

**पटना।** शिक्षा विभाग के पोर्टल पर बिना पंजीयन के चल रहे निजी स्कूलों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू हो गई है। अभी निजी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी चल रही है। गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद कक्षा एक से आठ तक संचालित निजी स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। जिन निजी स्कूलों का शिक्षा विभाग के पोर्टल पर पंजीयन नहीं होगा, उन पर सख्त कार्रवाई जाएगी। हो सकता है कि ऐसे स्कूलों को सील भी कर दिया जाएगा। विद्यार्थियों के भविष्य खराब करने के आरोप में स्कूल संचालक पर प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सरकारी स्कूलों की तरह अब निजी स्कूलों का भी प्रतिदिन निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण कर्मियों को एक दिन में कम से कम 10 स्कूलों का निरीक्षण कर उसका रिपोर्ट जिला शिक्षा कार्यालय को सौंपना है। निरीक्षण कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने जाएं तो अपने क्षेत्र में स्थित निजी स्कूलों की जांच भी करते आएंगे और उसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट कार्यालय को देंगे। जिले में करीब चार हजार कक्षा एक से आठ तक के निजी स्कूल चल रहे हैं। इनमें से मात्र 856 निजी स्कूल पंजीकृत है। उच्च माध्यमिक स्तर के निजी स्कूल तो यू-डायस और ई-संबंधन पोर्टल पर पंजीयन कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्कूल बिना पंजीयन के ही स्कूल संचालित करते हैं। निजी स्कूलों में निरीक्षण के दौरान किन-किन मानकों की जांच करना है, इसका फॉर्मेट जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से तैयार कर लिया गया है। फॉर्मेट में कुल 15 कालम दिए गए हैं। जिसे भर कर उसकी रिपोर्ट प्रतिदिन निरीक्षण कर्मियों को सौंपनी होगी। फॉर्मेट में स्कूल में आरटीई के तहत नामांकन लेने वाले बच्चों की जानकारी, यू-डायस कोड, ई-संबंधन पोर्टल पर पंजीयन, कुल शिक्षक और कर्मी की संख्या, स्कूल की ओर से संचालित की जाने वाली वाहनों का पंजीयन, वाहन के मानक, वाहन चालक की संख्या, स्कूल परिसर का क्षेत्र ,अग्नि सुरक्षा, पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था आदि निरीक्षण कर्मियों को देना होगा।

# सीमांचल व कोसी का कुख्यात अपराधी प्रमोद यादव पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- **प्रमोद मधेपुरा के बिहारीगंह थाना क्षेत्र के हथिऔंधा सिंदुरिया टोला का रहने वाला था। गुप्त सूचना के आधार पर बिहार एसटीएफ और मधेपुरा पुलिस की संयुक्त टीम कुख्यात प्रमोद यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची थी।**

निज संवाददाता



**पटना।** सीमांचल और कोसी इलाके का कुख्यात और तीन लाख का इनामी अपराधी प्रमोद यादव शनिवार को पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसपर पूर्णिया, कटिहार एवं मधेपुरा जिले के विभिन्न थानों में हत्या, डकैती, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट और पुलिस पर हमला करने जैसे 20 से अधिक कांड दर्ज हैं। इसके साथ ही रांची के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू से भी प्रमोद यादव का संबंध था। पुलिस के अनुसार, वह उसके गुर्गों को पनाह देता था। प्रमोद मधेपुरा के बिहारीगंह थाना क्षेत्र के हथिऔंधा सिंदुरिया टोला का रहने वाला था। गुप्त सूचना के आधार पर बिहार एसटीएफ और मधेपुरा पुलिस की संयुक्त टीम कुख्यात प्रमोद यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस को देखते ही प्रमोद यादव और उसके गैंग ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें गिरोह का सरगना प्रमोद यादव मारा गया। घटनास्थल से पुलिस ने नौ एमएम की एक कार्रबाइन, 7.65 एमएम की एक पिस्टल, 0.315 एमएम की एक पिस्टल और 35 कारतूस बरामद किए हैं। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर वरीय पुलिस पदाधिकारी और एफएसएल की टीम पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, प्रमोद यादव वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। वर्ष 2020 के जनवरी माह में पूर्णिया जिले के धमदाहा थाना अंतर्गत उसने अपने गैंग के साथ पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया था। जून, 2020 में जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर वह फर्जी पुलिस बनकर आया और अपने गांव हथिऔंधा के ही इन्द्रदेव की गोली मारकर हत्या कर दी। वर्ष 2021 में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पूर्णिया जिले के बड़हारा थाना क्षेत्र के मोजपट्टी गांव के अरुण कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अलावा भी कई आपराधिक कांड उसपर दर्ज हैं।

## मैसूर, हुबली और यशवंतपुर के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन

**पटना (नि.सं.)।** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा मुजफ्फरपुर से मैसूर एवं हुबली के लिए तथा गया से यशवंतपुर के लिए चलायी जा रही समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 06221/06222 मैसूर-मुजफ्फरपुर-मैसूर सुपरफास्ट समर स्पेशल (समस्तीपुर-बरौनी-कटिहार-मालदा टाउन के रास्ते) अब 10, 17 एवं 24 जून (सोमवार) को मैसूर से 10.30 बजे खुलकर बुधवार को 13.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी में अब 13, 20 एवं 27 जून (गुरूवार) को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे खुलकर शनिवार को 16.40 बजे मैसूर पहुंचेगी। गाड़ी सं. 07315/07316 हुबली-मुजफ्फरपुर-हुबली समर स्पेशल अब चार एवं 11 जून (मंगलवार) को 17.20 बजे खुलकर बुधवार को 05.15 बजे पुणे, गुरुवार को 11.15 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए 13.40 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी में, अब सात एवं 14 जून को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे खुलकर 14.50 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए शनिवार को 18.55 बजे पुणे तथा रविवार को 07.00 बजे हुबली पहुंचेगी। गाड़ी सं. 06217/06218 यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर समर स्पेशल यशवंतपुर से अब एक, आठ एवं 15 जून (शनिवार) को 07.30 बजे खुलकर सोमवार को 07.30 बजे गया पहुंचेगी।

# लोकसभा क्षेत्रों में उमस के बीच होगी वोटिंग, 44 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

निज संवाददाता




**पटना।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में बिहार के पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, जहानाबाद, नालंदा, काराकाट और सासाराम सीट पर मतदान होना है। इन जगहों पर होने वाले मतदान के दिन लोगों को उमस भरी गर्मी व कुछ भागों में उष्ण लहर के प्रभाव को झेलना पड़ेगा। उत्तरी भागों के अधिसंख्य भागों में मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ आंधी-पानी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राजधानी व आसपास इलाकों में आंशिक बादल छाए रहने के साथ आर्द्रता में वृद्धि होने के कारण उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास व न्यूनतम 27.0 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है। आरा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, भभुआ में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस, नालंदा व जहानाबाद में 38-40 डिग्री सेल्सियस के आसपास अधिकतम तापमान रहने का पूर्वानुमान है। रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और बक्सर जिले के कुछ स्थानों पर भीषण उष्ण लहर को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, शेष भागों में गर्म और उमस भरा दिन रहने की संभावना है। उत्तरी भागों के पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिले के एक या दो स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात एवं 40-50 किमी प्रतिघंटा हवा के रफ्तार के साथ भारी वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार की रात राजधानी समेत प्रदेश के अधिसंख्य भागों में पुरवा के तेज प्रवाह के साथ छिटपुट वर्षा से कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। राजधानी पटना के अधिकतम तापमान में चार डिग्री गिरावट के साथ 36.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। जबकि, 44.0 डिग्री सेल्सियस के साथ औरंगाबाद में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज होने के साथ (हीट वेव) लू का प्रभाव बना रहा। भोजपुर में चार डिग्री, अरवल में तीन डिग्री, औरंगाबाद में दो डिग्री, बक्सर में पांच डिग्री, गया में तीन डिग्री, नवादा में सात डिग्री, जमुई में पांच डिग्री, बांका में तीन डिग्री, बेगूसराय में चार डिग्री, वैशाली में छह डिग्री, मुजफ्फरपुर में पांच डिग्री, गोपालगंज में चार डिग्री, छपरा में चार डिग्री अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के किशनगंज, समस्तीपुर व पूर्णिया के अलग-अलग जगहों पर वर्षा दर्ज की गई। किशनगंज में सर्वाधिक वर्षा 84.4 मिमी, किशनगंज के ठाकुरगंज में 57.6 मिमी, बहादुरगंज में 44.2 मिमी, पूर्णिया में 40.7 मिमी, समस्तीपुर के ताजपुर में 40.6 मिमी, समस्तीपुर के रोसड़ा में 40 मिमी, पूर्णिया के ढेंगराघाट में 38.2 मिमी एवं पश्चिम चंपारण के बगहा में 36.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार तीन से चार दिनों के दौरान बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में मानसून दस्तक दे सकता है। वहीं, हवा के रूख में कल से बदलाव के आसार हैं। नमी युक्त पुरवा की जगह उत्तर पछुआ हवा का प्रवाह जारी रहने के आसार हैं।

## बिहार में तेजी से बढ़ रहे मुंह के कैंसर

**पटना (नि.सं.)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक आनंद ने तंबाकू से होने वाले नुकसान और ताजा शोध के बारे में लोगों को जानकारी दी। डॉ. आनंद ने बताया कि तंबाकू, चाहे वह सिगरेट, गुटखा, खैनी या सिगार किसी भी रूप में हो, कैंसर का एक प्रमुख कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, 40 से 50 प्रतिशत कैंसर के मामलों के पीछे तंबाकू का सेवन एक बड़ा कारण है। तंबाकू से होने वाले कैंसर में सबसे आम मुंह का कैंसर। भारत में विशेष रूप से बिहार और झारखंड जैसे क्षेत्रों में मुंह के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। डॉ. आनंद ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश, जागरूकता की कमी के कारण, अधिकांश कैंसर रोगी हमारे पास उन्नत चरण में आते हैं, जिससे उनका इलाज करना काफी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कैंसर के लक्षणों का जितनी जल्दी पता चल जाता है।

## बाढ़ स्टेशन पर महिलाएं कर रहीं खतरनाक काम, प्रशासन भी पूरी तरह से बेपरवाह

निज संवाददाता



**बाढ़।** बिहार के बाढ़ रेलवे स्टेशन पर पुराने जमाने के बनाए गए ऊपरी पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद रेल प्रबंधन ने ऊपरी पुल को बंद कर दिया है। अब उसे तोड़कर हटाने के बाद नए पुल निर्माण करने की कवायद में जुटा हुआ है। लेकिन, प्लेटफार्म बदलने के लिए महिलाएं नए पुल का उपयोग नहीं कर रही हैं। बंद किए गए ऊपरी पुल को गलत तरीके से पार करते हुए करीब चार से पांच फीट बैरिकेडिंग को खतरनाक तरीके से पार कर महिलाएं प्लेटफार्म बदलने का काम कर रही हैं। जो की जानलेवा साबित हो सकती है। थोड़ी सी चुक हो जाने से महिलाएं गिरकर जख्मी हो सकती हैं। बख्तियारपुर लिंक के समीप सिग्नल बदलने के चल रहे कार्य के कारण अप एवं डाउन लाइन की सभी ट्रेन मेमो पर चल रही है, इस दौरान डाउन लाइन की सभी ट्रेन बख्तियारपुर एवं अप लाइन की सभी ट्रेन अथमलगोला स्टेशन पर रुक रही हैं। सभी ट्रेन के चालकों को सिग्नल के बदले मेमो दिया जाता है और मेमो मिलने के बाद ट्रेन आगे की ओर रवाना होती है। जिसके कारण वंदे भारत समेत कई ट्रेनें विलंब से चल रही हैं। विदित हो कि बख्तियारपुर लिंक के समीप एनटीपीसी कोयला ले जाने हेतु पटना हावड़ा मेन लाइन के ऊपर रेल पुल बनाया जा रहा है, पुल बन जाने के बाद मेन लाइन के ऊपर से मालगाड़ी कोयला लेकर निर्वाध रुप से एनटीपीसी आवागमन करेगी। इसी सिलसिले में बख्तियारपुर लिंक के समीप सिग्नल बदला जा रहा है। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि बख्तियारपुर लिंक के समीप सिग्नल बदलने का कार्य चल रहा है जिसके कारण मेमो पर ट्रेन ट्रेन चलाया जा रहा है।

# मुश्किल में फंस सकते हैं लालू यादव, चुनाव आयोग में शिकायत लेकर पहुंची भाजपा

निज संवाददाता



**पटना।** अंतिम चरण के मतदान के दिन राजद सुप्रीमो लालू यादव की एक गलती उनपर भारी पड़ सकती है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी ने लालू यादव के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत डाली है और गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा ने एक पत्र लिखकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (बिहार, पटना) जिला निर्वाचन अधिकारी पटना को शिकायत से अवगत करवाया है। बीजेपी ने शिकायत में कहा है कि सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के दिन आज दिनांक 01.06.2024, दिन शनिवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-पूर्व मुख्य मंत्री लालू प्रसाद यादव अपनी पार्टी राजद का चुनाव चिन्ह लालटेन वाला पट्टा / गमछा गले में लपेट कर अपनी पार्टी राजद के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप को प्रदर्शित करते हुए मतदान केन्द्र के अंदर मतदान करने के लिए गए। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि वे मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर राजद के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे, इसके वजह से मतदान प्रभावित हो रहा है। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 130 के प्रावधानों से प्रतिबंधित है एवं दण्डनीय अपराध है। जिसकी सजा भी इस धारा के अंतर्गत निहित है। साथ ही साथ यह चुनाव आदर्श आचार संहिता के निर्देश सं० 135 की कंडिका 8 का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है एवं भारतीय दण्ड विधान की धारा 171 के अंतर्गत भी दण्डनीय अपराध है। अतः निवेदन है कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-पूर्व मुख्य मंत्री लालू प्रसाद यादव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया जाए एवं उचित कानुनी कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

## गायघाट से कंगनघाट के बीच जेपी पथ पर परिचालन शुरू, पटनावासियों को मिलेगी जाम से राहत

निज संवाददाता



**पटना सिटी।** जिस समय का पटना सिटी के हजारों लोगों को कई वर्षों से इंतजार था वो शुक्रवार को पूरा हो गया। गायघाट से कंगन घाट के बीच नवनिर्मित 3.5 किलोमीटर लंबा जेपी पथ वाहनों के परिचालन के लिए खोल दिया गया। देखते ही देखते तीसरे चरण के इस मरीन ड्राइव पर वाहन हवा से बातें करने लगे। कुछ मिनटों में ही लोगों ने आनंदित करने वाला यह रास्ता सुगमता पूर्वक पूरा किया। उत्साहित लोगों की पहली प्रतिक्रिया यही थी कि वर्षों पुरानी पटना सिटी की जाम समस्या से पटना साहिब में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले निजात मिल गई। इस पथ का आधिकारिक रूप से अभी उद्घाटन होना बाकी है। जेपी पथ से उतरने वाले वाहनों के अशोक राजपथ पहुंचने के लिए कंगन घाट मार्ग का निर्माण कार्य जारी है। दीघा से दीदारगंज के बीच गंगा पर निर्मित होने वाले 20.5 किलोमीटर लंबे जेपी पथ का दो चरण में उद्घाटन हो चुका है। दीघा से गांधी मैदान और गांधी मैदान से गायघाट के बीच की दूरी सिमट गई है। दीघा से कंगन घाट के बीच की लगभग 17 किलोमीटर दूरी कुछ मिनटों में ही तय करना संभव हो गया है। चौथे चरण में कंगन घाट से लेकर दीदारगंज के बीच लगभग 8.4 किलोमीटर लंबे जेपी गंगा पथ का निर्माण कार्य जारी है। यह मार्ग पर जल्द ही वाहनों का परिचालन शुरू होने की संभावना है। नवनिर्मित जेपी पथ चालू होने से पटना सिटी पहुंचना बेहद आसान हो गया है।

## पीयू से छात्र अमन कुमार निष्कासित

**पटना (नि.सं.)।** विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हर्ष राज हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी अमन कुमार को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। साथ ही अंतिम परीक्षाफल के प्रकाशन पर भी रोक लगा दिया है। अमन हिस्ट्री ऑनर्स पार्ट-3 का छात्र था। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कहा गया है कि आपराधिक किस्म के छात्र से छवि खराब होती है। इसलिए कॉलेज प्रशासन ने ये कदम उठाया है। आगे इस तरह की कोई घटना ना हो उसके लिए सख्ती बरती जा रही है। हर्ष राज हत्याकांड में शामिल अमन को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था। अमन पटेल छात्रावास में रहता था। दशहरा के समय आयोजित कार्यक्रम में हर्ष का पहले अमन से ही विवाद हुआ था। मारपीट में अमन की ओर से रवीश कुमार और चंदन यादव भी शामिल था।

# पटना साहिब में होगा जीत-हार का फैसला यहां का अलग ही है हिसाब-किताब

निज संवाददाता



**पटना।** राज्य के हॉट सीटों में से एक पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनकी किस्मत का फैसला 12,08 लाख पुरुष व 10.84 लाख महिला (कुल 22,95,535) मतदाता करेंगे। बख्तियारपुर, दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब और फतुहा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए कुल 2,131 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी व सांसद रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित के बीच माना जा रहा है। अंशुल अविजित कांग्रेस पार्टी से हैं। रविशंकर प्रसाद पिछले चुनाव में अपनी ही पार्टी से बागी हुए सुपरस्टार शत्रुघ्न सिन्हा को मात दे चुके हैं। वे लगातार दूसरी बार अपना किला बचाने के प्रयास में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इनके लिए रोड शो कर चुके हैं। इनके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभाएं कर चुके हैं। भाजपा का गढ़ माने जाने वाली इस सीट पर फिर कमल खिलाने का प्रयास जारी है। कायस्थ बहुल इस सीट पर शहरी एलिट क्लास के मतदाताओं को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। भाजपा के साथ एनडीए के सभी पुराने सहयोगी हैं। उधर, अंशुल अविजित को आइएनडीआइए के सभी सहयोगियों का साथ मिल रहा है। राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, माले के दीपंकर भट्टाचार्य, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव जैसे स्टार प्रचारक उनके लिए वोट मांग चुके हैं। कांग्रेस के परंपरागत वोटरों के साथ, वामपंथी कैडर और राजद के माय समीकरण यहां मुकाबले को रोचक बना सकते हैं। 2019 के चुनाव में रविशंकर प्रसाद को 6,07,506 मत मिले थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा (3,22,849) को पराजित किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रेजुएट कॉलेज में गर्मी की छुट्टियों में चलेंगी विशेष कक्षाएं

**रांची।** कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत कॉलेजों में 1 जून से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इन छुट्टियों में भी इस बार विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। पहले घाटशिला कॉलेज घाटशिला ने इसका एलान कर दिया था, अब ग्रेजुएट कॉलेज जमशेदपुर ने भी छुट्टियों में विशेष कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया है। गुरुवार को ग्रेजुएट कालेज में इस बाबत आवश्यक बैठक की गई। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी ने की। इसमें कहा गया कि पिछले दिनों विभिन्न कारणों बहुत सारी छुट्टियां होने से पाठ्यक्रम समय से पूरा करना चुनौती है। इसलिए तय किया गया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान ग्रेजुएट कॉलेज में पाठ्यक्रम पूरा करने के उद्देश्य से स्नातक और स्नातकोत्तर की विशेष कक्षाएं कॉलेज के समय पर ही चलेंगी। इसके तहत स्नातक सेमेस्टर 2, सेमेस्टर 3 तथा सेमेस्टर 6 एवं स्नातकोत्तर के सेमेस्टर 1 और सेमेस्टर 4 की कक्षाएं गर्मी छुट्टी के दौरान भी ली जाएंगी। यहां गर्मी की छुट्टियां 1 जून से शुरू हो रही हैं जो 20 जून तक चलेंगी। कक्षा का संचालन आवश्यकता आधारित शिक्षक, अतिथि शिक्षक और वैसे नियमित शिक्षक, जो जमशेदपुर में रहते हैं, वे करेंगे। मालूम हो कि स्नातक सेमेस्टर 6 और स्नातकोत्तर सेमेस्टर 4 में 100 अंक का लघु शोध करना होता है। इस दौरान उनके लिए कक्षाएं जरूरी हैं। बैठक में प्राचार्या डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी, बॉटनी विभाग अध्यक्ष डोरीस दास, संस्कृति विभाग अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिन्हा, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. अनुराधा वर्मा, फरजाना नइम, डॉ. संगीता बिरुआ, अनामिका कुमारी, डॉ. सुलेखा कुमारी, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. मुकुल भेंगराज, डॉ. पूनम रजक, डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदू, डॉ. फिरदौस जबीन और राकेश कुमार पांडेय उपस्थित थे।

### गोमो बिजली एसडीओ से मारपीट मामले में चार नामजद सहित एक सौ पर केस

**गोमो।** बिजली एसडीओ के साथ मारपीट तथा बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन करने को लेकर तोपचांची थाने में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया है। बिजली एसडीओ संतोष कुमार मंडल के आवेदन पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसडीओ ने आवेदन में आरोप लगाया है कि बिजली विभाग के कार्यालय में बिजली आपूर्ति में समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मारपीट की। बताया कि दुग्धा में तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही थी, अपने कार्यालय में बैठ कर काम कर रहे थे। इसी दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच कर हाथापाई व दुर्व्यवहार किया। जान से मारने की नियत से हमला किया। सरकारी काम में बाधा पहुंचाया। तोपचांची पुलिस ने चार नामजद तथा एक सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घारा 149, 341, 342, 323, 353, 447 के तहत मामला दर्ज किया है। नामजद में पुलिस ने नामु खान, शंभु दास, बुधन चौरसिया तथा अमित यादव के उपर मामला दर्ज किया है।

### फ्लिपकार्ट में डिलीवरी रेट कम करने पर कर्मचारियों ने की हड़ताल

**जमशेदपुर।** फ्लिपकार्ट के कर्मचारियों ने डिलीवरी रेट कम करने के खिलाफ गुरुवार को हड़ताल कर दी। इससे जमशेदपुर में एक हजार से ज्यादा डिलीवरी प्रभावित हुई। आक्रोशित कर्मचारियों ने गोलमुरी व बिष्टूपुर कार्यालय के समक्ष देकर दोपहर में विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि दूसरी कंपनी में कर्मचारियों का वेतन और कमीशन बढ़ाने का नियम है। जबकि फ्लिपकार्ट डिलीवरी का रेट कम कर रहा है। अमित राव, चंदन साहू, सौरभ दत्ता व लखबीर ने बताया कि कोरोना लॉकडाउन से पूर्व प्रति पार्सल डिलीवरी करने में 17–18 रुपये मिलते थे। बाद में 14 रुपये कर दिया गया, अब डिलीवरी का रेट सात रुपये हो रहा है, जो कर्मचारियों के साथ अन्याय है। कर्मचारियों ने कहा कि कई महीनों से काम कर रहे हैं। डिलीवरी रेट बढ़ाने की जगह और घटना दिया गया है, जिससे उन्हें परेशानी होगी। प्रबंधन द्वारा नया रेट वापस नहीं लेने तक हड़ताल जारी रहेगी। बताया जाता है कि अभी फ्लिपकार्ट कार्यालय से डिलीवरी कार्य में 70 युवक जुड़े हैं। युवको ने बताया कर्मचारियों को पेट्रोल खर्च भी नहीं मिलता है। वहीं कन्वर्जन सिस्टम लागू किया जा रहा है। इससे ऑर्डर के अनुसार 90 प्रतिशत पार्सल नहीं पहुंचाने पर डिलीवरी रेट काटी जाएगी।

# महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन धनवार प्रखंड में फेल



**गिरडीह/राजधनवार।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का हाल धनवार प्रखंड में पूरी तरह से फेल साबित हो गई है। इस योजना के तहत वर्ष 2024 तक हर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन अभी पांच माह बीतने को है, लेकिन कई ऐसे गांव हैं जहां पर पानी का पाइप तक नहीं बिछा है। मुख्यमंत्री विशेष कार्य के तहत वर्ष 2014 से हर घर पानी पहुंचाने की योजना शुरू हुई थी। लेकिन कार्य शुरू हुए लगभग 9 वर्ष हो चुका है। अभी भी हर घर नल नहीं पहुंचा है।

सर्वप्रथम योजना की शुरुआत 14 करोड़ की लागत से आदर्श पंचायत गादी व जरीसिंगा से शुरू हुई थी। दोनों पंचायत के लगभग बारह हजार की आबादी को पानी देना था। लेकिन अभी भी 30 प्रतिशत आबादी के घर पानी नहीं पहुंच सका है। इसके बाद वर्ष 2021-22 में बरजो पंचायत व अम्बाटांड़ पंचायत में लगभग 12-12 करोड़ की दो योजना की शुरुआत हुई । जरीसिंगा, गादी, बरजो व अम्बाटांड़ तीनों का संवेदक शिल्पी कंस्ट्रक्शन है। बरजो व अम्बाटांड़ पंचायत में साठ प्रतिशत कार्य हुआ है।

अभी तक पानी घर तक नहीं पहुंचा है। पाइप बिछाया गया है। वहीं बांधी पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत लगभग सात करोड़ की लागत से वर्ष 2022 में कार्य की शुरुआत हुई थी। पानी टंकी भी बनाई गई है। लालबाजार और बांधी पंचायत के सभी गांवों के हर घर पानी पहुंचाना है लेकिन अभी तक कहीं पानी नहीं पहुंचा है।

पांच-पांच हज़ार लीटर का पीएचइडी का जल मीनार- प्रखंड क्षेत्र सिरसाय, गरजासारण, महेशमरवा, चन्दरखो, बलहारा आदि पंचायत के सभी गांवों में आबादी के बीच पांच पांच हजार लीटर का पीएचडी के द्वारा ऊंची ऊंची जलमीनार लगाया जा रहा है। जलमीनार से हर घर पानी देने की कवायद शुरू है। जनता कार्य की गुणवक्ता पर सवाल खड़ा कर रही है। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों की शिकायत है कि विभाग के जेई साहब कभी नहीं आते हैं। शत प्रतिशत एक सौ फीट के अंदर बोरिंग की गई है।

पीएचइडी के जेई आशुतोष कुमार से मोबाइल पर सम्पर्क साधा लेकिन कॉल रिसीव नहीं किये। सिरसाय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय पांडेय ने बताया कि मेरे पंचायत में लग रहा जलमीनार में संवेदक के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कार्य की गुणवत्ता में कमी है। बोरिंग सभी जगह कम की गई है। विभाग के जेई से गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है तथा जनता के बीच सिरसाय आने की आग्रह किया है।

महेशमरवा पंचायत में पानी की किल्लत- महेशमरवा पँचायत के तिलैया, कोनमरवा,भलुवाई में रहनेवाले आदिवासी परिवार पानी की किल्लत झेल रहे हैं। इन गांव में लगे जलमीनार बेकार पड़े हुए हैं। हर जगह पर लोग खेत मे बने कुएं से पीने का पानी भरते हैं।

## पर्यावरण है तो जीवन है : डॉ. लाल्ती तिर्की

**चाईबासा।** कॉलेजों में 1 जून से गर्मी छुट्टी घोषित होने के कारण 31 मई को कोल्हान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। दिवस का आरंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. गीता सोय द्वारा पर्यावरण दिवस मनाने के कारणों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने सभी छात्राओं को जीवन में एक पेड़ लगाने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि के रूप में मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. लाल्ती तिर्की ने कहा पर्यावरण है तो जीवन है। इसलिए पर्यावरण की रक्षा करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर चित्रकार, प्रश्नोत्तरी, बेकार समान का प्रयोग आदि का आयोजन किया गया है । चित्रकारी में क्रमशः पहला और द्वितीय स्थान सुलेखा उगुरसाडी व प्रियंका नायक को मिला । बेकार समान प्रयोग में क्रमशः पहला और द्वितीय स्थान विनिता बोयपाई व नुपुर किरण सिंकू को मिला ।इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. गीता सोय, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. लाल्ती तिर्कि शिक्षक कमला बानरा, जयराम हेस्सा और काफी संख्या में छात्र - छात्राएँ उपस्थित थे । इस दिवस को सफल बनाने में नुपुर किरण सिंकु, विकास राम, दीपिका, राकेश टुडू, मानसिंह एवं समीर हाईबुरु आदि का महत्वपूर्ण रहा। दिवस का समापन वृक्षारोपण द्वारा किया गया ।

## पोषक तत्वों की कमी के कारण बौने हो रहे झारखंड के बच्चे

**जमशेदपुर।** भोजन में पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाने के कारण झारखंड के बच्चे बौने हो रहे हैं। पांच साल की उम्र तक के बच्चों की लंबाई उतनी नहीं बढ़ पा रही है, जितनी बढ़नी चाहिए। झारखंड स्टेट फूड कमीशन की ओर से जारी डिस्ट्रिक्ट न्यूट्रिशन प्रोफाइल में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड के 40 प्रतिशत बच्चों की लंबाई आदर्श बीएमआई (बॉडी मस इंडेक्स) से कम है।

झारखंड के बच्चों में पाई जा रही इस समस्या के समाधान के लिए झारखंड स्टेट फूड कमीशन ने मध्याह्न भोजन के माध्यम से निर्धारित पोषक तत्व बच्चों के भोजन में शामिल किया है। दरअसल, झारखंड के लगभग सभी जिलों में 50 फीसदी आबादी ग्रामीण है। इन इलाकों में भोजन में पोषक तत्व बच्चों को नहीं मिल पाता है। इसलिए स्कूलों में मध्याह्न भोजन में बच्चों को कैलोरी काउंट के अनुरूप भोजन दिया जा रहा है। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को दिए जाने वाले पके भोजन में कैलोरी की मात्रा 450 ग्राम होती है तो प्रोटीन की मात्रा 12 ग्राम होता है। वहीं, पांच से आठ तक के बच्चों को 700 ग्राम कैलोरी व 20 ग्राम प्रोटीन वाला भोजन दिया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम में 49.8त्न बच्चे अंडरवेट, 66.5त्न एनेमिक

झारखंड स्टेट फूड कमीशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोफाइल के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम में पोषण की कमी के कारण पांच साल तक की उम्र वाले 39.3त्न बच्चे बौनेपन के शिकार हो रहे हैं। वहीं, 49.8त्न बच्चे अंडरवेट हैं। वहीं, 66.5त्न बच्चे यहां एनेमिक हैं। इसी तरह रांची की हालत पूर्वी सिंहभूम से भी खराब है। यहां 40.7त्न बच्चों की लंबाई आदर्श लंबाई से कम है। 43.8त्न बच्चे अंडरवेट हैं तो 64.8त्न बच्चे एनेमिक हैं। धनबाद में भी स्थिति ठीक नहीं। यहां 38.5त्न बच्चे बौनेपन के शिकार हैं। 42.6त्न बच्चे अंडरवेट हैं तो 69.9त्न बच्चों को एनीमिया की समस्या है। सरायकेला-खरसावां में बौनेपन की शिकायत और अधिक है। यहां पांच साल से कम उम्र के 45.1त्न बच्चों की लंबाई औसत से कम है। बाकी के अन्य जिलों का भी औसतन ऐसा ही हाल है। बताते चलें कि पांच वर्ष की उम्र तक बच्चों की निर्धारित लंबाई 107.9 सेमी होनी चाहिए। झारखंड के बच्चे पांच साल की उम्र तक इतने लंबे नहीं हो पा रहे हैं।

## झारखंड के एक और मंत्री जाएंगे जेल? सरयू राय ने सबूतों के साथ ईडी को भेजा आरोपपत्र



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ प्रमाण सहित एक आरोप पत्र प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को भेजा है। इसमें मांग की गई है कि बन्ना गुप्ता के धन शोधन एवं आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए। आरोप पत्र में उल्लेखित 10 बिन्दुओं के माध्यम से कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के आचरण के कारण सरकारी खजाने को भारी चपत लगी है।

इनमें एंबुलेंस और अस्पतालों के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद में अनियमितता बरतना, अनधिकृत रूप से चिकित्सकों, सिविल सर्जनों एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला करना तथा आयुष्मान योजना से आच्छादित अस्पतालों के साथ साठगांठ के लिए निशुल्क सहयोग करने वाले परामर्शी की बहाली करना आदि आरोपों का जिक्र प्रवर्तन निदेशालय को प्रेषित आरोप पत्र में है। राय ने कहा कि यदि इन आरोपों की जांच प्रवर्तन निदेशालय करता है तो अवैध धन का खुलासा होगा और आयुष्मान योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग में हुई अनियमितताएं सामने आएंगी।

**ये आरोप लगाए :** वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोविड प्रोत्साहन राशि का अनुचित लाभ स्वयं एवं अपने मंत्री कोषांग में कार्यरत कर्मियों के नाम पर लेने का प्रयास मंत्री द्वारा किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री की साठगांठ से स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों की दवा की खरीद काफी ऊंची दर पर की गई।

झारखंड सरकार की कार्यपालिका नियमावली के विहित प्रावधानों का खुला उल्लंघन करते हुए मंत्री ने अनधिकृत रूप से वैसे चिकित्सकों, सिविल सर्जनों एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारियों का तबादला अपने स्तर से बड़ी संख्या में किया है, जिनके स्थानांतरण-पदस्थापन-प्रतिनियुक्ति का अधिकार गठित उच्चस्तरीय समिति को है।

समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली कि प्रवर्तन निदेशालय ने आयुष्मान घोटाला के संबंध में जांच शुरू की है। इस मामले में भी अस्पतालों से साठगांठ कर सरकार द्वारा प्रदत्त निधियों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा किया गया है।

# सदर अस्पताल परिसर में खुलेगा दूसरा मेडिकल कॉलेज

**जमशेदपुर।** खासमहल सदर अस्पताल में पूर्वी सिंहभूम जिले का दूसरा मेडिकल कॉलेज खुलेगा। वहीं, राज्य के खूंटी, बोकारो, साहिबगंज, रामगढ़ व गिरीडीह के सदर अस्पताल को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। यहां 100 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। झारखंड स्वास्थ्य विभाग से फरवरी में सदर अस्पतालों में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव नेशनल मेडिकल कमीशन में भेजा गया है।

दूसरी ओर, स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह सदर अस्पतालों में विस्तार की संभावना और उपलब्ध सुविधाओं की जांच कर रहे हैं। इससे जल्द जमशेदपुर सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधा का निरीक्षण हो सकता है, ताकि एनएमसी को स्थिति से अवगत कराने के साथ मेडिकल कॉलेज के लिए एलओपी (लेट ऑफ परमीशन) प्राप्त कर सके। अभी जमशेदपुर में एमजीएम समेत धनबाद, रांची, दुमका, पलामू व हजारीबाग में मेडिकल कॉलेज हैं। बोकारो, रामगढ़, साहिबगंज, खूंटी एवं गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज खुलने से राज्य के छात्रों को सहूलियत होगी।

**320 बेड होने से अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का लाइसेंस :** स्वास्थ्य सचिव के अनुसार, 320 बेड वाले सदर अस्पताल में मेडिकल कॉलेज कॉलेज खोलने का प्रावधान है। इससे जमशेदपुर समेत बोकारो, रामगढ़, साहिबगंज, खूंटी व गिरिडीह के सदर अस्पतालों को अपग्रेड करने की तैयारी है, जबकि ब्लड बैंक, आईसीयू, डायलिसिस सेंटर, ऑक्सीजन प्लांट की सुविधा मानक के अनुसार है। मालूम हो कि अस्पताल में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन लगाने का प्रस्ताव राज्य मुख्यालय भेजा गया है।

**2013 में 48 मरीज से शुरू हुआ था सदर अस्पताल**

जिले में सौ बेड का सदर अस्पताल तीन एकड़ जमीन पर साढ़े चार करोड़ से जनवरी 2013 में 48 मरीजों से शुरू हुआ था। जहां अभी रोज 700 से ज्यादा मरीज आते हैं। जनवरी 2017 में टीबी जांच केंद्र, अक्तूबर 2019 में ब्लड बैंक, मई 2021 में बच्चा वार्ड व आईसीयू के बाद अक्तूबर 2021 से डायलिसिस सेंटर और ऑक्सीजन प्लांट बना। सदर अस्तपाल में विस्तार योग्य जमीन है। इससे सदर अस्पताल भवन में एक मंजिल बढ़ाकर चिकित्सा यंत्र लगाने के साथ बेड बढ़ सकता है।

## लोदना के ग्रामीणों ने पिट वाटर के लिए चाणक पर किया प्रदर्शन

**धनबाद/अलकडीहा।** लोदना कोलियरी के सात नम्बर में पिट वाटर की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या मे ग्रामीण लोदना एक नंबर चानक पहुंच गये। प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बाद मे कोलियरी अभियंता अंकित कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि एक और मोटर पम्प लगाने की कोशिश हो रही है। पिट वाटर की समस्या नहीं होगी। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए।

बताते है कि लोदना एक नंबर चानक से पाइप के द्वारा पानी लोदना छः नंबर स्थित टंकी मे गिराया जाता है। उसके बाद उक्त टंकी के माध्यम से लोदना सात नम्बर, लोदना कोलियरी के आपपास के क्षेत्र आदि जगहों पर पिट वाटर की सप्लई की जाती है। लेकिन पिछले एक माह से टंकी मे पानी जिस मात्रा मे पहुंचना चाहिये वह नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके कारण सभी जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही पाइपलाइन में भी कई जगहों पर डैमेज़ रहने के कारण पानी रास्ते में ही बह जा रहा हैं। यहां के लोगों का कहना है कि प्रबंधन पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रहा हैं। तो सभी लोगों को सभी सुविधाएं के साथ विस्थापन कर दे। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि पानी कि समस्या का समाधान नहीं होने पर कभी भी उग्र आंदोलन हो सकता है। जिसकी जवाबदेही प्रबंधन की होंगी।

बताते है कि पहले एक नंबर चानक मे 2900 जीपी एम का पंप लगा था जो चोरी हो गया। उसके स्थान पर 1400 जीपीएम का पंप लगाया गया है। जिसके कारण टंकी भर नहीं पा रहा है और लोगों को पानी मिलने में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा कई जगह पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है। बीच रास्ते में ही कई लोगों ने पाईप क्षतिग्रस्त कर कनेक्शन ले लिया है। जिसके कारण लोदना कोलियरी के लगभग 10,000 आबादी के समक्ष पिट वाटर की समस्या बरकरार है। आंदोलन करने वालों में राकेश कुमार पासवान, मो सागीर आलम ,रंजन शर्मा, लखन चंदन राउत ,अरविंद राउत ,कार्तिक राउत, विजय, अंकित पासवान, विनोद यादव ,सोनू यादव आदि शामिल थे।

### हंगामा के बाद मृत कर्मी के पुत्र को मिला नियोजन

**धनबाद/अलकडीहा।** जयरामपुर कोलियरी में टीआर ट्रामर के पद पर कार्यरत बलराम कुंभकार (46) की तबीयत गुरुवार को ड्यूटी के दौरान ख़राब हो गई। उनके सहकर्मियों द्वारा केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया। जहां शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद पोस्टमार्टम करा कर उनके शव क़ो लाया गया। मजदूर यूनियनों द्वारा लोदना प्रबंधन पर उनके आश्रित को नियोजन देने का मांग की जाने लगी। कहा कि ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी थी। इसलिए कंपनी के नियमानुसार उनके आश्रित को नौकरी दिया जाए। काफी जद्दो जेहद के बाद लोदना महाप्रबंधक के साथ वार्ता हुई। जिसमें बलराम के बड़े पुत्र गोरांग कुंभकार को प्रोविजनल जॉइनिंग दिया गया। इसके बाद परिजन द्वारा शव का अंतिम संस्कार करने के लिये ले गये। मृतक कि पत्नी मालोती देवी और छोटे पुत्र निताई कुंभकार का रो रोकर बुरा हाल है। वार्ता में लोदना जीएम एन चक्रवर्ती, पीओ एके पाण्डेय,डीके भगत, युनियन प्रतिनिधियों में योगेन्द्र यादव, बिहारी लाल चौहान, मुद्रिका पासवान,अनिल सिंह,संजय यादव, दयाराम सिंह यादव, सतेन्द्र गुप्ता, इस्माईल मल्लिक, सुदर्शन प्रसाद, सहादत हुसैन आदि थे।

## रिम्स में ओपीडी कॉम्प्लेक्स निर्माण और अंडरपास निर्माण पर बनी सहमति, 2 माह में नेत्र संस्थान सौंपने के निर्देश



**रांची , एजेंसी।** रिम्स निदेशक प्रो. डॉ. राजकुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को संपदा समिति और सभी विभागाध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। इसमें रिम्स के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। रिम्स प्रबंधन के अनुसार, ट्रॉमा सेंटर के पीछे स्थित डीआईजी ग्राउंड में नए ओपीडी बिल्डिंग का निर्माण होना है। बैठक में नई बिल्डिंग के निर्माण स्थल को चिह्नित कर लिया गया है। साथ ही बिल्डिंग की रूपरेखा पर सभी की सहमति ले ली गई है।

हालांकि निर्माण प्रक्रिया कब शुरू होगी, एजेंसी का चयन, टेंडर आदि पर फिलहाल किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई। इसके अलावा बैठक में अंडरपास की अंतिम रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। इस अंडरपास के माध्यम से पुरानी बिल्डिंग और नए ओपीडी भवन को जोड़ने पर सहमति बनी।

वहीं, क्षेत्रीय नेत्र संस्थान की बिल्डिंग पर काम कर रही एजेंसी को 2 महीने में बिल्डिंग का काम समाप्त कर हैंडओवर करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में डीन डॉ. विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिरेंद्र बिरुआ, संपदा पदाधिकारी डॉ. शिवप्रिय, उपाधीक्षक डॉ. शैलेश त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद थे।

## दुमका रेल लाइन में रेल से कट कर युवक की मौत

**देवघर, एजेंसी।** देवघर-दुमका रेल लाइन मोहनपुर थाना क्षेत्र के कुरेवा गांव के पास रेल से कट कर 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी आस-पास के लोगों को होते ही शव देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने मोहनपुर स्टेशन के रेल पुलिस को दी । आरपीएफ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए सूचना मोहनपुर थाना प्रभारी को दे दी । जानकारी मिलते ही मोहनपुर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा उपस्थित भींड़ के समक्ष कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक युवक का फोटो सोशल मीडिया एवं देवघर पुलिस की ग्रुप में भेज दिया है। जिसके आधार पर अज्ञात मृत युवक की पहचान करने में सहयोग हो सके। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल शव की पहचान करने के लिए शव को मोहनपुर पुलिस ने बैद्यनाथधाम ओपी प्रभारी के जिम्मेदारी देते हुए पोस्टमार्टम हाउस में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रख दिया है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रिय रंजन कुमार ने बताया की शव की पहचान के लिए वरीय पुलिस पदाधिकारी को जानकारी दे दी गई है। उसकी पहचान होने के बाद मामले की जांच पड़ताल किया जा सकता है। कैसे उसकी मौत हुई।

## रोहिणी नक्षत्र के सप्ताह भर बाद भी किसानों को नहीं मिला सरकारी बीज

**गिरिडीह।** रोहिणी नक्षत्र का प्रवेश होते ही किसान खेती-किसानी में जुट गए हैं। खेतों में कंपोस्ट डालने के साथ उसकी जुताई-कोड़ाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। लेकिन सरकारी बीज अबतक किसानों की पहुंच से काफी दूर है। यूं तो राज्य सरकार की ओर से गिरिडीह जिले के 88 हजार हेक्टेयर भूमि में धान की फसल लगाने के अलावा मक्का, दलहन, तेलहन और मोटे अनाज की खेती कराने का कृषि विभाग को लक्ष्य दिया गया है।

लेकिन इसके लिए किसानों को सरकारी बीज उपलब्ध कराने की दिशा में कोई खास गतिविधि नहीं देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए बीज बोआई का निर्धारित समय रोहिणी नक्षत्र में शुभ माना जाता है।



इस नक्षत्र में धान के बीज का बुआई करने से धान की फसलों का उत्पादन बेहतर होने की संभावना बनी रहती है। इस नक्षत्र में बीज लगाने से धान की फसल में किसी भी प्रकार का रोग नहीं होने की संभावना रहती है।

लेकिन रोहिणी नक्षत्र प्रवेश करने के लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार की ओर से किसानों को बीज नहीं मिल पाया है। इससे किसान महाजनों से कर्ज लेकर बीज की खरीदारी करने को मजबूर हैं। समय पर धान का बिचड़ा तैयार नहीं होने से किसानों को धनरोपनी के कार्य में कठिनाई बढ़ जाती है। इसका असर फसल उत्पादन पर भी पड़ता है। प्रखंड, धानरोपनी का लक्ष्य, मक्का का लक्ष्य, मोटे अनाज का लक्ष्य

किसान कार्तिक प्रसाद वर्मा, कैलाश प्रसाद वर्मा, जय प्रकाश वर्मा आदि का कहना है कि सरकार किसानों को समय पर बीज उपलब्ध नहीं करा पाती है।

इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जिले के छोटे किसान बेहतर फसल उत्पादन के लिए महाजनों से ब्याज पर राशि लेकर बजार से ऊंचे दामों पर बीज की खरीदारी कर धान, मक्का, दलहन, तेलहन व मोटे अनाज के बीज की बोआई करने को मजबूर हैं। जैसे-जैसे रोहिणी नक्षत्र निकल रही है वैसे-वैसे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। जबकि किसानों को सरकारी बीज मिलने के कोई आसार अबतक नहीं दिख रहे हैं। समय पर बीज नहीं मिलने से इसका असर उसकी खेती पर पड़ेगी।

### 35 साल के युवक ने लगाई फांसी

**बोकारो।** बोकारो के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के कारीपानी बस्ती निवासी मेघलाल सिंह (35 वर्ष) ने बीती रात अपने घर में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली।

घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार की सुबह मकोली ओपी प्रभारी संजय सिंह और चंद्रपुरा थाना की पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतार कर कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विदित हो कि मेघलाल सिंह मूल रूप से जामताड़ा का रहने वाला था। यहां वह अपनी पत्नी मंजू देवी और दो बच्चों के साथ रहता था। कारीपानी लोकल सेल ट्रकों में कोयला ढुलाई का कार्य कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मेघलाल बीती रात्रि खाना खाने के बाद अलग रूम में सोने चला गया था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### चकाचौंध में फीकी पड़ती आईपीएल की चमक

क्रिकेट की दुनिया में जब इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल की शुरुआत हुई, तो इसकी गुणवत्ता में बढ़ोतरी की उम्मीद की गई थी। मगर इस पर जिस कदर चकाचौंध हावी होता गया, उससे लगता है कि इस खेल को कारोबार और कमाई का एक जरिया बना लिया गया। इसके समांतर यह भी सच है कि इससे क्रिकेट और इसके प्रति लोगों के भीतर आकर्षण में अब वह स्तर नहीं दिखता, जो कभी इसकी खासियत होती थी।एक समय जिस क्रिकेट के सभी पहलुओं में कलात्मकता की ऊंचाई कायम करने की कोशिश की जाती थी और दर्शक से लेकर विश्लेषक तक इसमें तुलनात्मक प्रदर्शन, खेल की कला पर बात करते थे, अब आइपीएल के हावी होने के बाद क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है। पहले जहां टीम के साथ भावनाएं जुड़ी होती थीं और उसकी जीत–हार को खेल भावना के साथ स्वीकार किया जाता था, वहीं अब यह पसंद किसी खास खिलाड़ी, उसे नीलामी में मिली ऊंची कीमत और फिर निजी प्रदर्शन तक सिमटती जा रही है। अब लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी को ज्यादा से ज्यादा कीमत में कोई टीम खरीदे, वह खूब चौके–छक्के मारे या बहुत तेज रफ्तार से गेंद फेंके।बेशक इस आयोजन की वजह से बहुत सारे नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, लेकिन दर्शकों की अपेक्षाओं और बाजार की जरूरतों के मुताबिक मैदान में खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ा है और निरंतरता की गुंजाइश घटी है। टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है।इसके अलावा, सट्टेबाजी जैसी अवांछित गतिविधियों ने भी क्रिकेट प्रेमियों को निराश किया है। ऐसे में क्रिकेट को जिस तरह चकाचौंध के कारोबार का जरिया बनाया गया है, उसमें क्रिकेट अब बाजार–आधारित खेल बन रहा है। यह बेवजह नहीं है कि आइपीएल जैसे आयोजन की चमक अब धुंधली पड़ती जा रही है।

# मीडिया- दरकते भरोसे को बचाएं कैसे

– प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

*जिन लोगों के हित के लिए पत्रकारों ने अपनी जान जोखिम में डाली है, समाज उनके परिवार की मदद के लिए भी कभी खड़ा नजर नहीं आता। वही समाज जो पानी न आने पर सड़कें जाम कर देता है, किसी सैनिक के शहीद होने पर श्रद्धांजलि यात्राएं निकालता है। अपने अधिकारों के लिए या अपने शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर आना कतई गलत नहीं है और न ही यहां इसका विरोध किया जा रहा है, बल्कि कहने का आशय यह है कि एक पत्रकार जब अपना फर्ज निभाते हुए मारा जाता है।*

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालों से घिरे हैं और जवाब नदारद हैं। पं.जुगुलकिशोर शुकुल ने जब 30 मई ,1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरुआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उद्देश्य लिखते हुए शीर्षक दिया 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत'। यही हमारी पत्रकारिता का मूल्य हमारे पुरखों ने तय किया था। आखिर क्यों हम पर इन दिनों सवालिया निशान लग रहे हैं। हम भटके हैं या समाज बदल गया है कुछ दिनों पहले दिनों, देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। माननीय मुख्य न्यायाधीश, ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। लेकिन दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया है, सम्मान घटता गया है। मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना 'कॉरपोरेटाइजेशन' कर लिया और खुद को 'मिशन' की बजाए खालिस 'प्रोफेशन' बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। 'जन' की जगह 'धन' साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। 'कंटेंट' की बजाय उन्होंने 'आइटम' पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल, सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं। अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहींज अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास। अब कोई मीडिया की ओर नहीं देखता। लोग उससे कोई उम्मीद नहीं रखते, उस पर भरोसा नहीं करते। उनके लिए मीडिया पर प्रसारित सामग्री मनोरंजन की चीज बन चुकी है। हालांकि अखबार अभी इस स्थिति तक नहीं पहुंचे हैं, लेकिन धीरे-धीरे बढ़ इसी राह पर रहे हैं। इसकी दूसरी वजह पिछले दस-पंद्रह सालों में वैकल्पिक मीडिया, या डिजिटल मीडिया, का दिनोंदिन फैलता फलक हो सकती है। वैकल्पिक मीडिया ने, आम लोगों को अपनी बात सामने रखने की ऐसी सहूलियत प्रदान की है, जिसने पारंपरिक संचार माध्यमों पर उनकी निर्भरता खत्म कर दी है। अब वे अपनी समस्याएं या चिंताएं लेकर अखबारों-टीवी चैनलों के चक्कर नहीं काटते, बल्कि फेसबुक या ट्विटर पर पोस्ट करते हैं। क्योंकि इनमें उन्हें भरोसा रहता है कि अब उनकी बात बिना किसी बाधा या समस्या के उन तमाम लोगों तक पहुंच जाएगी, जिन तक पहुंचनी चाहिए। तीसरी वजह, खुद वह समाज है जो मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ठीक से न निभाने का दोषारोपण तो करता है, लेकिन कभी किसी संकट के समय उसके साथ खड़ा नजर नहीं आता। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' के मुताबिक वर्ष 2003 से 2022 तक, दो दशकों के दौरान दुनिया भर में 1668 पत्रकारों की हत्या हुई। यानि हर साल करीब 84 पत्रकार। इसके अलावा 'कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल एक दिसंबर तक 363 पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया। 'रिपोर्टर विदआउट बॉर्डर्स' की रिपोर्ट इनकी संख्या 533 बताती है। उनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुनिया भर में पिछले साल 65 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को बंधक बनाकर रखा गया और 49 लापता हैं। अब आप याद कीजिए कि क्या कहीं आपने किसी देश, शहर या समाज में लोगों को इस बात के लिए इकट्ठा होकर कोई सामाजिक आंदोलन या धरना प्रदर्शन करते देखा है कि अमुक पत्रकार को जेल से रिहा किया जाए, या अमुक पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए या अमुक पत्रकार, जिसका अर्से से कोई अता-पता नहीं है, उसका पता लगाया जाए।

## चकाचौंध में फीकी पड़ती आईपीएल की चमक

टी–20 विश्वकप शुरु हो गया है। क्रिकेट की दुनिया में जब इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल की शुरुआत हुई, तो इसकी गुणवत्ता में बढ़ोतरी की उम्मीद की गई थी। मगर इस पर जिस कदर चकाचौंध हावी होता गया, उससे लगता है कि इस खेल को कारोबार और कमाई का एक जरिया बना लिया गया। इसके समांतर यह भी सच है कि इससे क्रिकेट और इसके प्रति लोगों के भीतर आकर्षण में अब वह स्तर नहीं दिखता, जो कभी इसकी खासियत होती थी।एक समय जिस क्रिकेट के सभी पहलुओं में कलात्मकता की ऊंचाई कायम करने की कोशिश की जाती थी और दर्शक से लेकर विश्लेषक तक इसमें तुलनात्मक प्रदर्शन, खेल की कला पर बात करते थे, अब आइपीएल के हावी होने के बाद क्रिकेट को एक रफ्तार के खेल की तरह देखा जाने लगा है। पहले जहां टीम के साथ भावनाएं जुड़ी होती थीं और उसकी जीत–हार को खेल भावना के साथ स्वीकार किया जाता था, वहीं अब यह पसंद किसी खास खिलाड़ी, उसे नीलामी में मिली ऊंची कीमत और फिर निजी प्रदर्शन तक सिमटती जा रही है। अब लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके पसंदीदा खिलाड़ी को ज्यादा से ज्यादा कीमत में कोई टीम खरीदे, वह खूब चौके–छक्के मारे या बहुत तेज रफ्तार से गेंद फेंके।बेशक इस आयोजन की वजह से बहुत सारे नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, लेकिन दर्शकों की अपेक्षाओं और बाजार की जरूरतों के मुताबिक मैदान में खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ा है और निरंतरता की गुंजाइश घटी है। टैस्ट या एकदिवसीय मैचों के बरक्स बीस ओवर के मैचों में क्रिकेट की कलात्मकता और प्रयोगधर्मिता पीछे छूट रही है और सिर्फ आक्रामक प्रदर्शन की मांग बढ़ी है।इसके अलावा, सट्टेबाजी जैसी अवांछित गतिविधियों ने भी क्रिकेट प्रेमियों को निराश किया है। ऐसे में क्रिकेट को जिस तरह चकाचौंध के कारोबार का जरिया बनाया गया है, उसमें क्रिकेट अब बाजार–आधारित खेल बन रहा है। यह बेवजह नहीं है कि आइपीएल जैसे आयोजन की चमक अब धुंधली पड़ती जा रही है।

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

(ललित गर्ग)

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है। नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है। यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5388

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5387

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको नई योजनाओं पर काम करने में मजा आएगा। अपने आइडियाज को अमल में लाने का मौका मिलेगा। आपकी रुचि पॉलिटिक्स में बढेगी। किसी वजह से शाम के वक्त आपकी जेब ढीली हो सकती है। हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को भी समझें।

### वृष
आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। आपका भाग्य साथ देगा और आपको दोपहर के बाद कोई काम की बात पता लग सकती है। आपका मन खुश रहेगा और सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो जाएंगे। पुराने समय से रुका हुआ धन मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा और दिन खुशी में बीतेगा।

### मिथुन
आज आपके मन में संतुलन रहेगा। आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के आराम से पूर्ण हो जाएंगे। ऑफिस में अपने स्टाफ और अपने सहयोगियों पर नजर रखें। अपने अच्छे बिहेवियर से उनका दिल जीतने में कामयाब होंगे और आपका भाग्य साथ देगा।

### तुला
आज का दिन सफलता से भरा होगा। फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें। आगे के दो तीन दिनों में आपके पास समय की कमी रहेगी, इसलिए फालतू के काम में दिमाग न लगाएं। घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। पुराना प्यार लौट सकता है। शाम के समय शॉपिंग के लिए घरवालों को बाहर ले जा सकते हैं। आपको दिन में सम्मान प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आपको दूसरों से प्रेरणा प्राप्त होगी। ऑफिस में कलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी हर मामले में मदद करेंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

### धनु
आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आज आपका दिन कोई पुराना रुका कार्य करने में बीतेगा। आपको किसी काम को पूरा करने में कामयाबी हासिल होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का मन बना सकते हैं। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी। कोई नई डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है और आगे चलकर इसमें आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन शुभ है और आज आपको हर मामले में जीवनसाथी का पूरा सपॉर्ट मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और ऑफिस में लोग हर मामले में आपकी मदद करेंगे। प्रमोशन की भी चर्चा सुनने में आ सकती है। घर के छोटे सदस्यों के साथ समय जरूर बिताएं।

### सिंह
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपको कुछ मामलों में काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा और अधिक भागदौड़ के कारण आपकी सेहत भी बिगड़ सकती है। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत न करें। आज आपको शाम के वक्त उपहार और सम्मान का लाभ मिल सकता है।

### कन्या
आज का दिन परेशानियों वाला होगा। सुबह आप जिन बातों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे, दोपहर में वही बातें आपको खुशी देंगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा। बुद्धि से जुड़े कामों के नजीते शाम तक मिलने लगेंगे।

### मकर
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके दिन का अधिकांश हिस्सा मेहनत और भागदौड़ में बीतेगा। एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी। आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों से भरा होगा। कानूनी कागजातों पर दस्तखत करने से पहले सावधानी रखें, वरना आपको धोखा मिल सकता है।

### कुंभ
आज अनुकूलता में बीतेगा। आज सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से आपका मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। आज आपको बिजनस में कोई नई डील करने को मिल सकती है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं। किसी नई डील को फाइनल करने का काम कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

### मीन
आज का दिन लाभ से भरा होगा और आज आपका मन काफी क्रिएटिव रहेगा। इधर उधर की बातों पर ध्यान देने की बजाए अपनी हॉबी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचेंगे तो आपको फायदा होगा। आपको थोड़ा बहुत पैसा भी कमाने के चांस हैं। पैसे की समस्या आएगी लेकिन जानबूझ से वह शाम तक टल भी जाएगी। आपका कोई दोस्त उधार मांगे तो अपनी स्थिति साफ तौर पर बता दें।

## वर्ग पहेली 5388

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ |
| ■ | | | ■ | 24 | | 25 | 26 |
| 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 11 जुलाई 2003 में यहां दोस्ती बस और दिल्ली से सदा-ए-सरहद का परिचालन हुआ, पाकिस्तान का यह शहर रावी नदी के किनारे बसा है (3)
4. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
7. कोई विलक्षण चीज देखने के लिए एकत्रित जमघट या जनसमूह (3)
8. हम शब्द का संबंध कारक रूप (3)
9. नाम का, नाम धारण करने वाला (3)
11. जूते सुधारने व बनाने वालों का एक औजार (2)
13. दयनीय दशा वाला, गरीब (2)
15. जिसका स्वामी हो, स्वामी सहित (3)
17. भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म, रनिवास, अंतपुर (3)
18. किसी कार्य का अपनी ओर से किया प्रारंभ (3)
19. अवसर की प्रतीक्षा, घात, आला (2)
20. अपवित्र, अशुद्ध (3)
22. स्वप्न, सपना (2)
24. लंबाई के बल ताने और चौड़ाई के बुने जाने वाले तागे (4)
27. माता सरस्वती का एक नाम, दुर्गा (3)
28. समूह, गुट (2)

**ऊपर से नीचे**
1. युद्ध के लिए सेना की तैयारी (4)
2. पानी का कुंड जो प्रायः बाग-बगीचे में होता है (2)
3. रमण करवाना, अनुरक्त बनाना (3)
4. पथभ्रष्ट होना, भुलावे में आना (4)
5. पार्वती या लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
6. गर-गर शब्द करते हुए कुल्ला करना (3)
10. रगड़ते हुए इधर-उधर मलना, उमेठना (3)
12. यह वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन देता है (3)
14. जिसने नमक खाया हो, मुलाजिम (5)
16. हाथ से धीरे-धीरे ठोकना (4)
21. पुराणानुसार पृथ्वी के नीचे सात लोकों में से यह लोक सातवां है (3)
23. जो भाग्य में लिखा हो, नियत (2)
25. उपरांत, पीछे, अनंततर (2)
26. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

### वर्ग पहेली 5387 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चे | त | न | श | र्मा | ■ | य | ■ |
| ता | न | ■ | मी | ■ | क | या | स |
| व | ■ | क | म | ला | प | ति | ■ |
| नी | म | न | ■ | ल | ट | ■ | मौ |
| ■ | ता | क | ना | ■ | वे | य | न |
| गा | धि | ■ | ■ | रो | श | न | ■ |
| य | का | र | ■ | जा | ■ | प | र |
| क | र | ब | द्ध | ■ | ना | ति | न |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञानवापी में पूजा के अधिकार पर एक और मुकदमा

**वाराणसी, एजेंसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल की कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी पर एक नया वाद दाखिल किया गया है। कोर्ट ने इसे मूलवाद के रूप में दर्ज कर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन जुलाई को लिखित कथन दाखिल करने और सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तिथि नियत की है। बाद में वाद को अगली सुनवाई के लिए सिविल जज सीनियर डिवीजन (चतुर्थ) की कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया। केस में अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और काशी विश्वनाथ मंदिर बोर्ड ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है। प्रतापगढ़ निवासी पत्रकार सौरभ सिंह सोमवंशी, कौशांबी के सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता राणा प्रताप सिंह व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट रीना एन. सिंह ने अधिवक्ता आरके सिंह के माध्यम से कोर्ट में वाद दाखिल किया है। कहा है कि ज्ञानवापी तीर्थस्थल है। यहां से कभी गंगा बहती थी, जिसका अस्तित्व एक कुएं के रूप में आज भी विद्यमान है। यह ज्ञानवापी परिसर के अंदर है। इसका वर्णन स्कंद पुराण में है। आदिविश्वेश्वर, नंदी महाराज अन्य देवी देवताओं को उनसे अलग किया गया। साथ ही भगवान के भक्तों से दूर रखा जा रहा है। सर्वे में सारे प्रमाण आ गये हैं। ज्ञानवापी परिक्षेत्र से मस्जिद को हटाकर हिंदुओं को सौंपा जाए। मुस्लिम कब्जे से मुक्त कराया जाए। ताकि भगवान की पूजा-पाठ, राग-भोग और आरती सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

### छत्तीसगढ़ में तेजी से चढ़ रहा पारा, 47 डिग्री पार हुआ तापमान, सुबह से ही चल रही गर्म हवाएं

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी और सूरज की तपिश से गर्म हवाएं चल रही है। इसका असर यह हो रहा है कि सुबह के नौ बजे ही पारा चढ़ने लगा है। मई महीना जाते-जाते सुबह नौ बजे मैक्सिमम टेंप्रेचर 37 डिग्री दर्ज किया गया। यह तापमान बीते 29 मई का था। ऐसे में सुबह नौ बजे ही घर से बाहर निकलने पर तेज धूप जलाने लग रही है। इसके अलावा दिन चढ़ने पर 11 बजे टेंप्रेचर 40.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम को लेकर जानकारों का मानना है कि 15-20 साल पहले जो तापमान सुबह के 11 बजे होता था वह अब नौ बजे होने लगा है। बदलते मौसम को लेकर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का पैटर्न बदल दिया है। हमारी रोजमर्रा की आदतें, पराली जलाने, दुनिया में चल रहे युद्ध, व्हीकल्स, एयरकंडीशन, ग्रीन हाउस गैसेस का बढ़ना और प्री मानसून एक्टिविटी का कम होना ग्लोबल वार्मिंग के रीजन हैं। ग्रीन हाउसेज गैसों के बढ़ने से एक्सट्रीम वेदर कंडीशन पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में मौसम को लेकर बात करें तो, छत्तीसगढ़ में बीते 3-4 दिनों से पारा 47 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं सुबह 9 से ही तापमान बढ़कर 38 डिग्री पहुंच रहा है। प्रदेश में आज सुबह से गर्म हवाएं चलने की कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। निकलकर काम निपटाने होते हैं, लेकिन 9 बजे से ही गर्मी के चलते लोगों को राहत की सुबह नहीं मिल पा रही है।

### जनसुनवाई के दौरान बिगड़ी मंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भीषण गर्मी का दौरा जारी है। जनसुनवाई के दौरान गृहराज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म की तबीयत बिगड़ गई। शहर के एक निजी होटल में शुक्रवार को जनसुनवाई के दौरान अचानक गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम की तबीयत खराब हो गई। तुरंत मौके पर ही चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने स्वास्थ्य जांच की तो पता चला कि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह का तेज गर्मी और लगातार व्यस्तता के चलते ब्लड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में चिकित्सक ने मंत्री को आराम करने की सलाह दी है। दरअसल में शुक्रवार दोपहर को शहर के सारस चौराहा स्थित एक निजी होटल में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत डॉक्टर को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद उन्होंने मंत्री जवाहर सिंह बेढम का ब्लड प्रेशर चेक किया, जिससे पता चला कि मंत्री का बल्ड प्रेशर बढ़ गया है। ऐसे में तुरंत उन्हें दवाई दी गई, जिसके बाद उनकी तबीयत सामान्य हुई। डॉ. गजेंद्र ने बताया कि लगातार दौरे, जनसुनवाई, गर्मी और थकान की वजह से बीपी बढ़ गया था. मंत्री को पहले से ही ब्लड प्रेशर की समस्या थी।

# हीटवेव से हुई मौतों पर भजनलाल के दो मंत्रियों में टकराव, किरोड़ी लाल के दावे पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में हीटवेव से हुई मौतों के आंकड़ों पर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों में टकराव हो गया है। दोनों ही मंत्री एक-दूसरे की बात को काट रहे है। आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का कहना है कि हीटवेव से 12 लोगों की मौत हो गई है। इन सभी के लिए मुआवजा के ऐलान भी कर दिया है। जबकि स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का कहना है कि हीटवेव से सिर्फ 6 लोगों की मौत हुए है। बता दें राजस्थान में हीटवेव के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक 50 से ज्यादा लोगों की हीटवेव से मौत हो चुकी है। जबकि आपदा प्रबंधन मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के मुताबिक 12 लोगों की मौत हुई जिनके लिए उन्होंने



मुआवजे का ऐलान किया है।

**कांग्रेस ने भी उठाए सवाल:** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है कि भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रबंधन में पूरी तरह विफल रही भाजपा सरकार अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद मृतकों को मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के आंकड़े छिपाने का पाप कर रही है। एसएमएस अस्पताल से चौंकाने वाली सूचना है, जहां हीट वेव से मौत के बाद करीब 40 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में हैं, हर दिन करीब 20-25 अज्ञात लोगों के शव मोर्चरी में आ रहे हैं। लेकिन सरकार मुआवजा देने से बचने के लिए मौत के अलग-अलग कारण बताकर 3 दिन के भीतर पोस्टमार्टम करके मामलों को निपटा रही है। पुलिस की कार्रवाई, परिवार को ढूंढने और समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने की प्रक्रिया में करीब 7 दिन लग जाते हैं। जिसके पश्चात डेड बॉडी को डिस्पोज किया जाता है। ये आंकड़े सिर्फ स्रूस अस्पताल के हैं, पूरे प्रदेश के हालात भयावह एवं चिंताजनक है। सरकार सिर्फ 5 लोगों की हीट वेव से मौत बता रही है।

# यूपी में पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था, चेहरा देखकर ही खुलेंगे पंचायत के कम्प्यूटर

**लखनउ, एजेंसी।** अब ग्राम प्रधान या पंचायत सचिव के घर पर या उनके किसी अन्य ठिकाने पर पंचायतीराज विभाग के कम्प्यूटर काम नहीं करेंगे बल्कि यह कम्प्यूटर प्रत्येक ग्राम सचिवालय में ही संचालित होंगे। यह कम्प्यूटर तभी काम करेंगे जब ग्राम पंचायत सहायक अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन करेंगे। यानि ग्राम पंचायत सहायक का चेहरा देखकर ही कम्प्यूटर खुलेगा। इससे ग्राम सचिवालय में उनकी उपस्थिति भी सत्यापित होगी।

बीती 24 मई को पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने यह पत्र सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को जारी किया है। इसमें निर्देश दिए गए हैं कि सभी पंचायत सहायक द्वारा अपने मोबाइल फोन पर पंचायत गेट-वे मोबाइल एप और पंचायत गेट-वे पोर्टल पुन इंस्टाल करें। इस आदेश के मुताबिक पंचायत सहायक/एकाउंटेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर द्वारा ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल फोन से पंचायत गेट-वे ऐप पर क्यूआर कोड प्रमाणित कर लॉगिन किया जा सकेगा। पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम से ही सभी भुगतान किये जा सकेंगे। पंचायतीराज विभाग के अफसरों का कहना है कि अब पंचायत सचिवालय में ही कम्प्यूटर संचालित होंगे। पंचायतीराज विभाग की नई व्यवस्था ग्राम प्रधानों को रास नहीं आ रही है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का कहना है कि पंचायत का भुगतान गेटवे से करने के विस्तृत निर्देश चिंतित करने वाले हैं।

# दिल्ली में आधी रात को धू-धूकर जला कश्मीरी गेट मेट्रो थाना



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में देर रात आग लग गई। अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। यह आग कैसे लगी फिलहाल इसकी सही वजह पता नहीं चल सकी है। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी नें बताया कि देर रात करीब 12ः45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आई, जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन थाने का एक हिस्सा आग में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें मालखाना भी शामिल है जहां मुकदमों से संबंधित सामान को रखा जाता है। आग की कूलिंग का काम चल रहा है। आईजीएल की पाइप लाइन में आग से हड़कंप वहीं, दिल्ली के साकेत स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स में आईजीएल (इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड) की गैस पाइपलाइन में भी शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी के चलते आग लग गई। गैस पाइपलाइन में आग लगने से कुछ ही देर में आग फैल गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को दी। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। एक अन्य मामले में हरकेश नगर स्थित जंगल में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। आग लगने के चलते जंगल में लगे छह से अधिक पेड़ जल गए। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि साकेत स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स में आइजीएल की गैस पाइपलाइन जा रही है। गुरुवार रात करीब पौने दो बजे गैस पाइपलाइन में आग लग गई।

# हिमाचल में कंगना, अनुराग ठाकुर, सुक्खू समेत कई दिग्गज नेताओं ने किया मतदान

**मंडी, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 4 लोकसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। हिमाचल में मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत,विक्रमादित्य सिंह,हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ,केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर समेत कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है।

मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने कहा, मेरी सभी से अपील है कि लोकतंत्र के महापर्व में वे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। मोदी जी की लहर पूरे हिमाचल प्रदेश में है। पीएम मोदी ने इस बार करीब 200 रैलियां की हैं। उनका लोहा पूरा देश और प्रदेश मानता है। मुझे अवश्य यहां से आशीर्वाद मिलेगा... 400 पार में हिमाचल की भी 4 सीटें रहेंगी।

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने कहा, मैंने मतदान कर दिया है। आप सभी भी जल्द से जल्द मतदान करके अपना योगदान दें। दुनिया उम्मीद भरी नजरों से भारत की तरफ देख रही है। विकसित भारत बनाना है। हम सभी को अपना योगदान करना है। जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने वाला है। हम लोकसभा की सभी 4 सीटें



जीतेंगे। हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में सभी 6 विधानसभा सीटें भी हम जीतने वाले हैं। कुछ राजनीतिक दलों ने चुनावी नतीजों से पहले ही हार मान ली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, ...जनता ने एक ही बात ध्यान में रखी है कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी। देश सुरक्षित है, देश मजबूत हाथों में है। मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चल रही है और देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं...कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में तुष्टीकरण की बात की। असल धर्मनिरपेक्ष मोदी जी हैं। जिन्होंने सभी योजनाएं दी और कभी नहीं कहा कि किसी धर्म को दिया और किसी धर्म को नहीं दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, आज बहुत अच्छा दिन है पूरे क्षेत्र से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। केवल विक्रमादित्य सिंह नहीं बल्कि पूरे मंडी क्षेत्र के 14 लाख लोगों की जीत होगी। मिलकर हम विकास कार्यों को आगे लेकर जाएंगे। मेरा निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने आएं।

# 432 लोगों को तीन महीने में मिलेंगे पीएम आवास योजना के फ्लैट; जीडीए सचिव कर रहे निगरानी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को तीन महीने में डासना प्रोजेक्ट के मकानों पर कब्जा देने की तैयारी है। डासना में चल रहे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रभारी मुख्य अभियंता लगातार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखने के साथ ही जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। जीडीए डासना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 432 मकान तैयार कर रहा है। यह प्रोजेक्ट एक मार्च 2019 को शुरू हुआ था, जबकि इसका निर्माण कार्य समाप्त होने की समयावधि 30 जून 2023 तय की गई थी।

14,074 वर्ग मीटिर में फैले इस प्रोजेक्ट में भवनों का स्ट्रक्चर बनकर तैयार हो चुका है। यहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां



मकानों के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की जांच की। साथ ही तैयार मकानों में लगी सामग्री को भी परखा। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार से एक महीने में इन मकानों को तैयार करने के लिए कहा। बता दें कि चार मंजिला इमारत में तैयार हो रहे भवनों का कारपेट एरिया 22.67 वर्ग मीटर है जबकि इसका सुपर एरिया 34.07 वर्ग मीटर है। इन भवन में दो कमरे, कुकिंग स्पेस, बाथरूम, डब्लूसी, बरामदा है।

**सचिव खुद कर रहे निगरानी:** प्रधानमंत्री आवास योजना प्रोजेक्ट की निगरानी जीडीए सचिव खुद कर रहे हैं। वह लगातार निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हैं। ताकि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कोई कमी ना रह सके। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों को भी हिदादत दे रखी है कि निर्माण कार्य में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जीडीए साढ़े तीन हजार मकान बनवाएगा:** जीडीए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पांच प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। मधुबन-बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर और निवाड़ी में चल रहे प्रोजेक्ट में कुल 3,496 मकान बनेंगे। प्राधिकरण ने सभी प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि सभी प्रोजेक्ट ऐसे हैं, जिनमें काम करने की गति धीमी है। वहीं, निजी बिल्डर भी 2805 फ्लैट तैयार कर रहे हैं।

# अमित शाह ने राजकोट अग्निकांड को लेकर की बैठक, कोर्ट ने 4 आरोपियों को 12 दिन की रिमांड पर भेजा

**राजकोट, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को छोटे से प्रवास पर राजकोट पहुंचे। यहां उन्होंने 'ञ्ञ्क्ष्क्ष गेम जोन' अग्निकांड हादसे को लेकर नगरीय निकाय और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। अधिकारियों के साथ उनकी यह बैठक उनके सोमनाथ रवाना होने से पहले दोपहर को राजकोट के हवाई अड्डे पर हुई, इसके बाद वे वेरावल जिले के प्रभास पाटन में स्थित सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए निकल गए। इसी मामले में गुरुवार को गिरफ्तार 4 अधिकारियों को अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया।

बैठक के दौरान शाह ने भीषण आग से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। बैठक में राजकोट नगर निगम आयुक्त डी.पी. देसाई, पुलिस आयुक्त ब्रजेश कुमार झा और जिला कलेक्टर प्रभा जोशी शामिल हुए। यह बैठक लगभग 40 मिनट तक चली। 25 मई को हुए इस अग्निकांड में 27 लोगों की जान चली गई थी।

उधर इसी हादसे को लेकर राजकोट क्राइम ब्रांच द्वारा गुरुवार को गिरफ्तार किए गए नगर नियोजन अधिकारी मनसुख सागथिया, सहायक नगर नियोजन अधिकारी मुकेश मकवाना और गौतम जोशी तथा फायर स्टेशन अधिकारी रोहित विगोरा को शुक्रवार को राजकोट की एक अदालत ने 12 दिन की रिमांड पर भेज दिया। पुलिस जांच में अग्निकांड को लेकर राजकोट नगर निगम के इन चार अधिकारियों की जिम्मेदारी सामने आई है। जिसके बाद पुलिस में इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले, पुलिस ने बिना आवश्यक अनुमति के संचालित किए जा रहे टीआरपी गेम जोन के प्रबंधक और चार मालिकों को गिरफ्तार किया था।

# जलसंकट के लिए हरियाणा को जिम्मेदार बताने पर केजरीवाल के बयान पर नायब सरकार के मंत्रियों ने घेरा

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में जल संकट के लिए हरियाणा सरकार को जिम्मेदार बताने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की ओर से मोर्चा संभालते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, सिंचाई मंत्री अभय यादव, पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा, परिवहन मंत्री असीम गोयल और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव ने आंकड़ों के साथ केजरीवाल सरकार को आईना दिखाया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का आरोप है कि इस साल मई से ही हरियाणा ने यमुना में दिल्ली के हिस्से का पानी रोक दिया। इसके कारण जलस्तर घट गया है।

**कृषि मंत्री बोले, दिल्ली में पानी की व्यवस्था सुधारें:** हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने केजरीवाल को दिल्ली में पानी की व्यवस्था सुधारने की नसीहत दे



डाली। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहले ही 350 क्यूसिक पानी ज्यादा दे रहा है। दिल्ली सरकार पानी किल्लत को लेकर ड्रामेबाजी कर रही है।


**दिल्ली को 1049 क्यूसिक पानी दे रहा हरियाणा: सिंचाई राज्यमंत्री:** सिंचाई राज्यमंत्री अभय यादव ने कहा कि दिल्ली का अधिकार 719 क्यूसिक पानी का है, जबकि हरियाणा उसे 1049 क्यूसिक पानी दे रहा है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की है, उसका हरियाणा तथ्यों के साथ जवाब देगा। अभय यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय मुद्दों का राजनीतिकरण किया जाता है। जिस तरह हरियाणा अपने संसाधनों से पानी का प्रबंधन करता है, उसी तरह दिल्ली भी अपना प्रबंधन ठीक करे। पंचायत राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ने दावा किया कि दिल्ली का पानी माफिया जनता तक पानी पहुंचने नहीं दे रहा है। दिल्ली में तस्करों को पता है कि सबसे ज्यादा कमाई पानी से होती है। दिल्ली को हरियाणा पर आरोप लगाने की बजाय यह पता लगाना चाहिए कि दिल्ली का पानी कहां जा रहा है। कौन पानी चोर हैं, जो पानी की तस्करी करते हैं।

**एसवाईएल का पानी पंजाब से दिलाएं केजरीवाल : भाजपा:** भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता जवाहर यादव ने कहा कि दिल्ली सी.एम. अरविंद केजरीवाल सिर्फ ड्रामा करते हैं वे सिर्फ हरियाणा पर कम पानी देने के आरोप लगाते हैं। पानी प्रकृति की देन है, जो पीछे से पानी आता है, वही दिया जाता है, हरियाणा पानी नहीं बनाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पर नरवाना ब्रांच के रखरखाव के 204 करोड़ रुपए हरियाणा के बकाया है, जो उसने अभी तक नहीं दिए हैं। केजरीवाल अगर हरियाणा से पानी मांगते हैं, तो राजीव लोंगोवाल समझौते के तहत हरियाणा को पंजाब से भी पानी दिलवाएं। एस.वाई.एल. का का पानी दक्षिण हरियाणा के महेंद्रगढ़-रेवाड़ी और भिवानी का हक है, केजरीवाल उसे पंजाब से दिलवाएं। केजरीवाल को आंकड़ों के हिसाब से स्थिति साफ करनी चाहिए। पहले दिल्ली को कितना पानी मिलता था, अब दिल्ली को कितना पानी मिलता है। पानी की निगरानी के लिए दिल्ली और हरियाणा के अधिकारियों की एक संयुक्त कमेटी है, जो हर घंटे पानी का डाटा एकत्रित करती है। उन्होंने कहा कि आरोप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगा रहे हैं, जबकि दिल्ली के अधिकारी कुछ नहीं बोल रहे। केजरीवाल अपनी गलतियों को छिपाने का काम कर रहे हैं, जो छिप नहीं रही है।

**पानी के लिए हुई अव्यवस्था के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : सुशील गुप्ता:** आम आदमी पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को बयान जारी कर प्रदेश में पानी की किल्लत को लेकर हरियाणा सरकार को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज पूरे हरियाणा में पानी के लिए मारामारी हो रही है। इस मिस मैनेजमैंट के लिए सीधे तौर पर हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। हरियाणा के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच रही। तापमान 50 डिग्री पहुंचने के बावजूद हरियाणा सरकार ने पानी के इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कोई कदम नहीं उठाए है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की गलती का खामियाजा जनता भुगत रही है। दिल्ली में पानी की भरपूर कमी है और चारों तरफ से पानी रुक गया है। इसके बावजूद भी आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार मैनेजमैंट कर रही है। दिल्ली सरकार समर एक्शन प्लान लेकर पानी पहुंचाने का काम कर रही है। जिसके तहत पानी का इस्तेमाल कैसे करें, पानी का डिस्ट्रीब्यूशन कैसे करें। टैंकर माफिया को खत्म किया और पानी की वेस्टेज को कैसे खत्म किया। हरियाणा सरकार को भी दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार से सीखना चाहिए।



# यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से स्थगित, फैंस को हाथ लगी निराशा



**लंदन, एजेंसी।** आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है।

माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।


टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आना की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें।

माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं।

आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं। बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में क्रिकेट खेलने को मिलेगी: कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट के बढ़ते प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां क्रिकेट की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोहली ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास मुंबई द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम अमेरिका में किसी भी रूप में क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन अब यह हकीकत है। यह आपको दुनिया में खेल के बढ़ते प्रभाव के बारे में बताता है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए काफी इच्छुक है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत करने का एक आदर्श तरीका है, इसलिए मुझे लगता है कि इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हाल ही में अमेरिका की मास्टर लीग में लिस्ट ए का दर्जा दिया था।

इसके बाद अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। 2023 में हुए एमएलसी के पहले सीजन ने अमेरिकी क्रिकेट देखने के लिए मैदान में भी पहुंचे। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में खचाखच भरे स्टेडियम देखे गए। अब एमएलसी के दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है जिसमें क्रिकेट के पावरहाउस देश हिस्सा लेते नजर आएंगे। कोहली ने एमएलसी के प्रभाव और प्रशंसकों के बीच क्रिकेट में रुचि जगाने की इसकी क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में एक तरह का डोमिनोज़ प्रभाव शुरू हुआ और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय तक जारी रहेगा। जैसा कि मैंने कहा, हमारे पास राज्यों में खेल को जीवित रखने और दूसरों को अधिक जागरूक बनाने के लिए हमारे क्षेत्रों से पर्याप्त लोग हैं। मुझे लगता है कि वहां एमएलसी में भी काफी संभावनाएं हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### क्रिस वोक्स ने क्रिकेट से दूरी बनाने पर कहा, यह जीवन का सबसे मुश्किल क्षण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वरिकशायर के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स इन दिनों क्रिकेट से दूर हैं। अपनी अनुपस्थिति के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अपने पिता की मृत्यु से काफी दुखी हैं। क्रिस वोक्स के पिता का निधन मई की शुरुआत में हो गया था।

इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में 35 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि पिछला महीना उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण समय रहा, जिसके कारण उन्हें क्रिकेट से भी ब्रेक लेना पड़ा। इंग्लैंड के क्रिकेट सेटअप में सभी प्रारूपों में 200 से अधिक मैच खेलने वाले वोक्स इस सीजन में वरिकशायर का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए भी उन्होंने नहीं खेलने का फैसला किया। टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम में भी वोक्स का नाम नहीं है, ऐसे में उनका ब्रेक और लंबा हो सकता है।

एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट में क्रिस वोक्स ने बताया कि वे इस दुख के समय में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। क्रिस वोक्स ने लिखा, पिछला महीना मेरे जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण महीना रहा है। दुर्भाग्य से, मेरे पिताजी का मई की शुरुआत में निधन हो गया। वोक्स ने इस मुश्किल दौर में अपने परिवार के साथ समय बिताने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, हम सभी स्पष्ट रूप से शोक मना रहे हैं और निस्संदेह अपने जीवन के सबसे कठिन क्षणों से गुजरने की कोशिश कर रहे हैं। वोक्स ने कहा कि वह सही समय पर क्रिकेट में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप: 2024

# भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर न्यूयॉर्क में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, छावनी में बदला नासाउ स्टेडियम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** आईएसआईएस ने जो धमकी दी थी, उसमें खतरा लोन वुल्फ अटैक को लेकर डराया था। लोन वुल्फ आतंकवादी संगठनों से जुड़े सदस्य हैं जो संगठनों से इजाजत लेकर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना अधिक कठिन हो जाता है। आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए न्यूयॉर्क की नासाउ काउंटी में नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था होगी। दरअसल, आईएसआईएस के एक आतंकी संगठन ने भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर धमकी दी थी। आईएसआईएस-के ने वीडियो जारी करते हुए लोन वुल्फ अटैक की धमकी दी थी। नासाउ काउंटी के स्टेडियम में टूर्नामेंट के आठ मैच खेले जाएंगे जिसमें भारत के तीन मैच भी शामिल हैं। भारतीय टीम एक जून को यहां बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेलेगी।



### न्यूयॉर्क की गवर्नर ने क्या कहा?

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने राज्य पुलिस को दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है। कैथी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, विश्व कप की तैयारी में मेरी टीम संघीय और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है जिससे कि उपस्थित लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, मैंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है और हम निगरानी जारी रखेंगे।

### 1. आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी

सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यूयॉर्क के अधिकारी विश्व कप के खिलाफ इस साल की शुरुआत में आतंकवादी समूह आईएसआईएस-के द्वारा वैश्विक धमकी के बाद सुरक्षा को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। एक महीने पहले अप्रेल में आंतकी संगठन आइएसआइएस ने विश्व कप के दौरान हमले की धमकी दी थी।

नासाउ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने बुधवार को कहा कि इस टूर्नामेंट को लेकर अप्रैल में भी आईएसआईएस-के से जुड़ी धमकी मिली थी। हालांकि, इस बार खतरा लोन वुल्फ का है। लोन वुल्फ आतंकवादी संगठनों से जुड़े सदस्य हैं जो संगठनों से इजाजत लेकर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक करना अधिक कठिन हो जाता है।

### 2. अमेरिका में गन प्रवृति से खतरा

अमेरिका में आम लोगों के पास भी गन है। इस कारण इस देश में अकसर सार्वजनिक जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं आम बात हैं। पुलिस को डर है कि कही विश्व कप मैच के दौरान और खासतौर पर भारत-पाकिस्तान मैच में इस तरह की घटना हो सकती है।

### भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर धमकियां

रिपोर्ट में कहा गया है, इसके बाद नौ जून को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को लेकर और अधिक विशिष्ट धमकियां दी गई और ऑनलाइन प्रसारित होने वाले एक वायरल वीडियो का संदर्भ दिया गया जिसमें 'अकेले भेड़िये को कार्रवाई करने' के लिए कहा गया है। राइडर ने रिपोर्ट में कहा, मैं आपको इसकी गारंटी दे सकता हूं।

यह इस काउंटी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, और मैं आपको यह भी गारंटी दे सकता हूं कि नौ जून को नासाउ काउंटी में सबसे सुरक्षित जगह स्टेडियम के अंदर होगी।

### छावनी में तब्दील नासाउ स्टेडियम

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में तो यह तक भी कहा जा रहा है कि नौ जून को मैच के दिन इस स्टेडियम में करीब 3500 पुलिसकर्मा मौजूद होंगे। 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में 3500 पुलिसकर्मियों का होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है।

अमेरिका में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध खेल अमेरिकन फुटबॉल, बेसबॉल और बास्केटबॉल में भी कभी इतनी सिक्योरिटी नहीं लगाई गई है। इसके अलावा मैदान के अंदर दर्शकों की जांच के लिए स्क्रीनिंग मशीनें होंगी। साथ ही उन पर नजर रखने के लिए डॉग स्क्वॉड भी लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं हेलीकॉप्टर से भी स्टेडियम पर नजर रखी जाएगी। साथ ही कई वॉच टावर भी बनाए गए हैं। आइजहावर पार्क स्थित इस स्टेडियम को लेकर पुलिस एक्शन में है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस आइजनहावर पार्क को दो जून से अपने कब्जे में ले लेगी ताकि किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाया जा सके। इस मैदान पर पहला मैच तीन जून को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।

### भारत न्यूयॉर्क में तीन मैच खेलेगा

रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। उसके बाद नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा।

भारत को 12 जून को मेजबान अमेरिका का सामना करना है। इस प्रतियोगिता पर आतंकी खतरे का खुलासा सबसे पहले त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोली ने किया था और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रतियोगिता के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत सुरक्षा घेरा बनाया गया है।

### आईसीसी ने क्या कहा था?

आईसीसी ने कहा था, टूर्नामेंट में सभी की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और हमारे पास एक व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना है। हम अपने मेजबान देशों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं और वैश्विक परिदृश्य की निरंतर निगरानी और मूल्यांकन करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी प्रतियोगिता के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए उचित योजनाएं बनाई गई हैं।

## रोहित अकेले दम पर विरोधी टीम से मैच छीन सकते हैं: शाकिब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की जमकर सराहना करते हुए कहा कि रोहित ऐसे बल्लेबाज हैं, जो अकेले ही पूरा मैच पलटने का माद्दा रखते हैं। भारत और बांग्लादेश शनिवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक दूसरे से भिड़ेंगे। इस बीच स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शाकिब ने कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ साल जिस तरह से रोहित शर्मा ने भारतीय टीम की कमान संभाली है, वह शानदार है।

टीम में एक लीडर के तौर पर उनकी छवि बहुत अच्छी है और सभी खिलाड़ी उनका सम्मान करते हैं। रोहित एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अकेले ही किसी भी मैच को विरोधी टीम से दूर और अपने पक्ष में ले जाने का दम रखते हैं। दूसरी तरफ स्टेडियम का दौरा करने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले यूएस की कंडीशन को समझना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, यह मैदान, पिच और इस तरह की चीजों को महसूस करने की लय में आने के बारे में है। सलामी बल्लेबाज स्टेडियम में प्रशंसकों को देखने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिका, वेस्टइंडीज के साथ मिलकर अपना पहला क्रिकेट विश्व कप आयोजित कर रहा है। रोहित ने कहा, न्यूयॉर्क में लोग विश्व कप देखने के लिए बेताब होंगे, क्योंकि विश्व कप पहली बार यहां हो रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि सभी टीमों के सभी प्रशंसक काफी उत्साहित हैं और इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं।

साथ ही खिलाड़ी भी टूर्नामेंट शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शनिवार को होने वाले अभ्यास मैच से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने अमेरिका में नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया।

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श की फिटनेस पर सस्पेंस, ओमान के खिलाफ नहीं करेंगे गेंदबाजी

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से उन्हें फिट बताया जा रहा है लेकिन वह ओमान के खिलाफ बतौर ऑलराउंडर नहीं बल्कि बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।



भारत में आईपीएल खेलने के दौरान मार्श अप्रैल में हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। टी20 विश्व कप 2024 के आगाज से पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में हुए दो अभ्यास मुकाबलों में वह फिर से मैदान पर लौटे।

दोनों ही मैचों में उन्होंने पूरी पारी में फील्डिंग नहीं की। हालांकि, एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि मार्श 6 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ मैच खेलेंगे, लेकिन केवल बल्लेबाज के रूप में। गेंदबाजी में उनकी वापसी अभी भी अनिश्चित है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने एंड्रयू मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, मिचेल के लिए, (वार्म-अप मैच) उनके शरीर की स्थिति को परखने के बारे में थे। उन्होंने अधिक ओवर फील्डिंग की, वह अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ पाए, इसलिए उन्होंने वहां थोड़ा आत्मविश्वास हासिल किया।

ऐसा लग रहा है कि वह पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, दूसरा भाग तब होगा जब गेंदबाजी फिर से शुरू होगी...यह पहला गेम नहीं होगा। मार्श ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान के रूप में सेवानिवृत्त हुए आरोन फिंच की जगह ली।

फुटबॉल

## किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल से हार के बाद, फूट-फूटकर रोए क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाली सुपरस्टार का व्यक्तिगत तौर पर शानदार सीजन था, लेकिन उन्होंने इसे ट्रॉफी रहित समाप्त किया।

इससे ही वह दुखी हो गए और इतने संघर्ष के बाद ट्रॉफी नहीं जीत पाने से उनकी आंखों में आंसू आ गए। सऊदी अरब की फुटबॉल लीग में अल नस्र से खेलने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो किंग्स कप फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वी अल-हिलाल के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद फूट-फूटकर रोने लगे। मैच का परिणाम अपने पक्ष में नहीं आने के बाद रोनाल्डो मैदान पर लेट गए और रोने लगे। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद अल हिलाल ने अल नस्र को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। अल हिलाल के गोलकीपर गोलकीपर यासीन बूनो ने दो सेव किए और अल हिलाल की जीत के हीरो रहे।

## पेरिस ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट को मिली खुशखबरी, खेल मंत्रालय ने वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा की भी यह मांग मानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शुक्रवार 31 मई 2024 को कॉमनवेल्थ और एशियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान विनेश फोगाट और ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की मांगों को अपनी मंजूरी दे दी। विनेश फोगट ने खेल मंत्रालय से हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले प्रशिक्षण शिविर में अपने निजी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच वेन लोम्बार्ड को शामिल करने का अनुरोध किया था।

खेल मंत्रालय ने पेरिस खेलों की तैयारी के लिए कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह के साथ 60 दिन के लिए यूरोप में प्रशिक्षण लेने की वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा के योजना को भी मंजूरी दे दी। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी। पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेने वाली विनेश फोगाट ने लोम्बार्ड के हवाई किराये, वीजा शुल्क,





भोजन, आवास तथा हंगरी में स्थानीय परिवहन के लिए मदद का अनुरोध किया था।

विनेश फोगाट बुडापेस्ट में 6 से 9 जून तक होने वाली यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग 2ठुस्त्र रैंकिंग सीरीज (पोलाक इमरे एवं वर्गा जानोस मेमोरियल टूर्नामेंट) में हिस्सा लेंगी। एमओसी ने विनेश फोगाट के मैड्रिड में 5 से 7 जुलाई तक होने वाले स्पेन के ग्रैंड प्रिक्स में हिस्सा लेने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरा चोपड़ा 29 मई से 18 जून तक कुओर्टेन (फिनलैंड) में प्रशिक्षण लेंगे। उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो इशान मारवाह भी होंगे। जैवलिन थ्रोअर (भाला फेंक खिलाड़ी) नीरज चोपड़ा 19 जून से 7 जुलाई तक जर्मनी के सारब्रुकेन में पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी करेंगे। इसके बाद 26 साल का यह खिलाड़ी 8 जुलाई से तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में होंगे।



## गायत्री-त्रिशा की जोड़ी सिंगापुर ओपन से बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-4 जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिडा ने भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया। भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी सिंगापुर ओपन से बाहर हो गई है।

सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिडा ने 47 मिनट चले इस मैच में भारतीय जोड़ी को 23-21, 21-11 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया है। भारत के सात्विक-चिराग, पीवी सिंधु और एचएस प्रणय पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### लगातार गेम में हारी भारतीय जोड़ी

जापान और भारत के बीच हुए विमेंस डबल्स के सेमीफाइनल में पहला गेम काफी रोमांचक रहा। दोनों ही जोड़ी एक पॉइंट्स से ज्यादा की लीड नहीं ले पा रही थीं। जापान ने तीन बार मैच पॉइंट्स का मौका गंवाया। हालांकि, भारतीय जोड़ी की गलती के कारण मात्सुयामा और शिडा गेम जीतने में कामयाब रहीं। दूसरे गेम में भारतीय टीम दबाव में नजर आई। शुरुआती 2 पॉइंट्स के बाद टीम पिछड़ती चली गई। गायत्री और त्रिशा को दूसरे गेम में 21-11 से हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

भारत की त्रिशा और गायत्री का यह इस सीजन का पहला सेमीफाइनल था। उन्होंने राउंड -16 में वर्ल्ड नंबर-2 साउथ कोरिया की बेक हा ना और ली सो ही को तीन गेम 21-9, 14-21, 21-15 से हराया था। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-6 साउथ कोरिया जोड़ी किम यिओंग और कॉन्ग यॉन्ग को 21-18, 21-9, 24-23 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले दोनों साल 2023 के ऑल इंग्लैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। टीम ने तीसरे नंबर पर फिनिश किया था।

# काराकाट के तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 53.3 प्रतिशत हुआ मतदान





कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के सातवें और अंतिम चरण में काराकाट संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद जिले में पड़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। आधी आबादी यानी महिलाओं ने भी लोकतंत्र के पर्व में उत्साह से भाग लिया। महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर लोकतंत्र के इस महात्योहार में हिस्सा लिया। औरंगाबाद जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों-गोह, ओबरा एवं नबीनगर में मतदान शांति और भयमुक्त माहौल में शुरू हुआ और यही माहौल मतदान समाप्त होने तक बना रहा। कई बूथों पर बुजुर्गों, वरिष्ठ नागरिको, दिव्यांग महिलाओं और पुरुषों ने मतदान किया जिन्हे बूथों पर तैनात पुलिस बलों द्वारा सहयोग कर बूथ के अंदर तक ले जाकर मतदान में सहयोग किया गया। मतदान को शांति और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने भी ने कई बूथों का जायजा लिया। साथ ही मॉनिटरिंग टीम द्वारा कंट्रोल रूम से भी मतदान की मॉनिटरिंग की गई। इस दौरान डीएम और एसपी ने नबीनगर में राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय रघुनाथगंज स्थित पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया एवं ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान समाप्त होने तक कही से किसी अप्रिय घटना का समाचार नही है। इस दौरान कुल 53.33 प्रतिशत मतदान हुआ।

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित शेखपुरा व घेजना के ग्रामीणों ने किया वोट का बहिष्कार



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण के लिए काराकाट लोक सभाक्षेत्र में सुबह सात बजे से ही गोह विधान सभा के सभी गांव में शांति पूर्ण मतदान शुरू हो गया था, लेकिन देवहरा पंचायत के शेखपुरा एवं घेंजना गांव के ग्रामीणों ने रोड नही तो वोट नही के नारे के साथ वोट का बहिष्कार किया।

दरअसल देवहरा पंचायत के शेखपूरा एवं घेंजना गांव के ग्रामीणों ने कई महीनो पूर्व अधिकारियों को संज्ञान में देते हुए यह निर्णय लिया था कि गांव में जबतक बुनियादी सुविधाएं बहाल नही की जाएगी तबतक हमलोग दोनो गांव के सैकड़ो मतदाता वोट का बहिष्कार करेंगे। हालांकि महीनो दिन पूर्व इसको लेकर एसडीओ एवं बीडीओ दोनो गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की थी लेकिन ग्रामीण नही माने और चुनाव बहिष्कार किया। शेखपुरा गांव में बने मतदान केंद्र संख्या 227 पर 8 मतदाओ ने वोट दिया जबकि केंद्र संख्या 228 पर 6 मतदाताओं ने वोट डाले। वही घेजना गांव के मतदाता केंद्र संख्या 230 पर 4 मतदाताओं ने वोट का प्रयोग किया। ग्रामीणों की माने तो एक भी किसी भी ग्रामीण ने वोट नही डाला है, लेकिन कुछ आंगनबाड़ी सेविका अपने अधिकारी के प्रेशर से वोट डाला है। गोह के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि महीनो पूर्व शेखपुरा एवं घेजना गांव के ग्रामीणों के द्वारा वोट बहिष्कार करने की सूचना मिली तो एसडीओ मनोज कुमार के साथ मैंने गांव जाकर ग्रामीणों से वार्ता की थी। इसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने और वोट का बहिष्कार किया।

### क्या कहते है अधिकारी?

शेखपुरा गांव के बूथ संख्या 227 पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि सुबह से शाम तक मात्र 8 मतदाताओं ने ही मतदान किया है। वही बूथ संख्या 228 के पीठासीन पदाधिकारी अजय विश्वकर्मा ने बताया कि सुबह से एक एक कर कुल 6 मतदाताओं ने केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।उन्होंने यह भी बताया कि लोगों ने वोट का बहिष्कार किया जिसके कारण मतदान केंद्र पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।

# गुणवता बढ़ाने के लिए राज्य में इस वर्ष आदर्श टीकाकरण केंद्र बढ़ाने की तैयारी

निज संवाददाता



**पटना।** नियमित टीकाकरण केंद्रों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राज्य भर में 260 आदर्श टीकाकरण केंद्र और कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। इस साल आदर्श टीकाकरण केंद्र बढ़ाने की तैयारी है। अभी जो आदर्श केंद्र हैं, वह निजी अस्पतालों की तर्ज पर विकसित किए गए हैं। इन केन्द्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ चाइल्ड फ्रेंडली भी बनाया गया है। बिहार की शिशु मृत्यु दर 2 अंक घटकर 27 हो गई है। इसमें नियमित टीकाकरण का बेहतर आच्छादन भी एक बड़ा योगदान है। टीकाकरण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए राज्य स्तर पर स्थापित टेली-मॉनिटरिंग सेल की बड़ी भूमिका है। नियमित टीकाकरण शिशुओं को लगभग 12 तरह के जीवन घातक रोगों से सुरक्षित करता है। विश्व भर में प्रति वर्ष 35 से 50 लाख शिशुओं में डिप्थीरिया, इन्फ्लुएंजा, मीजिल्स, टेटनस जैसे रोगों से टीकाकरण सुरक्षा प्रदान करता है। यूविन पोर्टल के माध्यम से कवरेज एवं टीकाकरण सत्रों की रियल टाइम जानकारी मिलती है। साथ ही इसकी सहायता से टीकाकरण के बाद शिशुओं में होने वाली किसी प्रकार की एडवर्स इफेक्ट की मॉनिटरिंग एवं इसका शीघ्र समाधान करने में भी सहायता मिलती है। अभी राज्य में टीका संग्रहण की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए कुल 734 कोल्ड चेन नेटवर्क क्रियाशील है। प्रभावी टेली-मॉनिटरिंग सेल से राज्य में विटामिन ए एवं एमसीपी कार्ड की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। टीकाकरण सत्रों पर पूर्व में विटामिन ए की उपलब्धता में 30 प्रतिशत की कमी थी, जिसे दूर कर अब शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

# तेज धूप के बीच घूंघट कर पहुंची महिलाओं ने लोकतंत्र किया मजबूत

निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे से थोड़ी दूरी पर बारुण प्रखंड के भोपतपुर पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 116 पर मतदाताओं की कतार बेहद छोटी है। 11:44 बजे यहां 1155 मतदाताओं में से 501 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था। मतदान केंद्र पर रुमाल से पसीना पोछते हुए सिपाही जितेंद्र कुमार मतदान के लिए खड़े मतदाताओं को कुछ समझाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अर्द्धसैनिक बल मतदाताओं को कुछ निर्देश देते हैं। इस बीच पहली बार मतदान करने पहुंची समी कुमारी के रिश्तेदार मतदान के बारे में उन्हें कुछ समझा रहे हैं। समी कुमारी घूंघट काढ़े हुए पहुंची हैं। भोपतपुर मतदान केंद्र संख्या 115 पर मतदाताओं की थोड़ी कतार लगी हुई है। यहां महिलाओं की कतार एक तरफ वहीं पुरुषों की कतार अलग है। पी-2 के रूप में शाहबाज आलम बताते हैं कि 1132 मतदाताओं में से 510 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लिया है। 11:48 बजे तक यहां 47 प्रतिशत तक मतदान हो चुका था। भोपतपुर के मो. मेराज पहली बार मतदान करने के लिए आए थे। वह लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मत का प्रयोग कर रहे थे। यहां मौजूद सुरक्षा बल मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मतदान केंद्र से थोड़ी दूरी पर विभिन्न दलों के प्रतिनिधि आपस में मतदान के लिए चर्चा करते और पर्ची तैयार करते हुए नजर आते हैं। बारुण प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 127, प्राथमिक विद्यालय प्रीतमपुर में दोपहर 12 बजे तक 353 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। यहां कुल 680 मतदाता थे। यहां मौजूद कुछ कर्मी भोजन करने की तैयारी में नजर आते हैं। वह कहते हैं कि लगभग 50 प्रतिशत पोलिंग होने वाली है और आगे भोजन करने के बाद ही मतदान शुरू होगा। बीच-बीच में भीषण गर्मी होने की बात लोग कह रहे हैं। मध्य विद्यालय, रसलपुर में भी मतदाताओं की कतार लगी हुई है। मतदान केंद्र संख्या-120 पर 949 में से 430 मत डाले जा चुके थे। दोपहर के 12:15 बजे तक अच्छी संख्या में मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था। मतदान केंद्र संख्या-121 पर मतदाताओं की कतार नहीं थी। यहां 869 में से 388 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था। यहां पीठासीन पदाधिकारी के रूप में सुदेश कुमार मौजूद थे। पीठासीन पदाधिकारी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान होने की बात बताते हैं। भीषण गर्मी के बावजूद मतदान पर इसका कोई खास असर नहीं दिखता है।

## कोई ई-रिक्शा से तो कोई ऑटो से पहुंचा करने मतदान

निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)।** काराकाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन विधानसभा क्षेत्रों में शनिवार को मतदान केंद्र पर महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर मतदान किया। भीषण गर्मी होने के बावजूद महिलाएं मतदान करने के लिए घरों से निकली। बारुण प्रखंड के रसलपुर मध्य विद्यालय मतदान केंद्र पर महिलाएं टेंपो से वोट देने के लिए पहुंची हुई थी। बलौनी गांव की महिलाओं ने बताया कि वह खाना बनाकर और खाकर मतदान करने आई थी। अपना मत दे दिया और अब घर को रवाना हो रही हैं। मतदान की तैयारी पहले से ही कर ली थी और सभी लोग समूह में एक साथ मतदान करने पहुंची थी। ई रिक्शा से भी महिलाएं मतदान के लिए मतदान केंद्र पर पहुंची। शनिवार को जैसे-जैसे तापमान चढ़ता गया, उसी हिसाब से मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता रहा। सुबह 11:30 बजे तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था। दोपहर करीब 12:15 बजे तक तापमान बढ़कर 44 डिग्री तक पहुंच गया। इस दौरान कुछ समय के लिए मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसर गया। हालांकि तब तक 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। गर्मी को ध्यान में रखते हुए महिला और पुरुष मतदाताओं ने अहले सुबह ही मतदान करना उचित समझा। सुबह 7:30 बजे तक मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतार लगी हुई थी। सुबह करीब 10 बजे तक यह कतार लंबी होती चली गई और दोपहर 12 बजे तक तो ज्यादातर मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था। दोपहर के बाद धूप कम होने पर शेष मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नवीनगर विधानसभा, गोह विधानसभा और ओबरा विधानसभा में महिला मतदाताओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर अपने मत का इस्तेमाल किया। मतदाता कहीं टेंपो तो कहीं ई रिक्शा और बाइक सहित अन्य संसाधनों से मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंच रही थीं। इसके अलावा काफी संख्या में मतदाताओं ने पैदल पहुंचकर मतदान किया। कई जगहों पर धूप से बचाव के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी। जहां बड़े भवन में मतदान केंद्र था, वहां मतदान करने में कोई खास परेशानी नहीं हुई। मतदाताओं को भवन के अंदर ही कतार में लगाया गया था ताकि धूप से बचाव हो सके।

# गर्मी का कहर जारी, दो की मौत और दर्जन भर हुए बीमार

निज संवाददाता




**औरंगाबाद/रफीगंज।** औरंगाबाद में भीषण गर्मी का कहर जारी है। गर्मी से बेहोश होने एवं मरने का सिलसिला जारी है। गर्मी के कारण ग्रामीण घर से नहीं निकल रहे हैं। जो निकल रहे हैं उनकी तबीयत अचानक खराब हो रही है। शनिवार को रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी से दो महिलाओं की मौत हो गई। हाजीपुर गांव निवासी चंद्री कुंवर (65 वर्ष) एवं महादेव घाट निवासी सूर्यमनी देवी (60 वर्ष) की मौत हुई है। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि लू लगने के कारण दोनों महिला की तबीयत खराब हुई थी।चिंताजनक स्थिति में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किया गया था परंतु मौत हो गई। उधर रफीगंज के चरकावां नहर के पास से 65 वर्षीय चैन बिगहा गांव मो. जफर आलम बेहोशी की हालत में मिले। लू लगने के कारण बेहोश हो गए थे।

मालूम हो कि जिले में शनिवार का दिन भी बेहद गर्म रहा। पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। पूरे दिन धरती जलती रही और बदन तपता रहा। डर के मारे लोग घर से बाहर निकालने की हिम्मत नहीं जुटा रहे थे। 10 बजते-बजते सड़क सूनी हो गई थी। सुबह 8 बजे ही पारा 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया पर भी चढ़ता गया और आर्द्रता घटती गई। 9 तापमान 36 डिग्री सेल्सियस, 10 बजे 39 डिग्री सेल्सियस, 11 बजे 41 डिग्री सेल्सियस, 12 बजे 42 डिग्री सेल्सियस, 1 बजे 43 डिग्री सेल्सियस, 2 बजे 44 डिग्री सेल्सियस तथा 3 बजे 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 3 बजे के बाद पारा में गिरावट आनी शुरू हुई। 4 बजे पारा 44 डिग्री सेल्सियस तथा 5 बजे 45 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। 12 बजे के पहले तक धूप तेज थी पर आर्द्रता बने रहने के चलते लू का असर नहीं हो रहा था पर दोपहर के बाद धूप भी तेज रही और हवा भी गर्म हो गया। लू का भयंकर असर देखने को मिला। शाम ढलने तक यही स्थिति रही। शाम को भी घर से बाहर निकलने वाले लोग लू से परेशान दिखे। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अभी गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। इसी तरह सोमवार को अधिकतम 42 न्यूनतम 29, मंगलवार को अधिकतम 43 न्यूनतम 30, बुधवार व गुरुवार को अधिकतम 44 न्यूनतम 30 तथा शुक्रवार व शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

# भूमि विवाद को ले मारपीट, मां-बेटी घायल, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चरकावां टोला ढाढर में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में बसंती देवी व उनकी बेटी सोनी घायल हो गई। घायल का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायल बसंती देवी ने गांव के ही निरंजन कुमार, कमलेश यादव, सुरेश यादव, गुड्डू यादव, मनीष कुमार, कमलेश यादव की पत्नी, सुरेश यादव की पत्नी को नामजद आरोपी बनाया। उल्लेख किया कि अपने पैतृक संपत्ति जमीन में 2015 में एक कमरा निर्माण किए थे।मेरे पिता जी की मृत्यु 2022 में हो गयी थी।जिसके बाद वह खाली कमरा में निरंजन यादव बिना पुछे अपने टेंट हाउस का सामान के साथ रहने लगा। कमरा खाली करने के लिये बोले तो सभी उक्त व्यक्ति जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर गड़ासा से हमला कर दिया। जिससे मेरा सर फट गया। इसका विरोध मेरी बेटी सोनी, सुनीता, सोनाली की तो उसके ऊपर भी लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे सर फट गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जारी है।

## एक नजर

### बेहोशी के हालत में इलाज के लिए सीएचसी लाए गए वृद्ध

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड में चरकावां नहर के पास से शनिवार को 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध को पैक्स अध्यक्ष रामविनय कुमार सिंह एवं जविप्र डीलर मो. कासिम खान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने कहा की हालत चिंताजनक है। इसी बीच वृद्ध की पहचान चैन बिगहा के मो. जफर आलम के रूप में की गई। परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया और प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि वृद्ध को बेहोशी की अवस्था में लाया गया है। लू लगने से तबीयत बिगड़ी है।

### फसल चरने के विवाद को लेकर मारपीट, चार जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के श्रीडीह गांव में मूंग की फसल में बकरी घुसने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। मामला शनिवार की सुबह की है। जख्मियों में श्रीडीह निवासी सुनील भुइयां, उनकी पत्नी शांति देवी, पुत्र रंजीत कुमार एवं पुत्री पुष्पा कुमारी शामिल है। इनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। सुनील ने बताया कि गांव के ही महेन्द्र साव, शत्रुध्न साव एवं उनके परिवार के सदस्य उनके घर लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बिस्कुट के उत्पादन से कमाई के साथ लोगों को रोजगार भी

**औरंगाबाद (का.सं.)।** कर भी अच्छी कमाई की जा सकती है और अन्य लोगों को रोजगार दिया जा सकता है। मदनपुर प्रखंड के खिरियावां बाजार में वर्षों पूर्व 10 हजार रुपए की लागत से शिवशंकर सिंह बिस्किट का उत्पादन शुरू किया था, जिससे आज उन्हें भी अच्छी कमाई हो रही है और यहां 25 महिलाओं व पांच पुरुषों को रोजगार भी मिल रहा है। बताते हैं कि आरंभिक दौर में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, पर अब उनकी फैक्ट्री में बनी बिस्किट मदनपुर, खिरियावां, शिवगंज, औरंगाबाद, शेरघाटी, गढ़वा, डाल्टेनगंज आदि बाजार में बिक रहा है। उन्होंने उत्पाद की गुणवत्ता और मूल्य का ख्याल रखा है। फैक्ट्री में काम करने वाली महिलाएं व पुरुष इस कमाई से अपना घर-परिवार चला रहे हैं। बताते हैं कि बैंक से उन्होंने 10 लाख का लोन भी कराया है। इसके बाद भी पूंजी का आभाव है और परेशानी हो रही है। उनका लक्ष्य कम से कम दो सौ लोगों को रोजगार देने का है। फैक्ट्री में काम कर रही खिरियावां निवासी तबस्सुम परवीण कहती है कि वह दो सालों से काम कर रही है। मानदेय समय पर मिल जाता है जिससे बाल बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व अन्य घरेलू कार्य करती हैं। शेरघाटी निवासी सुनीता देवी, कोल्हुआ निवासी कविता देवी, खिरियावां निवासी सुनीता देवी व कलावती देवी का कहना है कि काम मिलने से भी स्वावलंबी बनी है और इससे उनके जीवन में खुशहाली आई है।

### रामजी सिंह बने एकेयू के कुलसचिव

**पटना (नि. सं.)।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी रामजी सिंह को अस्थायी कुलसचिव बनाया गया है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के सहमति मिलने के बाद उनके प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है।

### संस्कृत विश्वविद्यालय की वेतन-पेंशन राशि होगी जारी

**पटना (नि. सं.)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए वेतन और पेंशन की राशि जारी करने की कवायद शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। इसी क्रम में संस्कृत विश्वविद्यालय के बजट की स्वीकृति देने की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही वित्त विभाग से सहमति लेने के बाद विभाग राशि जारी कर सकता है। मालूम हो कि फरवरी के बाद से विश्वविद्यालयों को राशि जारी नहीं हुई है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433